www.ambikavani.com

# अम्बिकावाणी

संस्थापक : स्व. श्रीकिशन असावा एवं स्व. श्री गोपाल असावा ■ वर्ष-42 अंक-215 ■ पृष्ठ-8+4 ■ मूल्य 2.50 ■ प्रधान संपादक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, ● प्रबंध संपादक-नरेन्द्र सिंह टुटेजा

अम्बिकापुर, शुक्रवार 30 मई , 2025

**आज का विचार**

जीवन में मुस्कराना सीखना पड़ता है, रोना तो पैदा होते ही आ जाता है।



डी गुकेश ने नाकामुरा को हराया, नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में लगातार दो हार के बाद दर्ज की पहली जीत

अरविंद सिंह कल्याण समिति सदस्य,शिवाकांत मिश्रा सचिव नियुक्त

## पहला कॉलम

### भारत के सीमावर्ती राज्यों में मॉक ड्रिल हुई स्थगित, सरकार ने इस वजह से टाला ऑपरेशन शील्ड

**नई दिल्ली ,29 मई (ए)।** देश के पाकिस्तान से लगे सीमावर्ती राज्यों में आज होने वाली मॉक ड्रिल को स्थगित कर दिया है। केंद्र सरकार ने मॉक ड्रिल को प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए स्थगित करने का फैसला लिया है। नागरिक सुरक्षा अभ्यास ऑपरेशन शील्ड जिसे आज यानि २९ मई २०२५ को पाकिस्तान की सीमा से लगे राज्यों में आयोजित किया जाना था। जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान, चंडीगढ़ और हरियाणा में इसको आयोजित किया जाना था। सरकारी आदेश में कहा गया है कि यह मॉक ड्रिल को अगली सूचना तक स्थगित कर दी गई है। अगली तिथी सरकार द्वारा बाद में जारी की जाएगी।

**मॉक ड्रिल में ये चीजें थी शामिल**

च्ऑपरेशन शील्डज् के तहत होने वाली मॉकड्रिल में नागरिक सुरक्षा वॉर्डन, स्थानीय प्रशासन के कर्मचारी और हृष्टष्ट, हस्स्, हृड्डयस्, भारत स्काउट्स और गाइड्स जैसे युवा स्वयंसेवकों की भागीदारी प्रस्तावित थी। साथ ही, नागरिकों को आपातकालीन स्थितियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से भी इसे अहम माना जा रहा था, ताकि वे अलग-अलग कार्यों में नागरिक प्रशासन की मदद कर सकें।

## कुछ अलग

### फिर डराने लगा कोरोना : देशभर में अब तक 13 मौतें, एक्टिव केस भी हुए 1252; केरल-महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मामले

**नई दिल्ली ,29 मई (ए)।** देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में इस समय कोविड-19 के 1,252 एक्टिव केस हैं, जबकि संक्रमण से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। केरल में सबसे अधिक 430 मरीज कोविड पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं, महाराष्ट्र में 325 एक्टिव केस हैं, जिनमें से 316 मरीज केवल मुंबई से हैं। एक्टिव केसों के मामले में महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर है।

**उत्तर भारत में भी बढ़ रहा संक्रमण, एक की मौत**

उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति की चंडीगढ़ में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह पंजाब के लुधियाना में काम करता था और सांस लेने में तकलीफ होने पर उसे चंडीगढ़ रेफर किया गया था। जांच में उसकी रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव पाई गई। देशभर में अब तक 13 मौतें कोविड के कारण हुई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्यप्रदेश में कुल 11 मौतें दर्ज की गई हैं। 26 मई को जयपुर में दो लोगों की कोरोना से मौत हुई, जिनमें एक मृतक रेलवे स्टेशन पर मृत पाया गया था जबकि दूसरा 26 वर्षीय युवक टीबी से पीड़ित था और एक निजी अस्पताल में भर्ती था। ठाणे (महाराष्ट्र) में कोविड पॉजिटिव एक महिला और एक 21 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बेंगलुरु में 17 मई को 84 वर्षीय बुजुर्ग की मल्टी ऑर्गन फेल्योर से मौत हुई थी, जिसकी रिपोर्ट 24 मई को कोविड पॉजिटिव आई।

## खरी-खरी




# गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को साकार कर रही है छत्तीसगढ़ सरकार - साय



00 मुख्यमंत्री भैंसा में आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों से हुए रूबरू 00 विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए 10 जागरूकता रथों को दिखाई हरी झंडी 00 भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पानी टंकी, हायर सेकेंडरी स्कूल भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए दी? 3.5 करोड़ की सौगात 00 नवीन पुलिस चौकी की स्थापना की घोषणा 00 समाधान शिविर में 110 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी सौंपी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायपुर जिले के ग्राम भैंसा में आयोजित सुशासन शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देशभर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत 10 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की।

शिविर में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 110 पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपी, और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश का कोई भी गरीब परिवार कच्चे मकान में न रहे। हमारी सरकार इस संकल्प को साकार करने हेतु छत्तीसगढ़ में 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर चुकी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बचे हुए पात्र परिवारों को आवास प्लस प्लस योजना के अंतर्गत जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने आरंग विकासखंड के ग्राम भैंसा में आयोजित समाधान शिविर में आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश के हर गरीब के पास मकान होना चाहिए। आवास प्लस प्लस में सब बचे हुए पात्र लोगों को भी जोड़ा जाएगा। 70 लाख से ज्यादा माता-बहनों के खातों में महतारी वंदन का पैसा दिया जा रहा है। जिनका नाम नही जुड़ा, उनके लिए भी जल्द ही योजना में नाम जोड़ने का काम शुरू किया जाएगा। समाधान तिहार में आज ये मेरा 29 वा जिला है। मात्र 5 जिला बचा है, मैं हर जिले में जा रहा हूँ, अपने मंत्रीगणों के साथ। गांववालो से मिलकर बात होती है, सभी खुश हैं। लोग बताते हैं कि योजनाओ से मिले आर्थिक सम्बल से सबको लाभ हो रहा है। इस तिहार का आयोजन ही फीडबैक लेने के लिए है, 29 जिलों में हर रोज कही बैठक, कही चौपाल, जनता संतुष्ट है। डेढ़ साल के काम मे सब योजना जनता तक पहुँच रही, सब खुश हैं, शिविर के माध्यम से सबकी समस्या का निदान हो रहा।

आज यहां अन्नप्रासन कराया गया और गोदभराई भी की गई। 110 आवास में आज गृह प्रवेश कराया गया , 213 शौचालय की स्वीकृति हुई है। यह फायदा क्षेत्र के लोगों को हुआ है। विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हो रही है। इसमें केंद्र सरकार के वैज्ञानिक भी आएंगे और राज्य के वैज्ञानिकों के साथ दल बनाकर कार्य करेंगे, 13 लाख किसानों से आने वाले दिनों में सम्पर्क कर हम राज्य में कृषि विकास हेतु कार्य करेंगे।'प्रयोग शाला से खेत तक' विचार से प्रेरित यह अभियान हमारे किसान भाइयों को मजबूत बनाएगा। मुख्यमंत्री ने ग्राम भैंसा और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत वाले विभिन्न कार्यों की घोषणा की। इसमें ग्राम भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख रुपए, हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख रुपए, पानी टंकी एवं पाइपलाइन विस्तार हेतु 55 लाख रुपए, हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माण हेतु 50 लाख रुपए, अहाता एवं शेड निर्माण हेतु 20 लाख रुपए, ग्राम अमोड़ी में पाइपलाइन विस्तार हेतु 42 लाख रुपए, हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु 24 लाख रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त उन्होंने भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की।
मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर के दौरान विभिन्न हितग्राहियों से योजनाओं के फीडबैक भी लिए। श्रीमती चंदन ने 'महतारी वंदन योजना' के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वे इस योजना की राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई और आवश्यक जरूरतों में करती हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन तभी सार्थक होता है जब उसकी गूंज गांव-गांव और घर-घर तक सुनाई दे। आज प्रधानमंत्री आवास की चाबियाँ सिर्फ मकान की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और सुरक्षित जीवन की चाबियाँ हैं।

# कुख्यात नक्सली कुंजाम हिड़मा गिरफ्तार




**जगदलपुर।** कुख्यात नक्सली कुंजाम हिड़मा को ओडिशा पुलिस ने कोरापुट से गिरफ्तार किया है। हिड़मा पर आठ लाख का ईनाम घोषित था। बताया गया कि कोरापुट पुलिस कुंजाम हिड़मा को सुबह पकडने में सफलता पाई है। उसके पास से एक एके-47 बरामद किया है।
बता दें कि हिड़मा नाम के कई नक्सली सक्रिय हैं। एक मड़ावी हिड़मा भी है जिसकी गिनती शीर्षस्थ नक्सलियों में होती है जो कि अभी भी सुरक्षा बलों की गिरफ्त से बाहर है। कुंजाम हिड़मा उर्फ मोहन काफी सक्रिय रहा है और उसके पास एके 47 समेत कई घातक हथियार मिलना, इसकी पुष्टि करता है। यह पुलिस की बड़ी कामयाबी मानी जा रही है।
कोरापुट एसपी रोहित वर्मा ने जानकारी दी कि कुंजाम हिडमा बीजापुर जिले के उसुरु थाना क्षेत्र के जनगुड़ा गांव में माओवादी घटनाओं में शामिल रहा है। उस पर छत्तीसगढ़ सरकार ने 5 लाख और ओडिशा सरकार ने 3 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था, कुल मिलाकर वह 8 लाख का इनामी नक्सली था।
पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के दौरान बड़ी मात्रा में माओवादी सामग्री और हथियार भी बरामद किए हैं। जब्त सामानों में एक एके-47 राइफल, 35 राउंड गोलियां, 117 डेटोनेटर (इलेक्ट्रिक और नॉन-इलेक्ट्रिक), बारूद, रेडियो, चाकू और माओवादी साहित्य शामिल है।

# पीएम मोदी की पाकिस्तान को सीधी ललकार- भारत पर आतंकी हमला हुआ तो फिर घर में घुसकर मारेंगे




**अलीपुरद्वार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार का दौरा किया। यहां विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखने के बाद जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के हालात के लिए मौजूदा टीएमसी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर पाकिस्तान को भी आईना दिखाया। पढ़िए पीएम मोदी के संबोधन की बड़ी बातें।
पीएम मोदी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद अब भारत ने दुनिया को बता दिया है कि अगर अब भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो दुश्मन को उसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान समझ ले, तीन बार घर में घुसकर मारा है तुम्हें। आतंक को पालने वाले पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। जब से वे अस्तित्व में आए हैं, तब से ही उसने सिर्फ आतंक को पाला है। १९४७ में बंटवारे के बाद से ही उसने भारत पर आतंकी हमला किया। कुछ सालों के बाद उसने यहां पड़ोस में, आज के बांग्लादेश में जो आतंक फैलाया।

# नक्सलियों ने लूटी 5000 किलो विस्फोटक से भरी वाहन, ओडिशा -छत्तीसगढ़ में अलर्ट जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और ओडिशा सीमा पर नक्सलियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए विस्फोटकों से भरी वैन को लूट लिया है। वैन में करीब 5000 किलोग्राम बारूद जो 25-25 किलो के 200 पैकेट में भरा हुआ है । यह विस्फोटक झारखंड सीमा से लगे ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले स्थित बैंग पत्थर खदान में भेजा जा रहा था। 20 से 30 की संख्या में भारी हथियारों से लैस नक्सली मौके पर पहुंचे और वैन को घेर लिया और वहां चालक को अगवा कर विस्फोटक को जंगल की ओर ले गए। इस घटना के बाद ओडिशा और छत्तीसगढ़ में सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि लूटे गए इस बारुक से लगभग 200 एसयूवी या 100 बख्तरबंद वाहन उड़ाए जा सकते हैं।

# पीओके कहेगा, मैं भारत हूं, पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं : राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली ,29 मई (ए)।** पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आतंकवाद का कारोबार चलाना 'कॉस्ट इफेक्टिव' नहीं है, बल्कि इसकी एक भारी कीमत अदा करनी पड़ सकती है, इसका अंदाजा आज पाकिस्तान को हो चुका है। रक्षा मंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में, पूरे देश की जनता ने मेक इन इंडिया अभियान की सफलता को देखा, समझा और महसूस किया है। आज यह साबित हो चुका है कि मेक इन इंडिया भारत की सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए जरूरी है। भारत एक तरफ आर्थिक सफलता की सीढि?ं पर तेजी से बढ़ते हुए आज, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, और जल्द ही यह तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में नजर आएगा। रक्षा मंत्री गुरुवार को दिल्ली में सीआईआई की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने कहा, मैं मानता हूँ कि पाक अधिकृत कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं। हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें यह पूर्ण विश्वास है कि हमारे वो भाई जो आज हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हैं, वे भी अपने स्वाभिमान, आत्मा की आवाज और स्वेच्छा से भारत की मुख्य धारा में कभी न कभी जरूर लौटेंगे। वहां के अधिकांश लोग भारत के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करते हैं, कुछ गिने-चुने ही हैं, जिन्हें भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे इन भाइयों की स्थिति कुछ ऐसे ही है, जैसे वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। छोटे भाई शक्ति सिंह के अलग हो जाने पर भी बड़े भाई महाराणा प्रताप का विश्वास अपने छोटे भाई के प्रति बना रहता है और वो बड़े विश्वास से कहते हैं- 'तब कुपंथ को छोड़ सुपथ पर स्वयं चला आएगा। मेरा ही भाई है, मुझसे दूर कहां जाएगा।
रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत हमेशा ही दिलों को जोड? की बात करता है, और हमें विश्वास है कि प्रेम, एकता और सत्य के मार्ग पर चलकर वो दिन दूर नहीं जब हमारा ही अंग पीओके स्वयं लौटकर कहेगा, मैं भारत ही हूं, मैं वापस आया हूं। पीओके की भारत से एकजुटता इस देश की सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक समृद्धि पर निर्भर करती है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आपने देखा कि किस तरह, हमने पहले आतंकी ठिकानों को, और उसके बाद दुश्मन के सैन्य अड्डों, एयरबेस को तबाह किया। हम और भी बहुत कुछ कर सकते थे, परंतु शक्ति और संयम, इन दोनों के समन्वय का, हमने दुनिया के सामने एक शानदार उदाहरण पेश किया। आत्मनिर्भरता के बैनर के तले हम आज क्रिटिकल और फ्रंटियर टेक्नोलॉजी पर भी, लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, अनमैन सिस्टम और अंतरिक्ष आधारित सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की पकड़ अब वैश्विक मंच पर मजबूती से स्थापित हो रही है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में मेक इन इंडिया, एक अनिवार्य तत्व है। यदि हमारे पास यह क्षमता नहीं होती तो भारत की सेनाएं, पाकिस्तान के निचले हिस्से से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर तक, आतंकवाद के खिलाफ इतनी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पातीं। उन्होंने बताया कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए अभी दो दिन पहले ही 5वीं जनरेशन के फाइटर एयरक्राफ्ट 'ऐमका प्रोजेक्टइ के प्रोटोटाइप मॉडल को बनाने की मंजूरी दे दी है। यह एक बहुत ही बोल्ड और निर्णायक कदम है, जो भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ इस देश में एयरोस्पेस सेक्टर को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा।
ऐमका प्रोजेक्ट के अंतर्गत पांच प्रोटोटाइप विकसित करने की योजना है, जिसका बाद में सीरीज प्रोडक्शन होगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय मेक इन इंडिया प्रोग्राम के इतिहास में एक मील का पत्थर माना जाना चाहिए क्योंकि पहली बार किसी मेगा डिफेंस प्रोजेक्ट में पब्लिक सेक्टर कंपनियों के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर को भी भागीदारी करने का मौका मिलेगा।
रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हम सिर्फ लड़ाकू विमान या मिसाइल सिस्टम नहीं बना रहे हैं, बल्कि हम न्यू ऐज वॉरफेयर टेक्नोलॉजी के लिए भी तैयार हो रहे हैं।



# दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार



**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** दुष्कर्म के आरोपी को सीतापुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने बताया कि पीड़िता २१ मई को थाना सीतापुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि पीड़िता का जान परिचय वर्ष २०२२ मे ग्राम मुरता थाना सीतापुर निवासी उनेश केरकेट्टा से हुआ था। जानपहचान के बाद बातचीत होती थी। घटना दिनांक २२ मई कों आरोपी उनेश केरकेट्टा पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना सीतापुर मे आरोपी के विरुद्ध धारा ६९ बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।
दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम उनेश केरकेट्टा आत्मज द्वारिका केरकेट्टा उम्र २४ वर्ष निवासी मुरता थाना सीतापुर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे आरोपी कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं। सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सीतापुर निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, सहायक उप निरीक्षक शशि प्रभा दास, प्रधान आरक्षक रामबचन, आरक्षक दिलबोधन, सेवक, पुरेंदर पैकरा, सैनिक रमेश अगरिया सक्रिय रहे।

## नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान जवाहरनगर के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर ने जानकारी दी है कि विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत नवीन ग्राम पंचायत जवाहरनगर का सृजन किया है। जिसके शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु संस्था/स्व-सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक संस्था जो शासकीय उचित मूल्य दुकान जवाहरनगर का संचालन करना चाहती है वे निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन ०९ जून २०२५ तक कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बलरामपुर में कार्यालयीन समय तक आवेदन जमा कर सकते हैं।



# रेहड़ा, रनहत, मदगुरी एवं नगरपालिका रामानुजगंज में समाधान शिविर का आयोजन

**बलरामपुर, (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिले में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के नेतृत्व में सुशासन तिहार अंतर्गत आमजनों से प्राप्त शिकायतों एवं मांग के संबंध में प्राप्त आवेदनों का गुणवतापूर्ण निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला तन्मयता से कार्य कर रहा है। जिसके निराकरण की जानकारी समाधान शिविरों के माध्यम से आमजनों को दी जा रही है। इसी कड़ी में आज विकासखण्ड शंकरगढ़ के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रेहड़ा प्रांगड़, बलरामपुर के अंतर्गत पंचायत भवन रनहत, कुसमी के पंचायत भवन मदगुरी एवं नगरपालिका क्षेत्र रामानुजगंज लरंगसाय टॉउन हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।



समाधान शिविर में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शिविरों में पहुंचे। जहां संबंधित विभागों के द्वारा निराकरण की जानकारी दी गई।

शिविर में सभी विभागों के द्वारा स्टॉल भी लगाया गया, जहां आमनागरिक अपनी समस्या अनुसार संबंधित स्टॉल में पहुंचकर समाधान की जानकारी प्राप्त किए। साथ ही विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शिविर में पंजीयन काउंटर के माध्यम से नये आवेदन भी लिए लिए गए प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासंभव समाधान भी किया गया। शेष आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

रेहड़ा समाधान शिविर में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा शामिल हुई। संबंधित क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी समाधान शिविरों में पहुंच आमजनों की समस्याओं के निराकरण की जानकारी ले रहे हैं। साथ ही ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आमजनों से समाधान शिविर में भागीदारी दिखाते हुए अपनी समस्याओं का समाधान के साथ जनहितैषी योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत रनहत समाधान शिविर में देवी अहिल्या बाई होल्कर जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छाग्राही दीदीयों को उपहार भेंट किया गया। साथ ही पानी बचाओ संकल्प शपथ कार्यक्रम मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन, अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। मदगुरी समाधान शिविर में ०९ गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की रस्म कर पोषण आहार किट भेंट किया गया।

समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहीमूलक सामग्री राशन कार्ड-३६, आधार कार्ड-०५, जॉब कार्ड-१५, लखपति दीदी प्रमाण पत्र-०८, वय वंदन कार्ड-०५, मच्छरदानी-०८, टीबी मरीजों को किट-०२, नोनी सुरक्षा प्रमाण पत्र-१०, १०वीं एवं १२वीं कक्षा में अच्छे नंबर से उत्तीर्ण हुए ०२ विद्यार्थियों को पुरस्कार, श्रम कार्ड-०४, सहित प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ०७ हितग्राहियों को चाबी सौंपी गई। मदगुरी में १२७५६ आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से १२७३३ आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार शिविर अंतर्गत रेहड़ा में ८५२ आवेदन, रनहत में १०७२ आवेदन एवं नगरपालिका रामानुजगंज में ६१५ आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसका शत प्रतिशत निराकरण किया गया।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार अंतर्गत तीसरे चरण में ३१ मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले में ३० मई को विकासखंड रामचन्द्रपुर के अंतर्गत हाई स्कूल मैदान जामवंतपुर, वाड्रफनगर अंतर्गत पंचायत भवन के पास चलगली में तथा ३१ मई को विकासखण्ड कुसमी के अंतर्गत स्कूल खेल मैदान श्रीकोट में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# स्नान के दौरान एनीकट में डूबे दोनों किशोर के शव को रेस्क्यू टीम ने दूसरे दिवस किया बरामद

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
बुधवार के दोपहर ग्राम पंचायत रामनगर के मोहरा एनीकट में दोस्तो के साथ स्नान करने पहुंचे दो किशोरो की डूबने से मौत हो गई ,पहले दिन जिले के डीडीआरएफ टीम के गोताखोरों ने दोनों किशोर के शव को बरामद करने काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली रात हो जाने सुरक्षगत कारणों से तलाशी अभियान रोकना पड़ा गुरुवार के सुबह पुनः तलाशी अभियान शुरू की गई जिसके बाद एक एक कर दोनों शवों को बरामद कर लिया गया। सूरजपुर भट्टापारा निवासी १५ वर्षीय अविनाश देवांगन और भानु निषाद १५ वर्ष जो अपने



दोस्तों के साथ गर्मी की छुट्टियों का आनंद लेने रामनगर गांव से प्रवाहित रेंड नदी में बने मोहरा एनीकट में स्नान करने पहुंचे थे सभी दोस्त एनीकट में उतर स्नान कर रहे थे तभी अविनाश देवांगन पिता सुशील उर्फ बबलू देवांगन और भानु निषाद पिता कन्हैया निषाद दोनों अचानक डूबने लगे और देखते देखते दोस्तो के आंखों से अचानक ओझल हो गए । उनके दोस्तों ने शोर मचा कर मदद के लिए पुकारा भी पर जब तक कोई आता तब तक दोनों बच्चों की सांसें पानी की गहराइयों में दम तोड़ चुकी थीं। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देर शाम तक तलाश जारी रही, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया। अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन रोकना पड़ा। गुरुवार की सुबह एक नई उम्मीद के साथ रेस्क्यू शुरू हुआ।

सूरजपुर की डीडीआरएफ टीम जिला सेनानी संजय गुप्ता के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंची। टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता की अगुआई में बृज बिहारी, कृष्ण सिंह, धनसाय, नेमसाय, तुलेश्वर, शिव प्रताप मार्को, देवनारायण, शिवनारायण, विदेश, त्रिनेत्र सिंह समेत पूरी टीम ने जी-जान लगाकर तलाशी अभियान चलाया। सुबह करीब साढ़े आठ बजे पहला शव अविनाश का पानी से बाहर निकाला गया। अपराह्न तीन बजे दोपहर भानु निषाद का शव भी बरामद कर लिया गया। पीएम पश्चात दोनों शवों को परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया , जहां गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। रेस्क्यू के दौरान बिश्रामपुर और सूरजपुर क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या पहुंचे हुए थे। इस हादसे यह घटना समाज को यह याद दिलाने के लिए पर्याप्त है कि गर्मियों के मौसम में जलस्रोतों के पास बच्चों की निगरानी करना कितना जरूरी है। पानी जितना राहत देता है, उतना ही खतरनाक भी हो सकता है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर बांटी दवाईयां , शिवानी महिला समिति की पहल

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के निदेर्शानुसार शिवानी महिला समिति बिश्रामपुर द्वारा बुधवार २८ मई को खदान प्रभावित ग्राम कुम्दा बस्ती बिश्रामपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।
शिविर में गांव के सभी वर्ग के पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण केंद्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू एस बैठा एवं उनकी चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। साथ ही, टीम के साथ आई डॉ. सुश्री श्रीतालाल ने बालिकाओं, किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म (महावारी) के दौरान स्वच्छता के महत्व एवं स्वच्छता उत्पादों जैसे सैनिटरी नैपकिन, फेमिनिन वॉश आदि के उचित उपयोग पर जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस




दौरान पौष्टिक आहार की भूमिका और महिलाओं में मृत्यु दर का दूसरा प्रमुख कारण सर्वाइकल कैंसर एवं उससे बचाव हेतु टीकाकरण की जानकारी भी साझा की। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत सभी लाभार्थियों को आवश्यक दवाएं जैसे आयरन, मल्टीविटामिन, कैल्शियम और विटामिन डी वितरित की गई। साथ ही लगभग ६५ महिलाओं और बालिकाओं को सैनिटरी पैड्स और स्वस्थ आहार पैकेट्स फ्रूटी पेय वितरित किए गए और कार्यक्रम के समापन पर सभी को स्वल्पाहार भी कराया गया। इस अवसर पर शिवानी महिला समिति बिश्रामपुर क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती अल्पना सिंह एवं समिति की सदस्याएं अर्चना झा,सुनीता कुमार,पुष्पा खन्ना,अनीता भील,महिमा सिंह,राज श्री नारायण,अनीता लाल,सीमा जयसवाल,इंदु ठाकुर,पूनम प्रसाद सहित स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# अरविंद सिंह कल्याण समिति सदस्य,शिवाकांत मिश्रा सचिव नियुक्त

**बिश्रामपुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बिश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह को दो अलग अलग पत्र लिखकर संगठन में नए नियुक्ति की जानकारी प्रेषित की है ।महाप्रबंधक को प्रेषित पत्र में संगठन के अरविंद सिंह फोरमैन इंचार्ज फिल्टर प्लांट बिश्रामपुर को प्रेमचंद सिंह के स्थान क्षेत्रीय कल्याण समिति का सदस्य नामित किया है ।अरविंद सिंह वर्तमान में संगठन में उपमहांत्री सहित खजांची का दायित्व संभाल रहे हैं।

वही महाप्रबंधक को लिखे गए एक अन्य पत्र में देवेंद्र मिश्रा ने अमेरा खदान के ओवर मैन शिवाकांत मिश्रा को क्षेत्रीय समिति में सचिव एवं संयुक्त सलाहकार समिति में एचएमएस का वैकल्पिक सदस्य मनोनीत किए जाने की जानकारी प्रेषित की है।
बता दें कि अभी कुछ माह पहले एचएमएस महामंत्री ने शिवाकांत मिश्रा की संगठन की प्राथमिक सदस्यता छीन उन्हें संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया था लेकिन अब पुनः संगठन में शिवाकांत की वापसी नए दायित्व के साथ होने से संगठन के ही लोग हैरान हैं ।

# यूथ फॉर डेवलेपमेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम की जिले में हुई शुरूआत

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
जिला पंचायत सरगुजा एवं मुहिम फाउण्डेशन फॉर पार्टीसिपेटरी एक्शन एण्ड ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा युवाओं के उन्मुखीकरण के लिए च्यूथ फोर डेवलेपमेंट इंटर्नशिप कार्यक्रमच्च की शुरूआत की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर कॉलेज के छात्रों को सुशासन और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से शामिल करना है। कार्यक्रम का आयोजन ०६ जून २०२५ तक किया जाएगा। इसके सम्बन्ध जिला पंचायत सभाकक्ष में इंटर्नशिप हेतु विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े कॉलेज के चिन्हांकित १८ युवाओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया।




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल ने अपने लक्ष्यों को समर्पण एवं जुनून के साथ हासिल करने युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने शासन की प्रणाली और सामुदायिक परिवर्तन में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर बल दिया। इस दौरान युवाओं को पंचायत राज, पीएमएवाई-ग्रामीण, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम और पीएम जनमन जैसे प्रमुख कार्यक्रमों के अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने छात्रों से संवाद किया और योजनाओं की जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन प्रक्रिया से अवगत कराया। इस दौरान उपस्थित राजीव गांधी पी.जी. कॉलेज से प्रोफेसर डॉ अनिल सिन्हा, प्रोफेसर डॉ दीपक सिंह तथा मुहिम फाउंडेशन से श्री ऋषिकेश ठाकुर उपस्थित थे।

बता दें दो सप्ताह के इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए राजीव गांधी पी.जी. कॉलेज के कुल १८ छात्रों का चयन किया गया है, जिनमें १४ छात्राएं और ४ छात्र शामिल हैं।ये युवा गांव-गांव पहुंचकर लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ इसका लाभ लेने प्रेरित कर रहे हैं। यह कार्यक्रम युवाओं को जिला पंचायत की कार्यप्रणाली को समझने, सार्वजनिक सेवाओं की संरचना और उनके वितरण की प्रक्रिया को जानने तथा अपने समुदायों के विकास में सार्थक योगदान देने का अवसर प्रदान करेगा।

# हमर गांव हमर पानी महाअभियान अंतर्गत बैठक आयोजित

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
हमर गांव हमर पानी महाअभियान अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में कृषि,उद्यानिकी,मत्स्य, वन, जल संसाधन,एवं पशु विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी विभागों को अभिसरण के साथ आगे की रणनीति बनाने पर चर्चा की गई ।बैठक में महाअभियान के संबंध में सभी विभागों की भूमिका, क्रियान्वयन कर लाभ लिया जाएगा इसके संबंध में जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल द्वारा विस्तृत निर्देश दिए गए। जन जागरूकता को लेकर प्रचार प्रसार एवं कार्यो से संबंधित सभी कार्य योजनाओं पर जानकारी दी गई। सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल द्वारा निर्देशित किया गया कि अभियान के तहत रिज टू वैली अंतर्गत सभी को कार्य योजना बनानी है कार्य योजना ऐसी बनाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा जल संवर्धन एवं जल संरक्षण किया जा सके एवं इसके तहत २ जून से ७ जून तक सभी जनपद पंचायतों मे होने वाले क्लस्टर वाइस प्रशिक्षण में सभी की भागीदारी के साथ प्रभावी प्रशिक्षण होना चाहिए तथा इसमें सभी जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सम्मिलित होना सुनिश्चित करें ।बैठक मे विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यो के संबंध में बताया गया ।जिले के बी आर एल एफ योजना के तहत कार्य करने वाले सी एसओ चौपाल ग्राम विकास संस्थान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा हाई इंपैक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना फेस २ के बारे में किए जाने वाले कार्यो के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया गया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत, जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री धीरज सिंहदेव, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा, जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि समिति अध्यक्ष श्री बद्री यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधि के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ के द्वारा ग्रामों में कृषकों को विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी प्रदान किया जाएगा। इस दौरान उपसंचालक कृषि श्री रामचंद्र भगत सहायक संचालक कृषि श्री नरसिंह भगत अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्री रॉबिंसन सुधीर कुजूर सहायक संचालक उद्यान श्री कमलेश साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।
इस संबंध में कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार की सहभागिता से २९ मई २०२५ से १२ जून २०२५ तक विकसित कृषि संकल्प अभियान के द्वारा खरीफ पूर्व राष्ट्रव्यापी अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रमुख खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों को जागरूक किया जाएगा। साथ ही कृषकों के मध्य विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा। मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसा के आधार पर उर्वक तथा सूक्ष्म तत्वों की आवश्यक मात्रा के निर्धारण हेतु कृषकों को जागरूक करते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा तथा कृषकों से प्राप्त सुझाव एवं समस्याओं तथा कृषकों द्वारा किये गए नवाचारों के संबंध में जानकारियों का संकलन के आधार पर आवश्यक अनुसंधान प्राथमिकताओं का निर्धारण किया जाएगा। जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में दल का गठन एवं रूट चार्ट बनाया गया है। जिसके आधार प ा र कृषि/उद्यानिकी/पशुपालन/मछली पालन विभागों के मैदानी अमलों को समाहित करते हुए तीन-तीन दल का गठन किया गया है।

दल का किया गया है गठन
विकसित कृषि संकल्प अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विकासखण्डवार दल का गठन किया गया है। जिसके अंतर्गत दल क्रमांक १ में विकाखण्ड शंकरगढ़



एवं कुसमी के लिए कृषि वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री उमाकांत सिंह, श्री रिझन एक्का, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री नारायण साहू, श्री दुर्गा प्रसाद मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ. कुसुमलता श्याम, डॉ. सालिन्ता मीनू एक्का, मत्स्य निरीक्षक श्री रोहित पैकरा को शामिल किया गया है। इसी प्रकार दल क्रमांक २ में विकाखण्ड वाड्रफनगर एवं रामानुजगंज के लिए कृषि अभियंत्री डॉ. गौरव कुमार निगम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री संजय कुशवाहा, श्री राजकुमार गुप्ता, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री जगजीत कुमार खलखो, श्री अवतार खाखा, पशु चिकित्सक डॉ. देवेन्द्र यादव, डॉ. एसएस सेंगर, मत्स्य निरीक्षक श्री शशांक अनंत तथा दल क्रमांक ३ में विकाखण्ड बलरामपुर एवं राजपुर के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र से श्रीमती आरती कुजूर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री एस.आर. बेक, श्री आशिष कुमार सिन्हा, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी श्री पालिस राम, श्री अमन कुमार गुप्ता, पशु चिकित्सक डॉ. ममता निकुंज, डॉ. आर.एल. राम को शामिल किया गया है।

रूट चार्ट का किया गया निर्धारण
अभियान के तहत रूट चार्ट का निर्धारण किया गया है, जिसके अंतर्गत विकासखण्डवार गठित दल ग्रामों जाकर कृषकों विकसित कृषि संकल्प अभियान की जानकारी प्रदान करेंगे। विकासखण्ड शंकरगढ़ में २९ मई २०२५ को रेहड़ा एवं डीपाडीहकला, ३० मई को दुगार्पुर एवं उमको, ३१ मई को कमारी एवं डीपाडीहखुर्द, ०२ जून को मानपुर एवं मनोहरपुर, ०३ जून को भरतपुर एवं जोकापाठ, ०४ जून को महुआडीह एवं जमड़ी में गठित दल के द्वारा प्रचार रथ के माध्यम से जानकारी प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड कुसमी में ०५ जून को ग्राम चांदो एवं कंदरी, ०६ जून को सबाग एवं डूमरखोली, ०७ जून को सामरी एवं टाटीझरिया, ०९ जून को कुसमी एवं करकली, १० जून को मदगुरी एवं नटवरनगर, ११ जून को कोरंधा एवं जवाहरनगर तथा १२ जून को नीलकंठपुर एवं भुलसीकला तथा विकासखण्ड वाड्रफनगर में २९ मई २०२५ को वाड्रफनगर व मुरकौल, ३० मई को चलगली एवं बरतीकला, ३१ मई को बसंतपुर एवं पण्डरी, ०२ जून को बलंगी एवं गुडरू, ०३ जून को विरेन्द्रनगर एवं सुलसुली, ०४ जून को रघुनाथनगर एवं सरना, ०५ जून को रामनगर एवं नवगई, ०६ जून को बड़कागांव एवं भगवानपुर, विकासखण्ड रामचन्द्रपुर में ०७ जून को कामेश्वरनगर एवं डिंडो, ०९ जून को रामचन्द्रपुर एवं दोलंगी, १० जून त्रिकुण्डा एवं महाविरगंज, ११ जून विजयनगर एवं देवीगंज तथा १२ जून को भंवरमाल एवं रामानुजगंज, विकासखण्ड बलरामपुर में २९ मई को रनहत एवं कपिलदेवपुर, ३० मई को बलरामपुर एवं जमुआंटाड, ३१ मई को महाराजगंज एवं जरहाडीह, ०२ जून को बादा एवं दलधोवा, ०३ जून को तातापानी एवं सेमली, ०४ जून को झलरिया एवं डौरा, ०५ जून को खटवाबरदर, एवं पस्ता, ०६ जून को बरदर एवं जाबर विकासखण्ड राजपुर में ०७ जून को जिगड़ी एवं सेवारी, ०९ जून को गोपालपुर एवं भेण्डरी, १० जून को बरियों एवं सिधमा, ११ जून को परसागुड़ी एवं धंधापुर, १२ जून को डीगनगर एवं राजपुर में गठित दल के द्वारा प्रचार रथ के द्वारा जानकारी प्रदान किया जाएगा।

छोटी खबरें

## सुशासन तिहार के तहत सोहागपुर में समाधान शिविर का हुआ आयोजन, ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

**कोरबा अम्बिकावाणी**- राज्य शासन के निदेर्शानुसार सुशासन तिहार के तहत आज जनपद पंचायत करतला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राप्त सभी ५७०८ आवेदनों के निराकरण किये जाने की जानकारी दी गई, शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० पवन सिंह, जनपद पंचायत करतला अध्यक्ष श्रीमती अशोक बाई कंवर, उपाध्यक्ष श्री मनोज कुमार झा एवं सदस्य गण, नोडल अधिकारी श्री सरोज महिलांगे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा, श्री अभिजीत राजभानू तहसीलदार बरपाली, सरपंच सोहागपुर श्री विजय सिंह कंवर तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलन कर, राज्यगीत के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष डॉ० पवन सिंह जिला पंचायत के द्वारा शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं का मौके पर तत्काल निराकरण किया जा रहा है, उनके द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए दुर्घटनाग्रस्त हितग्राहियों के लिए १.५० लाख तक मुफ्त ईलाज की योजना के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही उनके द्वारा ग्राम पंचायत सोहागपुर के जनता के लिए स्ट्रीट लाईट लगवाने की बात कही गई। जनपद पंचायत अध्यक्ष अशोक बाई कंवर ने शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं का मौके पर तत्काल निराकरण किया जा रहा है. वैभव कुमार कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करतला द्वारा सुशासन तिहार के सभी चरणों की जानकारी देते हुए बताया गया कि कुल ५७०८ आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से ५६६१ मांग और ४७ शिकायतें प्राप्त हुए। प्राप्त सभी ५७०८ आवेदनों का निराकरण किया गया। सोहागपुर सेक्टर अंतर्गत के १५ ग्राम पंचायतों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में शिविर में आमजन के समक्ष संबंधित विभाग द्वारा अवगत कराया गया। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा शिविर में उपस्थित हितग्राहियों को सामग्री, प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया - शिविर में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत ५० हितग्राहियों को जॉब कार्ड वितरित किए गए। खाद्य विभाग के द्वारा ११ हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए। प्रधानमंत्री आवास शाखा ने ०४ हितग्राहियों को आवास की चाबी वितरित की। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ०५ ग्राम पंचायत को टी.बी.मुक्त घोषित किया गया।खेल विभाग ने ०१ ग्राम पंचायत को फुटबाल किट वितरण किया। सीईओ जनपद पंचायत करतला के द्वारा उपस्थित सभी अतिथि, नागरिकगण एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को आभार व्यक्त किया गया।

## पोखरी में गिरे हिरण को ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ा




**सूरजपुर**। ग्राम देवीपुर में झंडा बर के पास बने पोखरी में गिरे एक हिरन को ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ दिया है।बताया गया है कि आज तड़के जंगल की ओर से भटक कर एक हिरन देवीपुर में आ गया था।जिसे कुत्ते दौड़ने लगे इसी दौरान हिरन झंडा बर के पास किसान द्वारा बनाये गए पोखरी में गिर गया।इसकी जानकारी लगने के बाद वहां के ग्रामीणों ने गोंगपा नेता जयनाथ केराम की अगुवाई में पोखरी से सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ दिया है।इस दौरान वन विभाग व पुलिस की टीम भी वहां पहुँची थी।

# बालको ने प्रोजेक्ट नयी किरण के माध्यम से 85,000 लोगों के जीवन को संवारा



**कोरबा अम्बिकावाणी** - वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अपनी प्रमुख सामुदायिक परियोजना च्नयी किरणज के माध्यम से ८५,००० से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। इस पहल के अंतर्गत कंपनी ने कोरबा, छत्तीसगढ़ के ४५ गांवों में माहवारी से जुड़े मिथकों को तोड़ते हुए, खुली बातचीत को बढ़ावा तथा सतत माहवारी स्वच्छता प्रथाओं को अपनाने की दिशा में प्रयास किए। प्रोजेक्ट नयी किरण का उद्देश्य माहवारी से जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रहों को जड़ से समाप्त करना है। यह पहल लोगों को माहवारी स्वच्छता पर सही जानकारी और माहवारी संसाधन से सशक्त बना रहा है। परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से समुदाय को सतत एवं सुरक्षित माहवारी स्वच्छता पर जागरूक किया है। बालको द्वारा इस परियोजना के तहत विभिन्न कार्यक्रम संचालित की गई हैं। इसमें अग्रिम पंक्ति के कार्यकताओं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और किशोरों को प्रशिक्षित करना, जिससे वे परिवर्तन के वाहक बन सकें। साथ ही ५० प्रतिशत सरकारी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को च्माहवारी स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम)ज अनुकूल बनाया गया है, जहां किशोरावस्था और यौवनावस्था से संबंधित नियमित सत्र आयोजित किए जाते हैं। लगभग ७०० सामुदायिक सदस्यों को एमएचएम साथी के रूप में प्रशिक्षित किया गया है, जो अपने समुदाय में जागरूकता फैलाने और सकारात्मक परिवर्तन लाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम समुदाय की समग्र भलाई को अपने विकास कार्य के केंद्र में रखते हैं। चाहे वह डोर-टू-डोर स्वास्थ्य सेवा, प्रशिक्षण सत्र या अत्याधुनिक अस्पताल हो हमारा लक्ष्य एक ऐसा वातावरण बनाना है जहाँ स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। जागरूकता से ही सशक्तिकरण की शुरूआत होती है और हमें इस बदलाव को हर स्तर पर निरंतर रूप से आगे बढ़ाने पर गर्व है। सरकारी स्कूल की अध्यापिका दीप्ति सिंह बताया कि एमएचएम साथी बनने का अनुभव शिक्षकों के साथ-साथ छात्रों के लिए लिए अत्यंत परिवर्तनकारी रहा है। कभी जो विषय चुप्पी और गलतफहमियों से घिरा था, आज हमारे स्कूल को एक एमएचएम फ्रेंडली स्कूल के रूप में पहचान मिली है। यहाँ किशोरियाँ अब सुरक्षित, जागरूक और आत्मविश्वास से भरपूर महसूस करती हैं। नयी किरणके माध्यम से हम बच्चों को न केवल शिक्षा में बल्कि गरिमा के साथ जीवन जीने में भी सहयोग कर पा रहे हैं।

बालको ने वर्षो से व्यवहार परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित की हैं। कंपनी ने सामुदायिक सत्र के माध्यम से इंटरएक्टिव सेशन जैसे 'चाय पे चर्चा' और 'रात्रि चौपाल' आयोजित की। साथ ही 'माँ बेटी- सास बहू सम्मेलन' आयोजित किया, जो माहवारी के बारे में पीढ़ी दर पीढ़ी संवाद को प्रोत्साहित करता है। कंपनी ने 'सेफ स्पेस कैंपेन' लॉन्च किया, जिसमें स्थानीय क्लीनिक, दुकान और स्कूल को निर्णय-मुक्त क्षेत्र के रूप में पहचानने का काम किया। बालको ने 'सपोर्टिंग ग्रीन पीरियड्स' नामक एक कर्मचारी स्वंयसेवी कार्यक्रम भी शुरू किया, जिसके तहत महिलाओं को पुनः उपयोगी कपड़े के पैड बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसके साथ ही बालको ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई जानकारी, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री और टेराकोटा से बने शारीरिक संरचना के मॉडल वितरित किए। इस पहल को कई प्रतिष्ठित संस्थानों से सराहना मिली है। हाल ही में एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने बालको को "माहवारी स्वच्छता में अधिकतम प्रभाव डालने वाली सीएसआर पहल - कॉर्पोरेट और पीएसयू श्रेणी" में एसोचैम पुरस्कार २०२४ से सम्मानित किया है। २०१९ में शुरू हुई च्नयी किरणज का उद्देश्य माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों एवं मिथकों को तोड़ना, सतत स्वच्छता विकल्प के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित प्रजनन स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण देना है। अब तक इस परियोजना के माध्यम से ४५ गांवों में ८५,००० से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है और ७०० से अधिक समुदाय सदस्यों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है जो अपने समुदाय में परिवर्तन के अग्रदूत बन सके हैं। इस कार्यक्रम में किशोर लड़के-लड़कियां, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाएं और आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता शामिल हैं।

## कोरबा पंचायतों में कचरा शेड बने भ्रष्टाचार की मिसाल, करोड़ों की योजनाएं धूल फांक रही हैं





**कोरबा अम्बिकावाणी** - कोरबा जिले की कई पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों रुपये की लागत से कचरा शेड (वेस्ट मैनेजमेंट शेड) बनाए गए हैं। लेकिन इनकी वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। अधिकांश कचरा शेड या तो अधूरे हैं, जर्जर हो चुके हैं या तालेबंद पड़े हैं।

कई पंचायतों में इन शेड्स का कोई उपयोग नहीं हो रहा, जिससे स्पष्ट है कि शासन द्वारा स्वच्छता के लिए जारी राशि का दुरुपयोग और भारी लापरवाही हुई है। जमीनी स्तर पर जांच करने पर सामने आया कि कई कचरा शेड निर्माण के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की गई। कुछ जगहों पर निर्माण कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया, तो कुछ पंचायतों में शेड बनाकर उसे ताले में बंद कर दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो यहां कचरे का संग्रहण होता है और न ही कोई ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था है। जनपद स्तर के जिम्मेदार विभाग इस अनियमितता पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद न तो इन शेड की मरम्मत हो रही है और न ही इनका उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे न केवल स्वच्छ भारत मिशन की साख पर असर पड़ रहा है, बल्कि शासन की करोड़ों रुपये की राशि भी व्यर्थ जा रही है। लोगों के मानना है कि यदि समय रहते इन शेड का सही उपयोग नहीं हुआ, तो यह योजनाएं केवल भ्रष्टाचार का प्रतीक बनकर रह जाएंगी। शासन-प्रशासन को चाहिए कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा न हो।

## आठ पंचायत सचिवों के वेतन आहरण पर लगी रोक, प्रधानमंत्री आवास योजना में न्यून प्रगति पर हुई कार्यवाही

**कोरबा अम्बिकावाणी** - प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने पर जनपद पंचायत करतला अंतर्गत ८ ग्राम पंचायत सचिवों के मई माह का वेतन रोक दिया गया है। यह कार्यवाही जिला पंचायत कोरबा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा की गई है। सीईओ ने विगत दिवस जनपद पंचायत करतला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में ग्राम सचिवों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान १५ प्रतिशत से भी कम प्रगति दर्ज करने वाले सचिवों पर नाराजगी जाहिर की गई। सीईओ ने उपसंचालक पंचायत को पत्र जारी कर संबंधित सचिवों के माह मई २०२५ के वेतन आहरण पर रोक लगाने और कार्रवाई की सूचना शीघ्र भेजने के निर्देश दिए हैं। वेतन आहरण पर रोक लगाए गए सचिवों में पुरुषोत्तम राठिया ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत बांधापाली, कुलदीप कुमार ग्राम पंचायत खुंटाकुड़ा मोहम्मद शरीफ ग्राम पंचायत मुकुंदपुर, सिया राम यादव ग्राम पंचायत बोतली, हरिशंकर पटेल ग्राम पंचायत पठियापाली, किशोर कुमार राठिया ग्राम पंचायत करतला, रूप सिंह पटेल ग्राम पंचायत डोंगाआमा शामिल हैं। सीईओ ने स्पष्ट किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर पात्र ग्रामीण को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना की प्रगति में शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्यान्वयन में गति लाएं और जवाबदेही तय करें।

## आवास योजना में देरी पर सचिवों का वेतन रोका, उठी नाराजगी की आवाज, प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने सौंपी ज्ञापन..



**कोरबा अम्बिकावाणी** - जिले की कुछ ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्य की धीमी प्रगति को लेकर जिला पंचायत द्वारा संबंधित पंचायत सचिवों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जा रही है। इस कदम से सचिवों में रोष और असंतोष का माहौल व्याप्त हो गया है। सचिवों का कहना है कि योजना की राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में भेजी जाती है, और वे खुद तय करते हैं कि राशि का उपयोग कब और कैसे किया जाए। कई बार हितग्राही इस राशि का इस्तेमाल अन्य निजी आवश्यकताओं में कर लेते हैं और जब सचिव उनसे आवास निर्माण को लेकर संपर्क करते हैं, तो वे विभिन्न बहानों से निर्माण कार्य टालते रहते हैं। इसका सीधा असर योजना की प्रगति पर पड़ता है। सचिवों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि निर्माण में देरी के लिए उन्हें दोषी न ठहराया जाए, क्योंकि उनकी भूमिका केवल निगरानी और मार्गदर्शन की होती है। वास्तविक निर्माण कार्य हितग्राहियों की जिम्मेदारी होती है। सचिवों ने यह भी कहा कि पूर्व में वेतन को लेकर हड़ताल की गई थी, जिसे प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त किया गया था। बावजूद इसके, प्रशासन द्वारा अब फिर से वेतन रोका जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने मांग की है कि सचिवों का वेतन रोके बिना अन्य वैकल्पिक उपायों के जरिए आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही, सचिवों ने सुझाव दिया है कि हितग्राहियों द्वारा राशि की निकासी और उपयोग की पारदर्शी निगरानी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे योजना का उद्देश्य प्रभावी रूप से पूरा हो सके।

## समाधान शिविर में प्राप्त 6297 आवेदनों का शत प्रतिशत किया गया निराकरण

**कोरबा अम्बिकावाणी** - छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार प्रदेशव्यापी च्सुशासन तिहार २०२५च्च के तहत बुधवार को स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल, हरदीबाजार में तीसरे एवं अंतिम चरण का समाधान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद्र पटेल, जनपद पंचायत पाली की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा सिंह जगत, जिला पंचायत कोरबा की उपाध्यक्ष निकिता मुकेश जायसवाल, नोडल अधिकारी एवं एसडीएम पाली सीमा पात्रे, सहायक नोडल अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सोनवानी ,सीईओ, जनपद पाली, जनपद सदस्य, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच,विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे, समाधान शिविर में शासकीय विभागों द्वारा अपनी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पहले चरण में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति प्रस्तुत की गई। हरदीबाजार क्लस्टर की ११ ग्राम पंचायतों से प्राप्त ६२९७ में से सभी ६२९७ आवेदनों का शत प्रतिशत पूर्ण निराकरण किया गया। विधायककटघोरा प्रेमचंद्र पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, और इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु समाधान शिविरों का आयोजन गांव स्तर पर किया जा रहा है।छ्रएसडीएम सीमा पात्रे ने बताया कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है, साथ ही पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र भी नियमानुसार वितरित किए जा रहे हैं। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा ४ किसानों को किसान किताबों का वितरण भी किया गया। सीईओ जनपद पंचायत पाली द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)**

रा०मा०क्र०- /अ-21/2024-25
ग्राम बंधियाखार, तहसील पत्थलगांव

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव (बंधियाखार) को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोजराज चौहान पिता अभिराम जाति चिकवा निवासी ग्राम चन्दागढ़ तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ०ग०) के द्वारा ग्राम बंधियाखार प०ह०नं० 06 रा०नि०मं० व तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर छ०ग० में स्थित व्यपवर्तित भूमि ख०नं० 194/101 रकबा 0.020 हे० भूमि मय अधुरा निर्मित मकान सहित क्रेता राजेश कुमार डनसेना आ० हरिराम डनसेना जाति कलार निवासी लुडेग तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर छ०ग० को विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर (छ०ग०) को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा०) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त व्यपवर्तित भूमि विकय की अनुमति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वंय अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक-13/06/2025 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ०ग०)**

**न्यायालय तहसीलदार, रामचन्द्रपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा०प्र०क्र०- /अ-27/2024-25
क्रमांक /717/ वाचक, तह०/2025
रामचन्द्रपुर, दिनांक 25/04/2025

एतद् द्वारा ग्राम-कामेश्वरनगर तहसील-रामचन्द्रपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण सुहैल, फारूख, नफिशा, सकुर, जफिर, अफसाना, तकरीमा, फरजाना, सवीना पिता स्व० इद्रीश, मुनेशा बेवा इद्रीश निवासी ग्राम-सनावल तहसील-रामचन्द्रपुर जिला-बलरामपुर (छ०ग०) के स्वत्व एवं अधिपत्य सामिलात खाते की भूमि स्थित ग्राम-कामेश्वरनगर खसरा नं०-1547/1, 1549/1 में से 0.83, 0.50 हे० भूमि को अनावेदकगण के द्वारा अपने हिस्से की भूमि बिक्री किया जा चुका हैं। तथा शेष खसरा नं०-1542, 1544, 1545, रकबा क्रमशः 0.51, 0.12, 0.68, हे० भूमि को अनावेदकगण एनाजुल, एजाजुल पिता स्व० ऐनुल सा०-सनावल के मध्य 1/2 अंश हिस्सा का बराबर-बराबर खाता विभाजन किये जाने हेतु, बी०-1, खसरा संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार का आपत्ति या दावा हो तो वह नियत दिनांक 19/05/2025 को अपना आपत्ति या दावा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकता है। नियत समय सीमा गुजर जाने के बाद किसी प्रकार का आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/04/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया जाता है।

**तहसीलदार रामचन्द्रपुर, जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) को ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश प्रसाद पटेल आ० सीताराम पटेल जाति कुनबी निवासी नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ०ग०) द्वारा ग्राम वाड्रफनगर तहसील वाड्रफनगर स्थित अपने आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ख०नं० 571/1 रकबा 0.03 हे० भूमि को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो दिनांक 13/06/2025 तक इस न्यायालय में लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है, समय-सीमा के बाद के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा0) वाड्रफनगर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज**

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर, तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा०प्र०क्र०- ब-121/2024-25

ग्राम अगस्तपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरासाय आ. छोटन राम जाति रजवार निवासी ग्राम अगस्तपुर लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदक अपने पिता स्व. छोटन राम मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत अनुलब्धता प्रमाण पत्र मय अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। मृत्यु दिनांक 14/02/2023

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12/06/2025 को न्यायालयीन समययधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 29/05/2025 को न्यायालीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**नायब तहसीलदार देवनगर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

लखनपुर, दिनांक 25/05/2025

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम कटिन्दा तहसील लखनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजधानी आ० स्व० बैजनाथ निवासी ग्राम- कटिन्दा तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (बड़े पिता) स्व० बैगा की मृत्यु दिनांक 15/09/1994 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 10/06/2025 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 10/06/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नायब तहसीलदार तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

लखनपुर, दिनांक 16/05/2025

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम नरकालो तहसील लखनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मानकुंवर आ० स्व० बलराम निवासी ग्राम-नरकालो तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (पिता) स्व० बलराम की मृत्यु दिनांक 05/02/1989 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 03/06/2025 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 03/06/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नायब तहसीलदार तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, लखनपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

लखनपुर, दिनांक 27/05/2025

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम कुसू तहसील लखनपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उदय सिंह आ० पनमेश्वर सिंह निवासी ग्राम-कुसू तहसील लखनपुर के द्वारा अपने (दादी) स्व० रामझनिया की मृत्यु दिनांक 16/01/2008 को हो जाने से (जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) एवं छ0ग0 जन्म मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9(3) के तहत मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिस पर दिनांक 12/06/2025 को सुनवाई की जानी है।

आवेदक/आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 12/06/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**नायब तहसीलदार तहसील लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

C M Y K

अम्बिकावाणी

अम्बिकापुर, शुक्रवार 30 मई, 2025

# सम्पादकीय

परीक्षा की घड़ी मनुष्य को महान बनाती है, विजय की घड़ी नहीं।
0 ब्रम्हकुमारी



संपादकीय

## आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई

*पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बेनकाब करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का पहला समूह विदेश दौरे पर रवाना हो गया। पहलगाम हमले और भारत-पास्तिान सैनिक संघर्ष के बाद विदेशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने की कार्रवाई को कूटनीतिक या राजनयिक पहल के रूप में रेखांकित किया जा सकता है।*

*वास्तव में इसका उद्देश्य विश्व समुदाय को भारत की स्थिति से परिचित कराना, पाकिस्तान की प्रायोजित आतंकवाद की काली करतूत बताना और विश्व जनमत को अपने पक्ष में करना है। भारत इस पहल के जरिए आतंकवाद के मसले पर पूरी दुनिया को एकजुट करना चाहता है।*

*इस तरह के राजनयिक प्रयासों से पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बनाकर सीमा पार आतंकवाद को नियंत्रित किया जा सकता है। वैश्विक आतंकवाद ऐसी समस्या है जिसके विरुद्ध को एक देश लड़ाई नहीं लड़ सकता। लोगों को याद रखना चाहिए कि 11 सितम्बर, 2001 को जब अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकवादी हमला हुआ था तब राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।*

*अमेरिका ने अलकायदा और ओसामा बिन लादेन को खत्म करने के लिए अफगानिस्तान पर हमला करके उसे तबाह कर दिया था। लेकिन क्षोभ इस बात होता है कि अमेरिका और पश्चिमी देश आतंकवाद के मुद्दे पर अलग-अलग नजरिया रखते हैं, जो उनके अपने राजनीतिक और आर्थिक हितों से प्रेरित हैं। जब अमेरिका और पश्चिमी देशों पर आतंकवादी हमले होते हैं तो उन्हें खत्म करने के लिए वे किसी भी सीमा तक चले जाते हैं, लेकिन जब गैर-पश्चिमी देशों पर आतंकवाद का कहर फूटता है तो खामोश हो जाते हैं।*

*भारत तो दशकों से सीमा पार आतंकवाद से पीड़ित है। अनेकों बार भारत ने पाकिस्तान के आतंकवाद में संलिप्त होने का पुख्ता प्रमाण भी दिया है, लेकिन विश्व समुदाय कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर सका है। पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है। पूरी दुनिया जानती है। इसके बावजूद अमेरिका उसे आर्थिक मदद और व्यापारिक रिश्ते बनाए रखता है। याद रखना चाहिए कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में विश्व समुदाय का सहयोग बहुत महत्त्व रखता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश दौरे से अमेरिका और पश्चिमी देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एकजुटता दिखाएंगे।*

## होटल प्रबंधन संस्थान में करियर निर्माण- सीमाओं को तोड़कर परिवर्तन की नयी राह

ज्ञान भूषण, डॉ प्रतीक घोष

***नयी ऊर्जा से भरपूर वैश्विक आतिथ्य उद्योग के विस्तार के साथ भारत आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल पेशेवर कर्मियों का शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) इस सिलसिले को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। इन संस्थानों को बहुत लंबे समय से उत्कृष्टता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इन संस्थानों में अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो गए हैं।***

ऐसे में इच्छुक छात्रों के लिए आतिथ्य के क्षेत्र में संतोषजनक करियर बनाने पर विचार करने का इससे बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता। होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्म शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दशार्ती है। देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निदेर्शों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाए जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके।

**उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना**

होटल प्रबंधन संस्थान आतिथ्य उद्योग के साथ संबंधों को मजबूत कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां जो पढ़ाया और सिखाया जा रहा है उसमें उद्योग की अपेक्षाएं प्रदर्शित हों। इस तरह की साझेदारी से पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ती है, छात्रों को उद्योग जगत का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार के लिए उनका आसानी से प्लेसमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रयास में ताज, मैरियट, ओबेरॉय, आईटीसी जैसे होटल ब्रांड और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं। वे इंटर्नशिप, भर्ती सहायता और मेंटरशिप के अवसर प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और प्रमुख होटल श्रृंखलाओं के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर इस सहयोग को और मजबूत करता है जिससे छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से संकाय-उद्योग संपर्क, संयुक्त रूप से अनुसंधान और सीखने के व्यावहारिक अनुभव के लाभ मिल पाते हैं।

**पाठ्यक्रम अद्यतन करने के लिए कार्य बल**

एक समर्पित कार्य बल ने नए-नए विषयों को शामिल करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया है ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य बनाया जा सके। इसमें आतिथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग, सतत पर्यटन से लेकर सांस्कृतिक विविधता प्रबंधन तक विभिन्न विषय शामिल किए गए हैं। इस तरह यह पाठ्यक्रम अब यह दशार्ता है कि 21वीं सदी में कार्य करने वाले कर्मियों की आवश्यकताएं क्या होंगी। छात्रों को न केवल मुख्य तौर पर होटल संचालन में बल्कि व्यवहार कुशलता, उद्यमिता और उभरती हुई तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। ये ऐसे कौशल हैं जो उन्हें बहुमुखी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के योग्य बनाते हैं।

**प्रवेश में वृद्धि के लिए उठाए गए कदम**

होटल प्रबंधन संस्थानों ने इस क्षेत्र में काम करने की अधिक सामर्थ्य और संभावना वाले छात्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता की पहचान करते हुए प्रवेश में वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें शामिल हैं:

विद्यालयों और कैरियर मेलों में जागरूकता अभियान।

आतिथ्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच। डिजिटल मंचों पर उपस्थिति में वृद्धि, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विवरण की जानकारी आसानी से मिल जाती है।

इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान प्रवेश की प्रक्रिया (एनसीएचएम-जेईई) को सुव्यवस्थित करने, इसमें पारदर्शिता, कुशलता बढ़ाने और छात्रों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां**

प्लेसमेंट में निरंतरता के प्रदर्शन के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों की व्यापक रूप से प्रतिष्ठा है। इनके अंतिम वर्ष के छात्रों को शीर्ष आतिथ्य श्रृंखलाओं, एयरलाइनों, क्रूज लाइनों और बहुराष्ट्रीय निगमों में नियुक्त किया जाता है। होटल प्रबंधन संस्थानों में बने प्लेसमेंट सेल उद्योग जगत के साथ सक्रियता से जुड़े रहते हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि उनके स्नातकों के लिए शानदार नौकरियों के प्रस्ताव सुरक्षित हों। उदाहरण के लिए, इस वर्ष डॉ. अंबेडकर होटल प्रबंधन संस्थान (एआईएचएम) चंडीगढ़ ने एक छात्र एक प्लेसमेंट का शानदार शत-प्रतिशत रिकॉर्ड हासिल किया। इस क्षेत्र में क्रूज लाइनरों की रुचि एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जो अब नियमित रूप से कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते हैं और छात्रों को दुनिया भर के लग्जरी जहाजों पर रोमांचक अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसर प्रदान करते हैं।

**वैश्विक संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग**

होटल प्रबंधन संस्थानों ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इस क्रम में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के साथ उल्लेखनीय साझेदारी से अकादमिक आदान-प्रदान, शोध सहयोग और वैश्विक नेटवर्किंग संभव हो सका है। वहीं, छात्रों को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बर्मिंघम और मॉरीशस के मैरियट होटलों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप कार्यक्रमों से भी लाभ मिलता है, जहां उन्हें आतिथ्य के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है और जानकारी मिलती है। ये सहयोग छात्रों के जीवन और कार्यों के विवरण में बहुत अधिक महत्वपूर्ण बिन्दु जोड़ते हैं और उनके करियर के क्षितिज का विस्तार करते हैं।

**संकाय विकास और नवाचार संस्कृति**

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरूआत उत्कृष्ट शिक्षकों से होती है। शिक्षक और संकाय सदस्य उद्योग जगत की दृष्टि से प्रासंगिक बने रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि होटल प्रबंधन संस्थानों ने शीर्ष होटल ब्रांडों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर संकाय विकास कार्यक्रम शुरू किए हैं। इस दौरान संकाय सदस्यों को नवीनतम उपकरणों, शैक्षणिक तकनीकों और आतिथ्य संबंधी रुझानों से परिचित कराया जाता है जिनके संबंध में वे पुनः कक्षाओं में इस्तेमाल करते हैं। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान छात्रों को स्टार्ट-अप परियोजनाओं, शोध और उद्यमिता में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करके नवाचार और उन्हें इस क्षेत्र के लिए विकसित करने की संस्कृति का पोषण कर रहे हैं।

संस्थानों में समर्पित इन्क्यूबेशन केंद्र छात्रों को खाद्य प्रौद्योगिकी, सतत पर्यटन और सेवा-क्षेत्र में नवाचार में आशाजनक उद्यमों के लिए मार्गदर्शन और प्रारंभिक वित्तपोषण प्रदान करते हैं।

विशेष सहयोग और रणनीतिक गठबंधन

होटल प्रबंधन संस्थान पारंपरिक आतिथ्य क्षेत्र के बाहर भी अनूठी साझेदारी की खोज कर रहे हैं।

## परिसीमन के मुद्दे पर सियासत

चंदन मिश्र

***झारखंड में परिसीमन को लेकर एक नया झमेला और राजनीतिक बखेड़ा खड़ा हो गया है। सत्तारूढ़ झामुमो ने खुलेआम परिसीमन का विरोध करने का फैसला लिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिसीमन के खिलाफ विधानसभा के बजट सत्र के दौरान साफ-साफ कहा है कि इसके लिए झारखंड आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। इसके लिए उनकी कुर्सी रहे या चली जाए।***

अपने समापन भाषण में केंद्र सरकार के खिलाफ खुली चुनौती पेश करते हुए कि परिसीमन के मुद्दे पर केंद्र से आर-पार की लड़ाई होगी। किसी भी कीमत पर झारखंड सरकार परिसीमन को स्वीकार नहीं करेगी। सरकार रहे या जाए, जो भी होगा, सरकार के लिए सबसे अहम होगा। परिसीमन का विरोध जारी रहेगा। झारखंड पर नये परिसीमन के कई असर पड़ने की संभावना है। सबसे पहले, यह आदिवासी समुदाय की विधानसभा और लोक सभा में आरक्षित सीटों की संख्या को प्रभावित कर सकता है। झामुमो का दावा है कि परिसीमन के बाद आदिवासियों की सीटें कम हो जाएंगी। इसके अलावा, परिसीमन के बाद झारखंड में लोक सभा की सीटें बढ़कर 17 हो सकती हैं, लेकिन विधानसभा की सीटों की संख्या में कोई बदलाव नहीं होगा। हालांकि, आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घटकर 22 हो जाएगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढ़कर 10 हो जाएगी। अब तक तय कार्यक्रम के अनुसार 2026 में देश भर में परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इस परिसीमन से झारखंड के भी राजनीतिक स्थिति में बदलाव होने वाला है। अगर 2026 में परिसीमन प्रक्रिया की शुरू आत हो जाती है, तो 2029 के चुनावों में संसद और विधानसभाओं में सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। माना जा रहा है कि 2029 के लोक सभा चुनाव में लगभग 78 सीटों का इजाफा होने की संभावना है। अब तक जो संकेत मिले हैं, उनके अनुसार झारखंड में लोक सभा सीटों की संख्या बढ़ कर 17 हो सकती है।

झामुमो के विरोध का आधार यह है कि वर्तमान में 14 सीटों में से पांच आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, लेकिन 17 सीटें होने पर भी आरक्षित सीटों की संख्या नहीं बढ़ेगी, यानी आदिवासियों का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। विधानसभा सीटों के बारे में कहा जा रहा है कि झारखंड में विधानसभा की सीटें नहीं बढ़ेंगी, लेकिन आदिवासी सीटों की संख्या 28 से घट कर 22 हो जाएंगी, जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों की संख्या आठ से बढ़ कर 10 हो जाएंगी। पिछली बार 2007 में देश भर में विधानसभा और लोक सभा की सीटों का परिसीमन हुआ। यह परिसीमन 2009 के लोक सभा चुनाव से देश भर में लागू हो गया। तब झारखंड में भी लागू होना था, लेकिन विरोध के कारण उसे झारखंड में लागू नहीं किया गया था। अब यह मुद्दा एक बार फिर गरम हो गया है। झामुमो ने 2026 में होनेवाले इस प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने की घोषणा कर दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मुद्दे को लेकर तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात भी की है। देश में अंतिम बार परिसीमन 2009 के चुनावों में लागू हुआ था, लेकिन उस समय झारखंड में इसे लागू नहीं किया गया था।

यह मुद्दा पिछली लोक सभा में भी उठा था, जब रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने झारखंड में विधानसभा सीटों की संख्या 120 किये जाने की मांग उठायी थी।

अब एक बार फिर यह मुद्दा गरमा गया है। जनगणना के बाद देश में लोक सभा और विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन होगा। उसका असर झारखंड पर भी पड़ेगा। इसकी हलचल अभी से दिखने लगी है। झामुमो ने आरोप लगाया है कि परिसीमन के जरिये केंद्र की भाजपा सरकार आरक्षित सीटों की संख्या घटा सकती है। नियमों के अनुसार प्रत्येक 15 साल पर परिसीमन करना है। पूरे देश में 2008 में परिसीमन हुआ था। उसी आधार पर 2009 का लोक सभा चुनाव हुआ, पर झारखंड में परिसीमन नहीं हुआ। 2008 में झारखंड के राजनीतिक दलों ने परिसीमन का इसलिए विरोध किया था, क्योंकि उन्हें डर था कि लोक सभा और विधानसभा में एसटी सीटें घट जाएंगी। परिसीमन के बाद लोक सभा की एक और विधानसभा की छह एसटी सीटें घटने की आशंका थी, जबकि विधानसभा में एससी की एक सीट बढ़कर 10 हो रही थीं। फिर वही परिदृश्य बनने की संभावना है। इसलिए झामुमो अभी से मुद्दा बनाने में जुट गया है।

दरअसल, झारखंड में परिसीमन का मुद्दा पूरी तरह सियासी रंग पकड़ चुका है। स्थापित प्रावधानों के अनुसार हर जनगणना के बाद परिसीमन आयोग का गठन किया जाता है और इसकी सिफारिशें लागू की जाती हैं।

देश में अंतिम परिसीमन आयोग 2002 में बना और इसने 2005 में अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को दी।

## डिजिटल युग में सामाजिक रिश्तों की नई परिभाषाः एक विवेचनात्मक लेख

एक समय था जब रिश्तों की बुनियाद मोहल्ले की गलियों, आंगन की बैठकों और चिठियों में लिखे शब्दों से जुड़ी होती थी। आज, हम उस मोड़ पर खड़े हैं जहाँ तकनीक ने संवाद की दिशा ही नहीं, उसकी आत्मा को भी बदल दिया है। डिजिटल युग ने रिश्तों को भौगोलिक सीमाओं से मुक्त किया है, लेकिन भावनात्मक दूरी का एक नया संसार भी रच दिया है।

**जुड़ाव का भ्रमः निकट होकर भी दूर**

वर्तमान समय में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने संवाद को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। हम हजारों किलोमीटर दूर बैठे अपनों से पलक झपकते जुड़ सकते हैं, वीडियो कॉल्स से चेहरों को देख सकते हैं और इंस्टेंट मैसेजिंग से संवाद कर सकते हैं। लेकिन इसी सहजता में एक विडंबना भी छिपी है—हम डिजिटल रूप से जितना जुड़ते जा रहे हैं, भावनात्मक रूप से उतना ही अलग होते जा रहे हैं।

परिवार में सदस्य एक ही छत के नीचे रहकर भी अपने-अपने स्क्रीन में खोए रहते हैं। लाइक और शेयर की दुनिया में कैसे हो? और सब ठीक है? जैसे आत्मीय सवाल कहीं खो जाते हैं।

संबंधों की बदलती गहराई

पुराने समय में रिश्ते समय, धैर्य और समझ से मजबूत होते थे। आज, सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट से शुरू होकर ब्लॉक तक का सफर चंद मिनटों में तय हो जाता है। डिजिटल रिश्ते अक्सर तात्कालिक होते हैं और उनमें वास्तविक जीवन जैसी आत्मीयता, विश्वास और निरंतरता की कमी दिखाई देती है।

ऑनलाइन संवाद की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह गैर-मौखिक संकेतों से विहीन होता है—न चेहरे का भाव, न स्वर की ऊष्मा। इमोजी से भावना जताई जाती है, पर वह भावनाओं को पूरी तरह व्यक्त नहीं कर पाती।

**तकनीकः अवसर भी, चुनौती भी**

डिजिटल माध्यमों ने रिश्तों में नए आयाम भी जोड़े हैं। लंबे समय से दूर रहने वाले रिश्तेदारों से संपर्क बनाए रखना अब पहले से कहीं अधिक आसान है। समान सोच वाले लोग विभिन्न ऑनलाइन मंचों पर एक-दूसरे से जुड़कर समाज के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं। आपात स्थितियों में त्वरित संवाद और सहायता देना भी संभव हो सका है।

लेकिन इन सुविधाओं के साथ कई खतरे भी जुड़े हैं—साइबरबुलिंग, गोपनीयता का हनन, और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे जोखिम। सोशल मीडिया पर दूसरों की आर्दश जिंदगी देखकर अपनी वास्तविकता से असंतोष उत्पन्न होना भी आम हो गया है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है।

0 हर्ष शुक्ला

## अम्किावाणी-वर्गपहेली 1340

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | 6 | ■ | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | | |
| ■ | 13 | | | | ■ | | ■ |
| 14 | | | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| 17 | | ■ | 18 | | | ■ | |
| ■ | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | ■ |
| 22 | | | | ■ | 23 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 2 जुलाई 2012 को इस देश ने इटली को 4-0 से हराकर यूरो कप फुटबाल 2012 जीत लिया ओर लगातार तीन बड़े खिताब जीतने वाला पहला देश बना (3)
3. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
5. शमन करने वाला (3)
7. तरंगित होना, कंप युक्ति गति होना (4)
11. ऐसा रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है (3)
12. फौजी भाइयों के लिए विविध भारती से प्रसारित एक दैनिक कार्यक्रम (4)
13. अस्तबल, घुड़साल (4)
14. लोहा, इस्पात (3)
15. मामला, कोइ गूढ़ बात (3)
17. पंच तत्वों में से एक, आब, नीर (2)
18. सुख, चैन, आराम, शांति (3)
19. साज, बजाने का यंत्र (2)
20. हस्त, कर, दस्ता, मूठ (2)
22. संतान उत्पन्न करना, जन्म देने का भाव (4)
23. लुप्त हो जाना, रहने की जगह, वास स्थान (3)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. विशेष व्यक्ति अथवा अवसर के लिए निश्चित, खास (3)
2. उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. भूकंप, भूडोल, पृथ्वी का कांपना (4)
6. परेड, ड्रिल, नियमावली, कार्य विधि (4)
8. घोड़ा, अश्व (2)
9. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
10. गंदे पानी बहने के लिए बनाया गया कृत्रिम जल मार्ग (2)
14. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
15. स्वत्व हानि, मान-अपमान (4)
16. संख्या, समूह, पुंज (2)
18. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर-जोर से पुकारे जाते है (3)
19. वेष, सजधज (3)
21. सूखी धरती (2)

**वर्ग पहेली 1339 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | ■ | अ | म | र | ना | थ |
| त | त | ■ | मा | ल | वा | ■ | प |
| ता | ■ | भा | व | ना | ■ | व | क |
| क | ला | ■ | स्या | ■ | सा | र | ना |
| ना | न | क | ■ | र | म | क | ■ |
| ■ | त | ह | ल | का | ■ | न्या | य |
| आ | ■ | र | ■ | बी | ना | ■ | हू |
| प | त | वा | र | ■ | का | लिं | दी |

## एकदा

### मुगल भारत में इसलिए स्थाई हुए क्योंकि उन्होंने भारतीय पर्वों की परवाह की




होली रंगों का त्योहार है। रंग खुशी के प्रतीक होते हैं। दुखद है कि आज गंगा जमनी तहजीब की बात तो होती है पर जो लोग अपने हित साधन के लिए यह बात करते हैं वे ही उस पर अमल नहीं करते। इतिहास के पन्नों में देखें तो भारत में मुसलमान केवल इसलिए यहां के निवासी बन सके क्योंकि उन्होंने हिंदुस्तान की संस्कृति को अपनाया। मुगल बादशाहों के समय में होली के त्योहार का खूब जिक्र मिलता है। इतिहास के जानकार बताते हैं कि मुगल शासन में बादशाहों को रंग से कोई परहेज नहीं था। मुगल शासन काल में मवेशी के सींगो के खोल में रंग भरकर पिचकारी के रूप में इस्तेमाल कर रंग फेंका जाता था। बादशाह जहांगीर के समय में बांस की पिचकारी बनाकर उसमें रंग भरकर वह अपने महल के दरबारी और राज्यों के साथ होली खेलते थे। यह उल्लेख साहित्य में वर्णित है। बादशाह मोहम्मद शाह के होली खेलने का जिक्र इतिहास में दर्ज है। जहांगीर काल में जहांगीर द्वारा होली खेलने की कई पेंटिंग्स आज भी मौजूद हैं। प्लास्टिक का आविष्कार मुगल शासन काल में तो नहीं हुआ था। तब बांस की पिचकारी बनाकर, या धातु की पिचकारी का उपयोग किया जाता था। गुलाल और वनस्पतियों, खास कर टेसू के फूलों के रंगों को पानी में घोलकर पिचकारी में भरा जाता था। जिससे होली खेली जाती थी। यह प्रथा भारत की संस्कृति का हिस्सा है।आज भी कई ऐसे मुस्लिम परिवार हैं जो होली का त्योहार गर्व से खेलते हैं। होली को ईद द्द गुलाबी कहा जाता था।

0 विवेक रंजन श्रीवास्तव

## राशिफल

ग्रह स्थिति- सूर्य-वृषभ, चंद्र-मीन, मंगल-वृषभ, बुध-मेष, गुरु-कन्या, शुक्र-मीन



**चौघड़िया**

09 :03 से 10 :43 तक-चंचल
10 :43 से 12 :23 तक- लाभ
12 :23 से 14 .04 तक- अमृत
20 :24 से 21.44 तक- लाभ

मेष राशि : आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिजल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको छोड़ना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे।

कर्क राशि : आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन पाजिटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे 7 बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था,

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे के धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे।

कुंभ राशि : आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचाहुआ काम आज पूरा हो जायेगा। समाज मे आज आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा।

C M Y K



# शरीर में विटामिन सी की मात्रा बढ़ने से क्या होगा?

**विटामिन सी शरीर के लिए बेहद जरूरी है, कई बार लोग इसके लिए सप्लीमेंट्स लेने लगते है,जिससे शरीर में इसकी मात्रा बढ़ जाती है और शरीर को नुकसान होने लगता है।**

विटामिन सी हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी है। यह एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को सशक्त बनाता है। इसके अलावा भी इसके कोई फायदे हैं। जैसे यह त्वचा के लिए फायदेमंद है। बालो को भी फायदा पहुंचता है लेकिन क्या होगा जब इसे अत्यधिक मात्रा में सेवन किया जाए? क्या विटामिन सी की मात्रा शरीर में बढ़ने से कोई परेशानी होती है?

## शरीर में विटामिन सी की मात्रा बढ़ने से क्या होगा?

- एक्सपर्ट के मुताबिक विटामिन सी के अत्यधिक सेवन से पाचन संबंधित समस्याएं हो सकती हैं, जैसे दस्त, मतली, उल्टी, पेट में दर्द, ऐंठन। यह लक्षण आमतौर पर सप्लीमेंट्स के सेवन से जुड़े होते हैं ना कि विटामिन सी वाले खाद्य पदार्थ से।
- विटामिन सी का अधिक सेवन शरीर में अन्य जरूरी खनिजों जैसे तांबा और विटामिन बी12 के अवशोषण को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा विटामिन सी गैर हेम आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है,यह उन लोगों में आयरन की अधिकता का कारण बनता है जो इसे संवेदनशील हैं।
- बहुत लंबे वक्त तक उच्च विटामिन सी का सेवन कुछ गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी खतरा बढ़ा सकता है जैसे किडनी स्टोन विटामिन सी के उच्च स्तर से ऑक्सलेट और यूरिक एसिड में उत्सर्जन होते है, जिससे किडनी स्टोन बनने की संभावना बढ़ जाती है। जिन लोगों को किडनी स्टोन की हिस्ट्री रही है वह खास करके इस समस्या के प्रति संवेदनशील हो सकते हैं।
- इसके अलावा विटामिन सी कुछ दवाओं के साथ रिएक्ट कर सकता है। रक्त पतला करने वाली दवा की क्रिया को प्रभावित कर सकता है।
- इसके अलावा कुछ एंटीवायरस दावों की प्रभावशीलता को कम कर सकता है। ऐसे में अगर आप कुछ खास दवाएं ले रहे है तो विटामिन सी सप्लीमेंट्स लेने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह जरूर लें।




# भूख के संकेतों को समझें तभी खाएं खाना

**तीन वक्त का खाना बेहद जरूरी है और हम इसे बखूबी खाते भी हैं,लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो सही खान-पान के बावजूद सेहतमंद महसूस नहीं करते हैं। दरअसल इसके पीछे हमारी कुछ खराब खाने पीने की आदतें जिम्मेदार होती हैं। खाने के दौरान हम कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जिसके कारण हमारी सेहत पर असर पड़ता है आज हम आपको एक्सपर्ट से जानते हैं।**

हेल्थ एक्सपर्ट बताती है कि हम में से कई लोग ऐसे होते हैं जो बेवजह बिना भूख के भी खाना खाते हैं। ऐसे खाना खाने से वजन भी बढ़ता है और पाचन की समस्या हो सकती है। जरूरी है कि आप अपने शरीर के भूख के संकेतों को समझे और तभी खाए, जब आपको वास्तव मे भूख लगे। ऐसा करने से आपका पाचन तंत्र भोजन को अधिक प्रभावी ढंग से प्रोसेस करने में मदद करता है। सच्ची भूख लगने पर ही आप पोषक तत्वों को बेहतर अवशोषण करते हैं इससे ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। एक्सपर्ट बताती है कि हम लोग खाना अचानक से जल्दबाजी खाने लगते हैं,जो की बिल्कुल भी सही नहीं है। खाना शुरू करने से पहले 5 से 6 बार गहरी सांस लेना जरूरी होता है, ताकि आप शांत अवस्था में आ सकें।

इस तकनीक से आप पैरासिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम को सक्रिय करते हैं जो आराम और पाचन क्रिया के लिए जरूरी होता है। इससे ऑक्सीजन आपके सेल्स तक पहुंचती है,इस तरह आप अपने मन और शरीर को शांत करके आप अपने शरीर की पोषक तत्व को अवशोषित करने की क्षमता को बढ़ाते हैं। इससे पाचन क्रिया को भी सुधारने में मदद मिलती है।

और सबसे बड़ी गलती यह है कि अक्सर हम भोजन को लेकर शिकायत करते हैं। जैसे खाना खराब बना है, यह तो मैं खाता ही नहीं हू, यह तो कल ही खाया था। भोजन के बारे में शिकायत करने की बजाय आभार व्यक्त करें। अपने भोजन को सराहें, इससे पाचन और मानसिक कल्याण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। आप खाना खाने के बाद अच्छा फील करते हैं और खुश रहने से शरीर में खाना लगता है। एक्सपर्ट कहती हैं कि इन छोटे-छोटे बदलाव को अपने रूटीन में शामिल करके आपके पाचन और ओवर ऑल हेल्थ में सुधार हो सकता है।



# थायराइड लेवल को मैनेज करने के लिए खाएं यह रोटी

आजकल थायराइड की समस्या बढ़ती जा रही है। खासकर, महिलाओं में यह दिक्कत काफी देखने को मिल रही है। थायराइड ग्लैंड तितली की शेप की होती है। यह हमारे शरीर की जरूरी ग्रंथियों में से एक है। इससे थायराइड हार्मोन का उत्पादन होता है। जब यह सामान्य से कम या ज्यादा हो जाता है, तो हाइपोथायराइड या हाइपरथायराइड की समस्या होती है। शरीर में थायराइड हार्मोनल इंबैलेंस होने पर, इसका असर शरीर के कई फंक्शन्स पर होता है। आजकल अनियमित जीवनशैली और गलत खान-पान की वजह थायराइड इंबैलेंस की दिक्कत काफी आम हो गई है। इसे मैनेज करने के लिए, सही डाइट पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

## थायराइड पेशेंट्स को डाइट में शामिल करनी चाहिए यह रोटी


- यह रोटी, विटामिन-ए, सेलेनियम, जिंक, आयरन और डाइटरी फाइबर से भरपूर है।
- ज्वार का आटा, इंसुलिन सेंसिटिविटी को सुधारता है।
- कच्चा पपीता, विटामिन-ए से भरपूर होता है। यह थायराइड फंक्शन को सुधारता है।
- धनिये की पत्तियों में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये थायराइड लेवल को मैनेज करने में मदद करते हैं।
- सूरजमुखी के बीज सेलेनियम से भरपूर होते हैं। ये इनएक्टिव थायराइड टी4 को एक्टिव थायराइड टी3 में बदलने का काम करते हैं।
- कद्दू के बीज, जिंक से भरपूर होते हैं। ये थायराइड मेटाबॉलिज्म को सुधारते हैं।
- जीरा, आयरन से भरपूर होता है और शरीर में आयरन की कमी को पूरा करता है।
- थायराइड लेवल को मैनेज करने के लिए, डाइट में इस रोटी को जरूर शामिल करें।
- थायराइड लेवल को मैनेज करने में मदद करेगी यह रोटी

### सामग्री

ज्वार का आटा- 30 ग्राम, धनिये की पत्तियां- मुट्ठी भर, कच्चा पपीता- 2 टेबलस्पून, कद्दू के बीज- 1 टीस्पून (पिसे हुए), सूरजमुखी के बीज- 1 टीस्पून (पिसे हुए), जीरा पाउडर- आधा टीस्पून, धनिये के बीजों का पाउडर- 1 टीस्पून, पानी- 200 मि.ली.

### विधि

- एक पैन में पानी डालें।
- अब इसमें सारी चीजें डालकर इसे मिक्स कर लें।
- इसे 5-7 मिनट के लिए अलग रख दें।
- अब इसे अच्छे से गूंथ लें।
- इससे छोटी छोटी गोलियां बनाएं।
- इसे बेलकर रोटी बना लें।
- इसे दोनों तरफ से सेंके।
- आपकी रोटी तैयार है।




# शाकाहारी लोग प्रोटीन की कमी दूर करने के लिए खाएं ये 6 चीजें

**प्रोटीन हमारे शरीर के लिए कई तरह से जरूरी है। यह हमारे शरीर के लिए केमिकल बिल्डिंग ब्लॉक की तरह काम करता है। इसे अमीनो एसिड कहते है। शरीर इसका इस्तेमाल हड्डियों और मांसपेशियों के निर्माण और रखरखाव के लिए करता है। यह सेल्स को रिपेयर करने के साथ ही कोशिकाओं के निर्माण में भी मदद करता है।**

मांस मछली प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत माना जाता है, लेकिन जो लोग शाकाहारी होते है उनके लिए बड़ी समस्या हो जाती है कि आखिर प्रोटीन के लिए क्या खाएं। ऐसे में आज हम आपको दाल के कुछ प्रकार बता रहे हैं जो प्रोटीन से भरपूर हैं। इन्हें प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत माना जाता है।

- प्रोटीन की कमी पूरी करने के लिए आप चावला बीन्स खा सकते हैं। इसमें प्रोटीन और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो पाचन में भी सहायता करती है और तृप्ति को बढ़ावा देती है।
- काबुली चना जिसे हम चिकपीस के नाम से भी जानते हैं। यह एक वर्सेटाइल दाल है जो मांसपेशियों की वृद्धि और हृदय स्वास्थ्य को समर्थन देती है। प्रोटीन और फाइबर से भरपूर होने के कारण यह मांसपेशियो की मरम्मत मे योगदान देती है।
- ब्लैक बीन्स एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन से भरपूर होते हैं, यह स्वस्थ रक्त शर्करा स्तर को बनाए रखने के लिए आदर्श माने जाते हैं।
- लाल मसूर दाल भी प्रोटीन और आयरन में उच्च होती है। यह ऊर्जा स्तर को बढ़ाने और एनीमिया से लड़ने के लिए भी बेहतरीन है।
- हरी मटर प्रोटीन से भरपूर है जो प्रतिरक्षा प्रणाली और त्वचा के स्वास्थ्य को भी समर्थन देती है। इसमें जरूरी विटामिन और मिनरल्स जैसे विटामिन सी, विटामिन के होते हैं जो इम्युनिटी को बूस्ट करते हैं।
- राजमा भी प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है। इसके अलावा भी यह जरूरी खनिजों से भरपूर है। यह मांसपेशियों की मरम्मत और ओवर ऑल हेल्थ के लिए आदर्श होते हैं। राजमा में फाइबर की भी अच्छी मात्रा होती है यह पाचन तंत्र को भी सही बनाए रखने में मदद करते हैं।





# आंखों की रोशनी बढ़ाने से लेकर डायबिटीज तक कंट्रोल करता है ये जंगली पौधा

**किनगोड़ एक जंगली पौधा है जो विशेष रूप से उत्तराखंड में पाया जाता है। यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है और खाने में भी काफी स्वादिष्ट होता है। आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ यह डायबिटीज को भी कंट्रोल करता है।**

हमारे चारों ओर कई सारे पेड़ पौधे हैं जो ना सिर्फ हमें ऑक्सीजन देते हैं बल्कि इनके फूल, पत्तों, जड़ों और लड़कियों से कई तरह की बीमारियों का इलाज भी किया जाता है। ऐसा ही एक जंगली पौधा है किनगोड़ जो पहाड़ों में पाया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग खेतों की बाढ़ के लिए किया जाता है, लेकिन यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके बीज से लेकर जड़ तक के अलग अलग फायदे होते हैं। कंटीली झाड़ी वाला पौधा किनगोड़ समुद्रतल से 1200 से 1800 मीटर की ऊंचाई पर उगता है। इसका वानस्पतिक नाम बर्बेरिस एरिस्टाटा है। किनगोड़ में बर्बेरिन नाम का केमिकल मौजूद होता है जिसके कारण इसका रंग पीला होता है। आयुर्वेद के अलावा किनगोड़ का उपयोग एलोपैथी में भी किया जाता है। यही वजह है कि कई फार्मा कंपनियां भी बर्बेरिन का इस्तेमाल करती हैं। आइए आपको इसके फायदों के बारे में विस्तार से बताते हैं।

## गुणों का खजाना किनगोड़

किनगोड़ में कई पोषक तत्व और मिनरल्स पाए जाते हैं। एनसीबीआई के अनुसार इसमें प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन सी, मैग्नीशियम आदि पाया जाता है। आयुर्वेद में इसे एक बहुत ही महत्वपूर्ण औषधि के रूप में जाना जाता है। इस एक पेड़ से जाने कितने तत्व निकाले जाते हैं। स्वाद के मामले में भी यह लाजवाब है।

## कंजक्टिवाइटिस को ठीक करता है किनगोड़

आंखों से जुड़ी कई समस्याओं को ठीक करने के लिए किनगोड़ का इस्तेमाल किया जाता है। कंजेक्टिवाइटिस जिससे आम भाषा में आंख आना कहते हैं किनगोड़ की मदद से बहुत ही कम समय में ठीक हो सकता है। इसके लिए आप किनगोड़ की जड़ को पानी में उबाल लें। जब एक चौथाई पानी बच जाए तो उससे अपनी आंखों को अच्छी तरह साफ करें। कंजेक्टिवाइटिस की समस्या दूर होगी और अन्य नेत्र रोगों से भी छुटकारा मिलेगा।



## यूरिन इन्फेक्शन से बचाव के लिए किनगोड़

किनगोड़ के फलो में पोषक तत्व होते हैं इसके सेवन से यूरिन संबंधी बीमारियों से आराम मिलता है। मानसून में किनगोड़ के पौधे पर लाल काले दाने लगते हैं। यह दाने औषधिय गुणों से भरपूर होते हैं।

## स्किन के भी फायदेमंद किनगोड़

किनगोड़ के फल में विटामिन सी पाया जाता है जो स्किन के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। इससे कील, मुंहासे दाग, धब्बे आदि दूर हो जाते हैं। किनगोड़ का फल खाने से स्किन ग्लो करती है और रंगत में भी निखार आता है।

## डायबिटीज और पीलिया को ठीक करने में सहायक

शुगर के मरीजों के लिए यह बहुत ही असरदार दवा हो सकती है। किनगोड़ की जड़ को पानी में भिगोकर रोजाना सुबह इसका पीने से डायबिटीज कंट्रोल रहता है। आप चाहें तो इसके फल का जूस निकालकर भी पी सकते हैं। इससे ना सिर्फ आपका ब्लड शुगर नियंत्रित रहेगा बल्कि डायबिटीज से जुड़ी अन्य जटिलताएं भी कम होंगी। वहीं किनगोड़ की जड़ का पानी पीने से पीलिया भी ठीक होता है।

## जिला पंचायत कोरिया में वेदांती तिवारी होंगे सांसद प्रतिनिधि



**कोरिया बैकुंठपुर** / कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपनी अनुपस्थिति में विभागीय बैठकों और कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए जिला पंचायत कोरिया में वेदांती तिवारी पिता स्व.श्री राजेंद्र प्रसाद तिवारी ग्राम कुड़ेली की नियुक्ति की है द्य उन्होंने विभाग को पत्र जारी कर प्रतिनिधि को आवश्यक सूचनाए एवं करवाई विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है. कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने विभाग से आग्रह किया है कि प्रतिनिधि को बैठक एवं कार्यक्रमों की सूचना समय पर दी जाए तथा कार्यवाही विवरण से उन्हें अवगत कराया जाए उक्त पत्रों की प्रतिलिपि संबंधित कलेक्टर एवं स्वयं प्रतिनिधि को भी प्रेषित की गई है.

# कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी को आवा-पानी क्षोंकी अभियान के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान, जिले के लिए गर्व का क्षण

**कृष्ण विभूति तिवारी**

**कोरिया, छत्तीसगढ़** — जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक बार फिर कोरिया जिले का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। आवा-पानी क्षोंकी (आवा-पानी बचाओ) अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए उन्हें गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हुआ है। यह न केवल उनके नेतृत्व कौशल का प्रमाण है, बल्कि जिले के लिए भी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।



श्रीमती त्रिपाठी के मार्गदर्शन में चलाया गया यह अभियान वर्ष २०२४ में प्रारंभ हुआ था, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वनीकरण और जनजागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए सतत विकास की ओर समाज को प्रेरित करना था। अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के विभिन्न ग्रामों और शहरों में लाखों पौधे लगाए गए, हजारों जल संरचनाएं सुधारी गई, और जन सहभागिता से स्वच्छता और हरियाली को बढ़ावा दिया गया।

इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें प्रशासन, नागरिक समाज, छात्र, स्वयंसेवी संगठन और आम जनता सभी की भागीदारी रही। महज कुछ महीनों में ही "आवा-पानी क्षोंकी" एक जन आंदोलन बन गया, जिसने जिले के सामाजिक और पर्यावरणीय परिदृश्य को सकारात्मक रूप से बदल दिया।

श्रीमती त्रिपाठी की दूरदर्शिता, कड़ी मेहनत और नवाचारपूर्ण रणनीतियों के कारण इस अभियान ने विश्व स्तर पर पहचान बनाई। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इस पहल को "सर्वाधिक सामूहिक सहभागिता के साथ चलाए गए पर्यावरण संरक्षण अभियान" के रूप में मान्यता दी है। यह पहली बार है जब कोरिया जिले को इस तरह की अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त हुई है।

इस गौरवशाली अवसर पर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, "यह उपलब्धि जिले की जनता की है। जब आम लोग मिलकर किसी लक्ष्य के लिए काम करते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है। मैं कोरिया वासियों की भागीदारी और प्रतिबद्धता को सलाम करती हूँ।

कोरिया जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। स्कूलों में उत्सव मनाया गया, और सोशल मीडिया पर लोगों ने इस गौरवपूर्ण क्षण को साझा किया। यह उपलब्धि न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी देती है।

श्रीमती चंदन त्रिपाठी की यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि एक सशक्त नेतृत्व और जनसहयोग से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कोरिया जिले के लिए यह एक मील का पत्थर है, जो भविष्य में और भी बड़े परिवर्तन की दिशा में प्रेरणा देगा।

## न्यूज गैलरी

## मोर गांव मोर पानी महाभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)**। जिले के जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत नागपुर क्लस्टर में मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत नागपुर, उजियारपुर, सोनवर्षा, लोहारी, सेमरा, महाराजपुर, सरभोका, मोरगा, चिरईपानी, बरबसपुर, हर्रा, लाई, कोठारी, सिरौली, कठोतिया, शंकरगढ़, मुक्तियारपारा, हस्तिनापुर, सिरियाखोह ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, एवं बिहान टीम के पीआरआई सदस्य सीएलएफ कैडर्स उपस्थित हुए। मास्टर ट्रेनर के द्वारा मोर गांव मोर पानी महाअभियान की प्रशिक्षण दिया गया एवं जल संरक्षण व संवर्धन हेतु जल संकल्प कराया गया जिसमें 111 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित हुए।

## ग्रामीणों ने ली पानी बचाओ की शपथ



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)**। के ग्राम पंचायत आमाडांड में आयोजित समाधान शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल की उपलब्धता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शिविर में विकासखंड खड़गवां की 8 ग्राम पंचायत के ग्राम कौड़ीमार, उधनापुर, जडहरी, मेरो, मुकुंदुपुर, कदरेवा, छोटेकुलआ तथा आमाडांड के ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों को जल संसाधनों के सतत व विवेकपूर्ण उपयोग की जानकारी दी गई और पानी बचाओ की सामूहिक शपथ दिलाई गई। सभी उपस्थित ग्रामीणों ने जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दशार्ते हुए अपने कर्तव्यों के पालन का संकल्प लिया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ, कृषि एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का होगा प्रचार



**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)**। जिले में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत कृषि विभाग के द्वारा सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ का संचालन किया जा रहा है। रथ को कलेक्टर कार्यालय के प्रांगण से अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर सीएस पैकरा, उप संचालक कृषि लाल सिंह आर्मो, पशु चिकित्सक डॉ. बघेल, मत्स्य विभाग से एचएन वर्मा एवं जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य उजित नारायण, जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ जानकी बाई कुसरो एवं अन्य जनप्रतिनिधि के द्वारा हरी झंडी दिखाकर अभियान के तहत आयोजित शिविरों के लिए रवाना किया गया। यह रथ प्रतिदिन प्रति विकासखण्ड 2 ग्राम पंचायत एवं उनसे लगी अन्य पंचायतों में घूम-घूमकर कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए आयोजित शिविरों में योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। विकसित कृषि संकल्प अभियान राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जो कि खरीफ मौसम की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए शुरू किया गया है। जिले में इस अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबंधित विभाग जैसे उद्यान, पशुपालन, मछली पालन के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों की 3 टीम गठित की गई है। यह टीम प्रतिदिन प्रतिविकासखण्ड 2 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषकों को मृदा परीक्षण, धान की कतार बोनी एवं पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपड़, ड्रोन तकनीकी का उपयोग, प्राकृतिक खेती योजना के बारे में, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग, संतुलित कीटनाशक उपयोग, पशुओं की मौसमी बीमारियों एवं उपचार, उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तृत रूप से परिचर्चा करेंगे साथ ही कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन, मछलीपालन विभाग की प्रमुख राज्य एवं केन्द्रीय योजना के बारे में जानकारी साझा की जावेगी। शिविर में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषकों को भी उनके नवाचार के बारे में बताने हेतु आमंत्रित किया गया है।

# भगवान श्री राम के आदर्श मूल्यों को आत्मसात करें - भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी

**कोरिया बैकुंठपुर** - विकासखण्ड सोनहत मुख्यालय स्थित ग्राम घुघरा में श्री रामचरित मानस गायन वादन महासम्मेलन त्रिदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्रीराम चरित मानस गायन वादन महासम्मेलन का आयोजन २८ मई से ३० मई तक ग्राम पंचायत घुघरा में होगा, इस सम्मेलन में १०८ मंडलियों ने पंजीयन कराया।



कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जनपद सदस्य कृष्ण कुमार राजवाड़े, जिला सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, वरिष्ठ नेता सुभाष जायसवाल, मंडल महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि मनोज साहू, महामंत्री सुरेश राजवाड़े, उप सरपंच रामभजन राजवाड़े, कोषाध्यक्ष दीपक जायसवाल, राज कुमार राजवाड़े, अरिवंद राजवाड़े, चिराग तिवारी के गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। आयोजन समिति ने अतिथियों को चंदन व बैच लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि, भगवान श्री राम का आदर्श चरित्र जन जन के लिए अनुकरणीय है, यदि सभी घर परिवार और समाज के लोगो को भगवान श्री राम के आदर्श मूल्यों को आत्मसात करना चाहिए, तभी मनुष्य जीवन में कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। हर घर में नई पीढ़ी को श्रीराम चरित मानस की कथा नित्य पढ़नी चाहिए। श्री रामचरित मानस गायन वादन महासम्मेलन में ग्रामो से पधारे मंडलियों ने समिति द्वारा दिए गए दोहा का गायन वादन पर अपनी कला का उत्तम प्रदर्शन किया तथा दोहा चौपाई का भावार्थ भी बताकर भजन गाकर अंक बटोरे। सभी विधाओं के लिए अलग-अलग अंक दिए जाने का प्रावधान है,जैसे वंदना,वेशभूषा, चौपाई पाठन,भावार्थ,भजन, प्रश्नकाल, सभी हेतु अलग-अलग अंक निर्धारित हैं सभी मंडलिया प्रभु श्रीराम के चरित्र का सुंदर वर्णन कर कार्यक्रम में सहभगिता बनाए हुए है। कार्यक्रम में बालक बालिका मंडली ने भी सहभागिता की है बच्चों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति गायन, वंदना, भजन चौपाई पाठन भावार्थ और प्रश्नोउत्तरी के उत्तर में अपना उत्तम प्रदर्शन दिया जिसे सुनकर श्रोतागण काफी आनंदित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति संरक्षक मनसाय राजवाड़े,अध्यक्ष महेन्द्र राजवाड़े,दिनेश राजवाड़े, चंचल राजवाड़े,कृष्णचंद सारथी, भरत लाल राजवाड़े,रमेश राजवाड़े, लालमान राजवाड़े,अनिल राजवाड़े, सुनील राजवाड़े, मोतीलाल राजवाड़े, दयाराम,परस लाल,मेहीलाल राजवाड़े,जगत राजवाड़े,दयाशंकर, महेन्द्र राजवाड़े,रजमन राम,सुरेश राजवाड़े,गिरधारी गरुण,सुकुल नागवंशी,सुरेन्द्र राजवाड़े,टेक लाल, सुरेश एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## लोक माता अहिल्याबाई होलकर जी की 300 वीं जयंती के अवसर पर गोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न हुई



**कोरिया बैकुंठपुर**। कोरिया जिले के पटना में लोक माता अहिल्याबाई होलकर जी की ३०० वीं जयंती के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर पटना में गोष्ठी का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक माता अहिल्याबाई होलकर जी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें वक्ताओं के द्वारा अहिल्याबाई होलकर जी की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। एवं स्वच्छता दीदियों का अतिथियों के द्वारा श्री फल देकर स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कार्यक्रम के जिला संयोजक निवर्तमान मंडल अध्यक्ष कपिल जायसवाल ,नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, सह संयोजक शारदा गुप्ता,मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव ,जनपद सदस्य रंजीत प्रसाद मंडल,राजेश सोनी,सत्यम साहू,सच्चिदा नंद द्विवेदी,दिनेश चक्रधारी ,मीरा सोनी,सुनील सिंह,रमेश पोया,संतोष सिंह,गणेश यादव,राकेश गुप्ता,मधुसूदन सिंह,लक्ष्मण नायक, रामा शंकर साहू,अमित सिंह,चंद्रकली राजवाड़े,अनुराधा पाडवार,वर्षा साहू,रेखा वर्मा, प्रमिला सिंह ,ज्योति देवांगन, अहिवरन सिंह,भंवर लाल कुर्रे, भोला यादव,शिप्रा नायक,सतीश साहू,मनीष साहू,गंगा यादव,धर्मपाल राजवाड़े,विजय राजवाड़े, उपस्थित रहे।

## जैन साधु साध्वियों की रोड़ एक्सीडेंट में मौत दुर्घटना नही साजिश, जैन संवेदना ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**रायपुर**। विगत कुछ वर्षों में सैकड़ों जैन साधु साध्वियों की सड़क दुर्घटना में देवलोकगमन हो गया है , सभी घटनाओं में साधु साध्वी सड़क किनारे चल रहे होते हैं , ट्रक या भारी वाहन पीछे से टक्कर मार कर निकल जाते हैं । यह दुर्घटना नही अपितु अल्पसंख्यक समुदाय के साधु साध्वियों की सुनियोजित हत्या का षडयंत्र प्रतीत होता है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री श्री अमित शाह को पत्र लिखकर इसकी जानकारी भेजी है व अल्पसंख्यक जैन समुदाय के साधु साध्वियों की विहार , पद यात्रा में मौत पर जांच की मांग रखी है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने अभी 28 मई की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पाली, राजस्थान की धरती पर, जैन संत आचार्य पुंडरिक रत्न सुरीश्वर जी महाराज को एक तथाकथित 'सड़क दुर्घटना' में हमसे छीन लिया गया। पर क्या यह सच है ? जो तथ्य सामने आ रहे हैं, वे किसी दुर्घटना की ओर नहीं, बल्कि एक क्रूर, सुनियोजित और प्रायोजित हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं ! प्रत्यक्षदर्शी गुरु भगवंतों का दिल दहला देने वाला खुलासा : पूज्य संतश्री कच्चे रास्ते से विहार कर रहे थे। तभी एक भारी वाहन (ट्रक) पक्की सड़क से उतरकर, जानबूझकर कच्चे रास्ते पर आया, संतश्री को बेरहमी से टक्कर मारी और फिर वापस पक्की सड़क पर चढ़कर फरार हो गया! यह कोई आकस्मिक घटना नहीं हो सकती! यह एक विशेष प्रयोजन के साथ 'कूल-माइंडेड मर्डर' है, जिसे अंजाम देने के लिए हत्यारे ने जानबूझकर अपना रास्ता बदला। आज प्रातः ही पूज्य प्रवर्तक श्री प्रकाश मुनि जी म सा के शिष्य पूज्य श्री अभिनन्दन मुनि जी म सा का बारडोली गुजरात सड़क किनारे एक्सीडेंट में देवलोकगमन हो गया है । ऐसी पिछली कई घटनाओं में समानता है यह अत्यंत चिंताजनक है । पिछले कुछ समय में देश के विभिन्न हिस्सों में, विशेषकर जैन संतों और अन्य साधुओं के साथ, संदिग्ध 'सड़क दुर्घटनाओं' की एक श्रृंखला देखी गई है जिनमें कार्यप्रणाली आश्चर्यजनक रूप से समान रही है , तेज रफ्तार भारी वाहन द्वारा टक्कर मारना और फरार हो जाना। यह पैटर्न किसी गहरे षड्यंत्र या संगठित गिरोह की ओर इशारा करता है जो विशेष रूप से हमारे गुरु भगवंतों को निशाना बना रहा है। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से बनी सरकार को साधु संतों की मौतों पर संज्ञान लेते हुए कार्यवाही करनी चाहिए । जैन समाज प्रशासन व सरकार से निम्नलिखित तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं - एफआईआर और कठोर धाराएं: इस मामले में तत्काल भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) की धारा 101 (हत्या) के अंतर्गत प्राथमिकता से एफ.आई.आर. दर्ज की जाए। साथ ही, बी.एन.एस. की धारा 106(2) (उतावलेपन या उपेक्षापूर्ण वाहन चलाने से मृत्यु कारित करना और बिना सूचना दिए भाग जाना) एवं आपराधिक षड्यंत्र (बी.एन.एस. में समकक्ष धारा 61(2)) तथा अन्य सुसंगत धाराओं को भी शामिल किया जाए।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर व जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रथ को रवाना

### किसानों को खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों की उन्नत तकनीक के संबंध में दी जा रही है जानकारी

**कोरिया बैकुंठपुर** - कोरिया जिले में शुरू हुए विकसित कृषि संकल्प अभियान को कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना की।



कृषि विभाग के उप संचालक राजेश कुमार भारती ने बताया कि भारत सरकार कृषि मंत्रालय द्वारा ज्विकसित कृषि संकल्प अभियानज्ज की शुरूआत २९ मई से शुरू होकर १२ जून तक चलेगा। इस दौरान कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा गांव-गावं पहुचंकर खेती के उन्नत तकनीकों की जानकारी भी साझा की जा रही है। श्री भारती ने बताया कि किसानों को आगामी खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों की उन्नत तकनीक, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्यपालन संबंधी समस्याओं के उचित मार्गदर्शन एवं वैज्ञानिक परिचर्चा के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। उन्होने बताया कि जिले में तीन टीम गठित की गयी है, जिनके द्वारा प्रतिदिन ०३ क्लस्टर में शिविर का आयोजन कर ज्कृषि संकल्प रथज्ज के माध्यम से कृषि एवं संवर्गीय विभागों की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आज बैकुण्ठपुर विकासखण्ड के कंचनपुर, जामपारा, जूनापारा, ओड़गी, धौराटिकुरा, छिन्दडांड़ तथा सोनहत विकासखण्ड के कछाड़ी, बेलिया एवं महुआपारा ग्राम पंचायत भवन में जागरूकता और प्रशिक्षण कार्य योजना किया गया था।

# आमाडांड में सुशासन तिहार: 1261 आवेदनों का हुआ निराकरण

**मनेन्द्रगढ़ (अम्बिकावाणी समाचार)**। जिले के विकासखंड खड़गवां के ग्राम आमाडांड में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक किये गये आवेदनो का निराकरण करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था।

शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 1467 आवेदनों में से 1261 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 187 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने के लिए नहीं है, बल्कि आम जनमानस के समस्याओं के तत्काल समाधान का एक मंच है। जो लोग विकासखण्ड या जिला कार्यालय नहीं जा पाते है। उनकी समस्याओं का समाधान ऐसे शिविर में किया जाता है।



आमाडांड सेक्टर में कुल 8 गांव कौड़ीमार, उधनापुर, जडहरी, मेरो, मुकुंदुपुर, कदरेवा, छोटेकुलआ तथा आमाडांड के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल जागरूकता अभियान पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण और घरेलू नल कनेक्शन की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा मीना सिंह, गीता यादव, उर्मिला, राजमनी, कुमारी तुलसी, गिरजा सिंह, बसंती, नेहा, फूलबसिया, पवन कुमारी, दुर्गावती, ममता, रामरती, सोनकली, संगीता, सुनीता बाई, रामवती, सुमित्रा, जानकी बाई, कुमारी सरिता, शांति, जोहन, अर्चना, मान कुंवर, दर्शन कुंवर सिंह, मुजू देवांगन एवं सीता बाई को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें इरमुन पण्डो, लीलावती, ममता, पप्पी, गीता एवं कुंती बाई को गोद भराई का लाभ दिया गया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता दी जाती है। विभाग द्वारा गौरी, शिवम, अनय, कीर्ति, अंशिका, सोनाक्षी एवं मीनाक्षी को सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मीना, दुर्गावती, जयपाल सिंह, बीरबल सिंह, इन्द्र, मनोहर सिंह, परमजीत, पार्वती, पार्वती और गणेश प्रसाद को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से वे अब निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

## भारतीय शिक्षा बोर्ड हरिद्वार अब छत्तीसगढ़ में माशिमं के समकक्ष मान्य

**रायपुर**। भारतीय शिक्षा बोर्ड हरिद्वार अब छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10 वी एवं 12 वी बोर्ड के समकक्ष मान्य होगा। माशिमं सचिव ने यह आदेश आज जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की पाठ्यचर्या समिति की बैठक 07.03.2025 में प्रदत्त अनुशंसा एवं प्रस्ताव को कार्यपालिका समिति की बैठक दिनांक 26.03.2025 में समिति द्वारा भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, हरिद्वार, उत्तराखण्ड की हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) एवं इण्टरमीडिएट (कक्षा 12वीं) परीक्षाओं को मण्डल की हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) एवं हायर सेकण्डरी (कक्षा 12वीं) परीक्षाओं की समकक्षता प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया।

## Sports Live

### इंग्लैंड ने पहले मैच के लिए प्लेइंग-11 का किया ऐलान

**नईदिल्ली ,29 मई।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी प्लेइंग-11 की घोषणा कर दी है. ये मैच गुरुवार, 29 मई को एजबेस्टन में खेला जाएगा. खास बात ये है कि इंग्लैंड के नए व्हाइट-बॉल कप्तान हैरी ब्रूक पहली बार कप्तान के रूप में टीम की अगुआई करेंगे. इसके अलावा यह मैच इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लिए आदिल राशिद का 150वां वनडे मैच होगा. इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में उन 4 खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है जो आईपीएल 2025 के प्लेऑफ से पहले ही नेशनल ड्यूटी निभाने के लिए अपने देश लौट गए. इसमें ऑलराउंडर जैकब बेथेल इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जोस बटलर और विल जैक्स के नाम शामिल हैं

# एलएसजी का आईपीएल 2025 में खराब प्रदर्शन, लगातार दूसरे साल प्लेऑफ से बाहर



## 0-काम नहीं आए 27 करोड़ के पंत

**लखनऊ,29 मई।** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) लगातार दूसरे साल टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी. आक्रामक बल्लेबाजी के साथ शुरूआत करने वाली एलएसजी की राह असंगति और कमजोर गेंदबाजी ने रोकी. कप्तान ऋषभ पंत, जिन्हें 27 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि में खरीदा गया था, न तो बल्ले से कमाल दिखा सके और न ही नेतृत्व में वह प्रभाव छोड़ पाए, जिसकी उनसे उम्मीद थी.

आखिरी मुकाबले में नॉट आउट 118 के अलावा ऋषभ पंत के 13 माचो में मात्र 13 के एवरेज से रन बने थे. जिसकी वजह से लखनऊ सुपर जॉइंट्स को नुकसान हुआ है. 14 मैचों में छह जीत के साथ एलएसजी अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही, और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हार ने उनकी प्लेऑफ की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ एक लगभग जीता हुआ मुकाबला ल ा ख न ा ऊ सुपरजाइंट्स आसानी से हार गया.

वरिष्ठ खेल पत्रकार संतोष सूरी ने बताया कि एलएसजी की बल्लेबाजी इस सीजन में दोहरे रंग में नजर आई. मिशेल मार्श ने एक शानदार शतक जड़कर सबका ध्यान खींचा, तो निकोलस पूरन की विस्फोटक पारियों ने कई बार टीम को मुश्किल से निकाला, लेकिन कप्तान पंत का बल्ला खामोश रहा. उनकी असंगत बल्लेबाजी और रणनीतिक फैसलों की कमी ने प्रशंसकों को निराश किया.

पंत की कप्तानी में आक्रामकता तो दिखी, लेकिन वह इसे बड़े स्कोर या जीत में तब्दील नहीं कर सके. अन्य बल्लेबाजों में भी निरंतरता की कमी साफ नजर आई. कई मैचों में शुरूआती विकेट जल्दी गिरने से मध्यक्रम पर दबाव बढ़ा, जिसे पूरन और मार्श छिटपुट मौकों पर ही संभाल पाए. एलएसजी की गेंदबाजी इस सीजन की सबसे बड़ी कमजोरी रही. मयंक यादव की रफ्तार और रवि बिश्नोई की फिरकी ने कुछ मौकों पर प्रभावित किया, लेकिन युवा गेंदबाजों की चोटों ने टीम को मुश्किल में डाला. मयंक की चोट ने गेंदबाजी आक्रमण को कमजोर किया, और अन्य गेंदबाज दबाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके.

अनुभवी गेंदबाजों की कमी ने भी एलएसजी को भारी नुकसान पहुंचाया. विपक्षी बल्लेबाजों ने कई बार एलएसजी के गेंदबाजों की कमजोरियों का फायदा उठाया, खासकर डेथ ओवर्स में, जहां रन रोकना चुनौती बना रहा.

टीम के तेज गेंदबाज आकाशदीप से बताया कि यह केवल फॉर्म का विषय है. तेज गेंदबाजों के लिए आज का समय थोड़ा मुश्किल है. हमारे खिलाडि?ों की फिटनेस को लेकर समस्या रही है. कई महत्वपूर्ण खिलाड़ी अनफिट रहे, जिसकी वजह से इस आईपीएल में हमको दिक्कतों का सामना करना पड़ा. फिर भी हमने कई टीमों से बेहतर प्रदर्शन किया है. कप्तान ऋषभ पंत ने पहले भी शानदार खेल दिखाया है और यह केवल समय की बात है. उनके फार्म थोड़ी खराब थी इस वजह से यह दिक्कत हुई है. निकोलस पूरव इतनी अच्छी फार्म में थे कि सभी टीमों ने उनको निशाने पर रखकर अपनी प्लानिंग बनाई. इस वजह से वह थोड़े असफल हुए. लेकिन पिछले दो माचो में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है. तेज गेंदबाजों के अनफिट होने को लेकर एक बात स्पष्ट है कि अब क्रिकेट बदल चुका है. पहले से ज्यादा क्रिकेट हो रहा है और तनाव भी ज्यादा है. पहले जैसा खान-पान भी अब नहीं है इसलिए खिलाड़ी ज्यादा अनफिट होते हैं.

# डी गुकेश ने नाकामुरा को हराया, नॉर्वे शतरंज टूनार्मेंट में लगातार दो हार के बाद दर्ज की पहली जीत



**स्टावेंजर (नॉर्वे),29 मई।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने गुरुवार, 29 मई 2025 को आखिरकार अपने 19वें जन्मदिन पर संयुक्त राज्य अमेरिका के विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराकर नॉर्वे शतरंज में 3 अंकों के साथ अपना खाता खोला.

पहले दो राउंड में विश्व नंबर 1 नॉर्वेजियन मैग्नस कार्लसन और हमवतन अर्जुन एरिगैसी से लगातार हार का सामना करने करने वाले गुकेश ने सबसे अच्छे रैपिड और ब्लिट्ज खिलाड़ियों में से एक नाकामुरा को समय के दबाव में लाकर 42 चालों में गेम जीत लिया.

गुकेश, पिछले दो मैचों में लगातार समय के दबाव में थे. लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने नाकामुरा को छह खिलाड़ियों वाले डबल राउंड-रॉबिन टूनार्मेंट के तीसरे राउंड में घड़ी की ओर घूरने पर मजबूर कर दिया. डी गुकेश ने इस मैच को जीतने के बाद कहा, मैं काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं. मुझे लगता है कि मेरा टाइम मैनेजमेंट आज पहले से कहीं बेहतर था. उनके (नाकामुरा) पास ड्रॉ के कुछ मौके थे, लेकिन मुझे लगता है, कुल मिलाकर, यह अच्छा था. यह पूछे जाने पर कि क्या वह टूनार्मेंट के आगे बढ? के साथ आर्मगेडन टाई-ब्रेक में सहज होंगे, गुकेश ने कहा, हां, मेरा मतलब है कि किसी समय यह निश्चित रूप से आएगा. लेकिन अभी, मैं बस इस (जीत) से खुश हूं. गुकेश, जिन्होंने पिछले दिसंबर में विश्व खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को हराया था, ने स्वीकार किया कि पिछले दो गेम, जिन्हें उन्होंने खो दिया, उनके लिए कठिन थे. उन्होंने कहा, जाहिर है, पिछले दो गेम थोड़े कठिन थे. लेकिन आज मैंने इसे एक नए टूनार्मेंट की तरह खेलने की कोशिश की. खुशी है कि मैंने (इस तरह) खेला. यह पूछे जाने पर कि क्या जीत पिछले दिनों की तुलना में घड़ी को बेहतर तरीके से प्रबंधित करने का सीधा परिणाम थी, उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले दो गेम में यह स्पष्ट रूप से भयानक समय प्रबंधन था. उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मेरा टाइम मैनेजमेंट और मेरा खेल (आज) बहुत अच्छा था.

# आईपीएल में आज पंजाब और बेंगलुरु के बीच फाइनल में पहुंचने की जंग

**मुल्लांपुर,29 मई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के क्वालीफायर-1 में आज पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला शाम 7:30 बजे से महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर, चंडीगढ़ में खेला जाएगा. जो भी टीम आज के इस मुकाबले को जीतेगी वह सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी. हालांकि, हारने वाली टीम को क्वालिफायर-2 के जरिए फाइनल में पहुंचने का एक और मौका मिलेगा. ऐसे में दोनों टीमें आज क्वालीफायर-1 में जीत हासिल कर फाइनल का डायरेक्ट टिकट कटाने के लिए मैदान पर उतरेंगी. दोनों टीमें अपने पहले आईपीएल खिताब को जीतने की तलाश में हैं. आईपीएल क्वालिफायर-1 के लिए रजत पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को फेवरेट माना जा रहा है. इस टीम ने मौजूदा आईपीएल सीजन में घर से बाहर खेले गए सभी 7 मैचों में जीत दर्ज कर रिकॉर्ड बनाया है. आरसीबी ने 20 अप्रैल को खेले गए आईपीएल 2025 के लीग मैच में पंजाब किंग्स को इसी मैदान पर 7 विकेट से हराया था. आरसीबी ने पहले पीबीकेएस को 157 के स्कोर पर रोक दिया था. फिर, 7 गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल करते हुए 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की थी. आरसीबी के लगभग सभी खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं और टीम को मैच जीता रहे हैं. वहीं, पंजाब किंग्स की टीम आज अपने होम ग्राउंड पर खेलने का फायदा उठाना चाहेगी. स्टार बल्लेबाज और चतुर कप्तान श्रेयस अय्यर की कमान वाली यह टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष में रहते हुए क्वालीफायर-1 में पहुंची है. पंजाब किंग्स की गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों काफी मजबूत नजर आ रही हैं. भले ही पंजाब की टीम को आरसीबी ने इसी मैदान पर हराया हो. लेकिन, पंजाब ने भी इसी आईपीएल सीजन में आरसीबी को उसके घर चिन्नास्वामी स्टेडियम में 5 विकेट से मात दी थी. दोनों टीमें मजबूत और अच्छा खेल रही हैं, ऐसे में दोनों टीमों के बीच आज आईपीएल 2025 के क्वालीफायर-1 में कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच हेड टू हेड

## छोटी खबरें

### विराट कोहली के संन्यास लेने से परेशान थीं हरभजन सिंह की बेटी हिनाया, भज्जी से पूछा था ये प्यारा सवाल



**इंदौर।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली ने १२ मई को सोशल मीडिया के जरिए टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर प्रशंसकों को चौंका दिया था। प्रशंसकों को उनके इस फैसले से काफी निराशा हुई थी।

इस खबर ने न केवल फैंस, बल्कि पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह की ८ साल की बेटी हिनाया को भी हैरान कर दिया था। हरभजन ने हाल ही में एक भावुक किस्सा साझा किया, जिसमें हिनाया ने कोहली से उनके संन्यास के बारे में सवाल किया।

**हिनाया का सवाल और कोहली का जवाब**

इंस्टेंट बॉलीवुड को दिए इंटरव्यू में हरभजन ने बताया कि हिनाया कोहली के संन्यास से इतनी आहत थी कि उसने बार-बार पूछा कि विराट ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास क्यों लिया? हरभजन के पास इसका कोई जवाब नहीं था। हिनाया ने कोहली को सीधे मैसेज भेजकर लिखा कि मैं हिनाया, विराट। आपने संन्यास क्यों लिया? कोहली ने बड़े ही प्यार से जवाब दिया कि बेटा, अब समय हो गया है। इस जवाब ने हरभजन और हिनाया के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

**शुभमन गिल के नेतृत्व में इंग्लैंड दौरा**

कोहली के संन्यास के बाद भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे के लिए तैयार है, जिसका नेतृत्व युवा बल्लेबाज शुभमन गिल करेंगे, जबकि ऋषभ पंत उप-कप्तान होंगे।

हरभजन ने इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि शुभमन ने फ्रेंचाइजी क्रिकेट में नेतृत्व क्षमता दिखाई है। हालांकि, इंग्लैंड दौरा आसान नहीं होगा।

**च्जल्दबाजी में फैसला न करें**

हरभजन ने प्रशंसकों से धैर्य रखने की अपील की और कहा कि अगर टीम जीत नहीं पाती, तो भी हमें जल्दबाजी में फैसला नहीं करना चाहिए। यह युवा टीम अनुभव हासिल करेगी। हमें उनका समर्थन करना होगा।ज्ज

### सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में 1.06 लाख करोड़ रुपए का प्रीमियम किया इकट्ठा

**नई दिल्ली ,29 मई ।** केंद्र सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनियों (पीएसजीआईसी) का एकत्र किया कुल प्रीमियम वित्त वर्ष 2019 में लगभग 80,000 करोड़ रुपए से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में लगभग 1.06 लाख करोड़ रुपए हो गया है। समग्र सामान्य बीमा उद्योग ने भी वृद्धि दर्ज की, जिसमें कुल प्रीमियम संग्रह वित्त वर्ष 2024-25 में 3.07 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया। पीएसजीआईसी के साथ एक बैठक में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रीमियम संग्रह, बीमा पेनेट्रेशन और डेनसिटी, दावों के अनुपात सहित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों की समीक्षा की।

इस बैठक में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू और पीएसजीआईसी- न्यू इंडिया एश्योरेंस, यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस, ओरिएंटल इंश्योरेंस और नेशनल इंश्योरेंस, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (पुनबीर्मा), एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशकों के साथ-साथ वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

भारत में सामान्य बीमा की पहुंच जीडीपी के 1 प्रतिशत पर अपेक्षा से कम बनी हुई है। 2023 में वैश्विक औसत 4.2 प्रतिशत की तुलना में बीमा घनत्व में लगातार सुधार हुआ है, जो 2019 में 9 डॉलर था तो 2023 में बढ़कर 25 डॉलर पहुंच गया।

## ---------------------------- व्यापार/फिल्म ----------------------------

# ई-कॉमर्स कंपनियां डार्क पैटर्न की पहचान करें, फिर हटाने के लिए करें सेल्फ-ऑडिट : केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी



**नई दिल्ली ,29 मई ।** डिजिटल कॉमर्स में डार्क पैटर्न को लेकर बढ़ती चिंता को दूर करने के लिए सरकार ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों को उपभोक्ता संरक्षण के अनुपालन में डार्क पैटर्न का एनालिसिस करने और उसे हटाने के लिए सेल्फ-ऑडिट के निर्देश दिए हैं।

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने जिम्मेदार उद्योग व्यवहार के महत्व पर जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री ने सभी कंपनियों से दिशानिदेर्शो का पूरी तरह से पालन करने और उन्हें आंतरिक प्रशासन और उपभोक्ता संरक्षण तंत्र में एकीकृत करने का आग्रह किया।

एक उच्च स्तरीय हितधारक बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज के उपभोक्ता सतर्क, सूचित और अपने अधिकारों के प्रति तेजी से जागरूक हो रहे हैं, वे धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उपभोक्ता मामले विभाग ने भ्रामक ऑनलाइन आचरण को समाप्त करने पर केंद्रित बातचीत के लिए एक बैठक बुलाई। इस बैठक में प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों, उद्योग संघों, स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के प्रमुख प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) पर डार्क पैटर्न से जुड़े उपभोक्ता शिकायतों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सभी प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों को स्पष्ट निर्देश जारी किया कि वे अपने प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की पहचान करने और उन्हें खत्म करने के लिए नियमित आंतरिक ऑडिट करें।

उन्होंने कहा, कंपनियों को केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की कार्यवाही का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्हें नोटिस जारी होने से पहले इन भ्रामक आचरण को सक्रिय रूप से पहचानना चाहिए और उन्हें खत्म करना चाहिए। यह केवल विनियामक का अनुपालन नहीं है, यह कंपनियों का उपभोक्ताओं के साथ विश्वास बनाए रखने के लिए भी जरूरी है।

उन्होंने आगे कहा कि डार्क पैटर्न बस्टर हैकाथॉन 2023 के जरिए सामने आए रचनात्मक विचारों और तकनीकी समाधानों ने आईआईटी बीएचयू के साथ मिलकर विभाग को तीन शक्तिशाली उपभोक्ता संरक्षण उपकरण - जागृति ऐप, जागो ग्राहक जागो ऐप और जागृति डैशबोर्ड विकसित करने और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा, ये उपकरण ऑनलाइन उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाली भ्रामक डिजाइन आचरण से निपटने के हमारे संकल्प का प्रमाण हैं। उन्होंने बताया कि जागृति ऐप उपभोक्ताओं को ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर डार्क पैटर्न की रिपोर्ट सीधे सीसीपीए को करने में सक्षम बनाता है और संदिग्ध वेबसाइटों की पहचान करता है, जबकि जागो ग्राहक जागो ऐप उपयोगकर्ताओं को जाली प्लेटफॉर्म से बचाता है और उपभोक्ता द्वारा देखे जा रहे ई-कॉमर्स लिंक के लिए रियल टाइम सुरक्षा स्कोर प्रदान करता है। इसके अलावा, जागृति डैशबोर्ड एक मजबूत विश्लेषणात्मक उपकरण के रूप में कार्य करता है, जो सीसीपीए की जांच के तहत ई-कॉमर्स प्लेटफार्मो के लिए डार्क पैटर्न पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करता है।

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये प्रयास डिजिटल बाजार में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

### रेडिको खेतान ने सार्वजनिक विरोध के बाद 'त्रिकालइ व्हिस्की ब्रांड वापस लिया

**नई दिल्ली ,29 मई ।** भारत की अग्रणी शराब निमार्ता कंपनियों में से एक रेडिको खेतान ने धार्मिक समूहों, सोशल मीडिया यूजर्स और राजनीतिक हस्तियों की आलोचना के बाद अपने नए लॉन्च किए गए व्हिस्की ब्रांड त्रिकाल को वापस लेने की घोषणा की है। दावा किया गया था कि इस ब्रांड का नाम और छवि धार्मिक भावनाओं को आहत करती है।

बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कंपनी ने कहा, हम सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक गौरवशाली भारतीय कंपनी हैं। इस भूमि पर जन्मी, इसके लोगों द्वारा निर्मित और इसके मूल्यों को बनाए रखने के लिए समर्पित। हम हर भारतीय की भावनाओं को अपने दिल के करीब रखते हैं और हमारी साझा पहचान के लिए बोलने वाली हर आवाज का सम्मान करते हैं। हम समझते हैं कि ब्रांड के नाम को लेकर चिंताएं जताई गई हैं। एक जिम्मेदार और संवेदनशील संगठन के रूप में, आंतरिक समीक्षा के बाद, हमने ब्रांड को वापस लेने का फैसला किया है। नाम के पीछे की प्रेरणा को समझाते हुए, कंपनी ने कहा कि त्रिकाल संस्कृत से आया है और इसका अर्थ है तीन बार - अतीत, वर्तमान और भविष्य का जिक्र। यह प्रगति और नवाचार को गले लगाते हुए भारत की समृद्ध विरासत का सम्मान करने में हमारी गहरी जड़ें जमाए हुए विश्वास को दशार्ता है।

# हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 81,500 स्तर से ऊपर




**मुंबई ,29 मई ।** सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बीच गुरुवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान में खुले। शुरूआती कारोबार में आईटी और मेटल सेक्टर में खरीदारी देखी गई।

सुबह करीब 9.29 बजे, सेंसेक्स 237.56 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 81,549.88 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 57.00 अंक या 0.23 प्रतिशत बढ़कर 24,809.45 पर था निफ्टी बैंक 86.95 अंक या 0.16 प्रतिशत बढ़कर 55,503.95 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 105.80 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 57,247.20 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 85.20 अंक या 0.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,869.20 पर था।

विश्लेषकों के अनुसार, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई और फिर भी इंडिया विक्स में भी गिरावट रही। यह नीचे की ओर सुरक्षा के लिए मांग की कमी को दशार्ता है, जिसे लोग तब नहीं देखते जब लोग बियरिश होते हैं।

एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख अक्षय चिंचलकर ने कहा, हम 24,462 को महत्वपूर्ण स्तर मानते हैं, जो यह तय करेगा कि यह निकट अवधि में गिरावट है या और गहरी गिरावट की शुरूआत है। वर्तमान में, हम इससे ऊपर बने हुए हैं इसलिए हमारा मानना है कि यह अभी भी खरीदारों का बाजार है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में इंफोसिस, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, पावर ग्रिड, टीसीएस और एलएंडटी टॉप गेनर्स थे। जबकि, केवल बजाज फाइनेंस टॉप लूजर था। एशियाई बाजारों में हांगकांग, बैंकॉक, सोल, चीन और जापान हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि केवल जकार्ता लाल निशान में कारोबार कर रहा था।

अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में, डॉव जोन्स 244.95 अंक या 0.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 42,098.70 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 32.99 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,888.55 पर बंद हुआ और नैस्डैक 98.23 अंक या 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,100.94 पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ संबंधी खबरों का बाजारों पर असर जारी है। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, अमेरिकी संघीय अदालत का रेसिप्रोकल टैरिफ को खारिज करना एक स्पष्ट संदेश है कि राष्ट्रपति अपने फैसलों से बाजारों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं कर सकते। संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध खरीदार रहे और उन्होंने 28 मई को 4,662.92 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 7,911.99 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

राजधानी
अम्बिकावाणी
अम्बिकापुर, शुक्रवार 30 मई, 2025
8

## मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश शासन के शहरी विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य एवं क्षेत्रीय विकास से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री विजयवर्गीय का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें छत्तीसगढ़ की पारंपरिक संस्कृति का प्रतीक शॉल एवं नंदी भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज भी उपस्थित थे।

**न्यूज गैलरी**

## युवा शक्ति है राष्ट्र शक्ति- मुख्यमंत्री

00मुख्यमंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नागरिक अभिनंदन समारोह में हुए शामिल




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के तहत आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। हमारे देश में विश्व में सबसे ज्यादा युवा हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह बहुत खुशी की बात है की छत्तीसगढ़ की धरती पर यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक आयोजित हो रही है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा के सभी शीर्षस्थ संस्थान स्थापित हैं। आज हमारे प्रदेश में युवा आईआईटी, एम्स, ट्रिपल आईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों में पढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति लागू है। नई शिक्षा नीति के तहत हम युवाओं को रोजगार से भी जोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रयास जैसी संस्था स्कूली बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही है। प्रयास में पढ़े बच्चे बड़ी संख्या में प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ऐसे युवा जो सिविल सेवा आदि परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए नई दिल्ली में ट्राइबल यूथ हॉस्टल स्थापित है। हमने इस ट्राईबल यूथ हॉस्टल की क्षमता को बढ़ाकर 200 सीट कर दिया है। प्रदेश भर में हम नालंदा परिसर बना रहे हैं जहां बच्चे एक शांत वातावरण में पढ़ाई कर सकें। हमने यहां पहल की है कि मेडिकल की पढ़ाई भी छात्र हिंदी भाषा में कर पाएं। प्रदेश में प्राथमिक स्तर के बच्चों को उनकी मातृभाषा गोंडी, हल्बी आदि में शिक्षा दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की पूरे देश में सराहना की जा रही है। नई औद्योगिक नीति के तहत हम न सिर्फ राज्य में निवेश ला रहे हैं बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर चिप निर्माण और एआई डाटा सेंटर का कार्य प्रारंभ हुआ है। इन क्षेत्रों में भी युवाओं के रोजगार की बड़ी संभावना सृजित होगी। हमारी सरकार ने पीएससी में हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को सौंपी है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान डेढ़ साल में सरकार द्वारा किये कार्यो का फीडबैक हम जनता से ले रहे हैं। सुशासन तिहार का अभी तीसरा चरण चल रहा है, जिसके तहत हम पूरे प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं। प्रथम चरण में जो आवेदन प्राप्त हुए उनका द्वितीय चरण में हमारे अधिकारियों के द्वारा निराकरण किया गया। अब तृतीय चरण में हम जनता के पास जा रहे हैं। डेढ़ साल में हमने प्रधानमंत्री मोदी की अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। लोगों से प्रधानमंत्री आवास देने का जो वादा हमने किया था उसे निभाया है। 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन की राशि मिल रही है। सुशासन तिहार के दौरान नारायणपुर में एक महिला ने मुझे यह बहुत खुशी से बताया कि महतारी वंदन की राशि से उसने एक सिलाई मशीन खरीदी है। जिसके माध्यम से वह 4 से 5 हजार की कमाई कर रही है। इसी तरह एक बहन ने बताया कि वह इस राशि से किराना दुकान चला रही है और दो से तीन हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां सुशासन एवं अभिसरण विभाग प्रारंभ किया गया है। सरकार के सारे काम पारदर्शिता से हो रहे हैं। हम अब डिजिटाइजेशन की तरफ बढ़ रहे हैं। ई-फाइल के माद्यम से फाइलें अब ऑनलाइन हैं। भ्रष्टाचार के सारे रास्ते हम बंद कर रहे हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक श्री किरण देव, विधायक श्री मोतीलाल साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## कोयला लेवी घोटाले में रानू, सौम्या और सूर्यकांत को मिली जमानत, लेकिन रहना होगा जेल में



**रायपुर।** कोयला लेवी घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, सूर्यकांत तिवारी और सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता व अन्य की डबल बैंच ने सुनवाई के बाद अंतरिम जमानत दी। लेकिन गवाहों को प्रभावित करने की आशंका के चलते इनके छत्तीसगढ़ में रहने पर पाबंदी लगाई गई है। कोर्ट ने जमानत कड़ी शर्तों के साथ दी है। इन आरोपियों को ईओडब्ल्यू में चल रहे कई अन्य मामलों की वजह से फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

# छत्तीसगढ़ में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

00 गरीब परिवारों को पक्का मकान देकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को कर रहे हैं पूराः मुख्यमंत्री साय
00 भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सहित विभिन्न विकास कार्यों के लिए दी साढ़े 3 करोड़ की सौगात
00भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की घोषणा, 00 मुख्यमंत्री ने 110 हितग्राहियों को सौंपी पीएम आवास की चाबी
00 मुख्यमंत्री भैंसा में आयोजित सुशासन तिहार में ग्रामीणों से हुए रूबरू







**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर जिले के ग्राम भैंसा में आयोजित सुशासन शिविर में शामिल हुए। उन्होंने इस मौके पर देश भर में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 29 मई से 12 जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 110 पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूवात हो रही है। इस अभियान में केंद्र सरकार के वैज्ञानिक भी आएंगे और राज्य के वैज्ञानिकों के साथ दल बनाकर कार्य करेंगे। राज्य के 13 लाख से अधिक किसानों से आने वाले दिनों में सम्पर्क कर हम राज्य में कृषि विकास हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर कृषि वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रयोग शाला से खेत तक जाकर उन्नत एवं संतुलित कृषि के संबंध में किसानों को जागरूक करेंगे तथा किसानों से भी सुझाव लेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के हर गरीब के पास पक्का मकान होना चाहिए। हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा करने राज्य के मकान विहीन वाले एवं गरीब परिवारों को 18 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान की है। लाखों लोगों को उनके पक्के आवास मिल चुके हैं। साथ ही शेष बचे हुए मकानों का निर्माण जारी है, उन्होंने कहा कि आवास प्लस प्लस में सब बचे हुए पात्र लोगों को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में 70 लाख से ज्यादा बहनों के खातों में महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि अंतरित किए जा रहे हैं। जिनका नाम नही जुड़ा, उनके लिए भी जल्द ही योजना में नाम जोड ? का काम शुरू किया जाएगा।

**हितग्राहियों से लिया फीडबैक**

मुख्यमंत्री साय ने समाधान शिविर में हितग्राहियों से चर्चा कर योजनाओं के फीडबैक लिए। हितग्राही श्री चमार सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि गिरते हुए जल स्तर को ध्यान में रखते हुए धान की खेती के अलावा उद्यानिकी और कम पानी खर्च और अधिक आमदनी वाले फसलों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने जैविक कृषि के लिए भी किसानों से अपील की। श्रीमती चंदन ने महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि वे इस योजना के पैसे का उपयोग बच्चों की पढ़ाई के साथ ही अन्य जरूरत पर करते हैं।

**मुख्यमंत्री की घोषणाएं**

मुख्यमंत्री श्री साय ने समाधान शिविर में क्षेत्र के विकास के लिए लगभग साढ़े 3 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यो की घोषणा की। इनमें ग्राम भैसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 75 लाख रूपए, हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख 23 हजार रूपए पानी टँकी एवं पाइप लाइन विस्तार हेतु 55 लाख, हायर सेकेंडरी स्कूल के लिए 50 लाख रूपए, अहाता एवं शेड निर्माण के लिए 20 लाख रूपए, ग्राम अमोड़ी में पाइप लाइन विस्तार के लिए 42 लाख रूपए, हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 24 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने इस मौके पर भैंसा में नवीन नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने शिविर में कृषि पत्रिका का भी विमोचन किया। समाधान शिविर में कृषि विभाग के योजनाओं के तहत हितग्राहियों का कृषि उपकरणों हेतु अनुदान चेक, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकल, किसान क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किए।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रिसर्च सिर्फ लैब तक न रहे, लैब से निकलकर वैज्ञानिक गांव-गांव तक जाए और किसानों तक जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया। यहां केंद्र सरकार के 100 वैज्ञानिक आएंगे, साथ ही यहां के वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी हर दिन 2-2 कैंप करेंगे और किसान को उन्नत और संतुलित खेती के संबंध में जानकारी देंगे। उन्होंने राज्य के किसानों को अपील करते हुए कहा कि इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा किसान शामिल हो। कौन सी खेत में क्या फलस लेना है कितनी खाद-बीज और दवाई की जरूरत है के संबंध में चर्चा करें और कृषि को उन्नत बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सोच है कि हमारे किसान जितने मजबूत होंगे, उतना देश शक्तिशाली और मजबूत होगा। कार्यक्रम को स्थानीय विधायक गुरू खुशवंत साहेब ने भी संबोधित किया और क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यो के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांग रखी। समाधान शिविर में कलेक्टर रायपुर श्री गौरव सिंह ने बताया कि जिले में प्रथम चरण में 2,98,635 आवेदन प्राप्त हुए तथा शिविरों के माध्यम से 12,003 आवेदन मिले इनमें मांग 2,89,968 और शिकायतों के 8641 प्राप्त हुए। सभी आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। मात्र शिकायतों के 26 प्रकरण लंबित है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए भी शिविर लगाए गए थे। इन शिविरों में 5000 से अधिक लर्निंग लाइसेंस बनाए गए हैं।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंक राम वर्मा, छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चंद्राकर, किसान कल्याण परिषद के अध्यक्ष श्री सुरेश चंद्रवंशी, कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव श्रीमती सहला निगार, रायपुर संभाग के आयुक्त श्री महादेव कावरे, एस.एस.पी श्री लाल उमेद सिंह, जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार विश्वरंजन और नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर का शासन प्रजा कल्याण, राष्ट्र निर्माण और न्याय का स्वर्ण युग - मुख्यमंत्री

00 पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर मुख्यमंत्री निवास में संगोष्ठी आयोजित
00 मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल प्रमुख वक्ता के रूप में हुए शामिल



**रायपुर।** पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती पर आज राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संगोष्ठी की अध्यक्षता की। मध्यप्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रमुख वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित किया। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री तोखन साहू और कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम भी संगोष्ठी में शामिल हुए। विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी, समाज सेवी, डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, वकील और साहित्यकार भी बड़ी संख्या में संगोष्ठी में मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संगोष्ठी में राजमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदानों को स्मरण करते हुए उन्हें भारत की सांस्कृतिक एकता और सुशासन का प्रतीक बताया। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होल्कर के करीब 30 वर्षो के शासन को प्रजा कल्याण, राष्ट्र निर्माण और न्याय का स्वर्ण युग कहा। उन्होंने कहा कि इंदौर की महारानी होने के बावजूद राजमाता ने स्वयं को किसी एक भौगोलिक सीमा में नहीं बांधा। उन्होंने देशभर में मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। उन्होंने रामराज्य की अवधारणा को साकार करते हुए तीन दशकों तक होल्कर राजवंश का नेतृत्व किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को ऐतिहासिक बताया। पेशवा माधवराव की इच्छा के अनुरूप राजमाता ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण कर करोड़ों आस्थावानों की भावना को सम्मान दिया। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का भी ऐतिहासिक निर्णय लिया, जो भारत की सांस्कृतिक पुनर्स्थापना का प्रतीक बना। श्री साय ने कहा कि आज इंदौर देश में स्वच्छता में अग्रणी है, इसके पीछे राजमाता द्वारा स्थापित गुड गवर्नेंस की प्रेरणा है। वे न्यायप्रिय थीं। उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को भी न्याय के लिए दंड देने से परहेज नहीं किया।

मध्यप्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने संगोष्ठी को प्रमुख वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने 1767 से 1795 तक अपने 28 वर्षो के शासन काल में धर्मसत्ता और न्यायसत्ता की आवाज बुलंद की। उन्होंने अपने जीवन में तमाम विपत्तियों के बीच अनेक अनुकरणीय कार्य किए। उन्होंने अपने शासन काल में सार्वजनिक धन और राजकोष के सदुपयोग की मिसालें कायम की। राजसत्ता की कोई राशि कभी अपने लिए खर्च नहीं की। श्री पटेल ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर अपने पति के निधन के बाद कभी राजमहल में नहीं रहीं। झोपड़ी में अपना जीवन बिताया। न्याय के लिए उन्होंने अपने पुत्र को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। उन्होंने अपने शासन में विधवाओं को दत्तक पुत्र लेने की अनुमति प्रदान की। रानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रजाहितैषी और कल्याणकारी कार्यों के कारण उनके राज्य के लोगों ने उन्हें लोकमाता का दर्जा दिया था।

विधायक श्री किरण देव और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष श्री नारायण चंदेल ने भी संगोष्ठी में रानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व, कार्यों और उनके शासन काल की विशेषताओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने सुशासन, न्यायप्रियता एवं लोक कल्याणकारी कार्यों के माध्यम से भारतीय इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। संगोष्ठी के माध्यम से आज हम उनके विचारों का स्मरण कर रहे हैं। उनके कार्य हमें सामाजिक समरसता और जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। यह संगोष्ठी आज की पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

संगोष्ठी में धनकर समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को रानी अहिल्याबाई होल्कर का तैलचित्र भेंट किया। विधायकगण सर्वश्री सुनील सोनी, मोतीलाल साहू और पुरंदर मिश्रा, राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर, रायपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, पूर्व मंत्री श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, सीएसआईडीसी के पूर्व अध्यश्र श्री छगन मूंदड़ा और श्री शंकर अग्रवाल सहित कई निगमों, मंडलों, आयोगों के पदाधिकारी और युवा बड़ी संख्या में संगोष्ठी में उपस्थित थे।

## मोदी और साय सरकारों के कार्यकाल में किसानों के हुए विकास की प्रामाणिकता को सारे आँकड़े स्वयं ही सिद्ध कर रहे - देव

00 खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि और किसान हितैषी निर्णयों के लिए मोदी का अभिनंदन



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एन.डी.ए.) की केंद्र सरकार द्वारा सत्र 2025-2026 के लिए धान और कपास समेत 14 खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य फिर से बढ़ाने के किसान हितैषी निर्णय के लिए बधाई देकर छत्तीसगढ़ के भाजपा-परिवार और किसानों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है। देव ने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में हुई 50 फीसदी बढोतरी किसानों के लिए सौगात है। भाजपानीत राजग सरकार ने 10 साल में किसानों के हित के लिए काम किया है, साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है और दो साल का बोनस दिया। देव ने कहा कि अपने 10 सालों के कार्यकाल में मोदी सरकार ने जमीन आसमान के अंतर वाला काम करके दिखा दिया है। कृषि का जो बजट कांग्रेस शासनकाल में 27हजार करोड रुपए हुआ करता था, प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में अभी यह बजट 1.27लाख करोड रुपए को भी पार कर गया है। 5 गुना बढ़ोतरी का यह बजट है। साथ ही देश के करोड़ों किसानों को किसान सम्मन निधि मिल रही है। धान के समर्थन मूल्य में 2004 से 2014 तक केवल 4 लाख करोड़ रुपए का भुगतान हुआ वही मोदी सरकार में 14 लाख करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। गेहूँ में 2 लाख करोड रुपए का भुगतान कांग्रेस सरकार ने किया था, मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने 5.30 लाख करोड़ रु का भुगतान किया है। किसानों के डेढ़ लाख करोड़ रुपए के बीमा के सेटलमेंट हुए हैं। इसके साथ-ही-साथ 1,389 मण्डियाँ ई-नाम से जुड़ी हैं, उर्वरक की सब्सिडी में 500 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। श्री देव ने कहा कि भाजपानीत राजग की केंद्र और प्रदेश की साय सरकार के कार्यकाल में किसानों का जो विकास हुआ है, सारे आँकड़े इसकी प्रामाणिकता को स्वयं ही सिद्ध कर रहे हैं।


## घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकी मिली महिला का शव

**रायपुर।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेंद्री में एक महिला का शव घर के अंदर फांसी के फंदे में लटका हुआ मिला। राखी पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए उसे भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। मृतका देवांगन परिवार की सदस्य है और शव जिस स्थिति में मिला है, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला का पूरी तरह नकाब से ढंका गया था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना राखी पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी, लेकिन प्रारंभिक साक्ष्य इसे सिर्फ आत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं।

■ स्वामी, मुद्रक प्रकाशक- महेन्द्र सिंह टुटेजा, नरेन्द्र सिंह टुटेजा द्वारा टुटेजा मीडिया पब्लिकेशन, नमनाकला, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित, 0 प्रधान संपादक-महेन्द्र सिंह टुटेजा, Mo. 8223000155, 94252 56303, 98261 83780 ■ RNI No. 50247/89 ■ Postal Regn No./ छ.ग./रायगढ़/009/2016 से 2018 ■ Email- ambikavanisurguja@gmail.com

KJ
स्थापना - 1928
100% Hallmark Jewellery
कंचन ज्वैलर्स
स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का विशाल संग्रह
सदर रोड, अम्बिकापुर, सरगुजा (छत्तीसगढ़)
फोन - 07774-222309

सरगुजा संभाग
# अम्बिकावाणी
सरगुजा ■ कोरिया ■ सूरजपुर ■ बलरामपुर ■ जशपुर



जब हम क्रोध की अग्नि में जलते है तो इसका धुआं हमारी ही आंखों में जाता है।

श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन, चठीरमा में रजत जयंती उत्सव धूमधाम से संपन्न - 10


अम्बिकापुर शुक्रवार, 30 मई 2025

महोरा एनीकट में डूबे दोनो बच्चों का 24 घण्टे बाद मिला शव,सदमे में परिजन- 12

## अम्बिकापुर निगम के पीडब्ल्यूडी कमरे में शार्ट सर्किट से लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

### धुआं भरने से घंटों कामकाज ठप,अफरा-तफरी मची





**अंबिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर निगम कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। लोक निर्माण विभाग के कमरे से निकल रहा धुआं पूरे निगम कार्यालय में फैल गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है निगम के दस्तावेजों को जलने से बचा लिया गया, लेकिन धुएं के कारण घंटों निगम का कामकाज ठप रहा। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह निगम के कर्मचारी ड्यूटी पर पहुंचे। कुछ देर में कर्मचारियों ने निगम के लोक निर्माण शाखा के कमरे से धुआं निकलते देखा। इसकी सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी गई। कर्मचारियों ने कमरे में रखे दस्तावेजों को बाहर निकालना शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया।

आग पर काबू पाने के कुछ देर बाद फिर से आग भड़क गई, जिसे बुझा लिया गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है। आग का धुआं पूरे निगम परिसर में फैल गया। जिस कारण निगम का कामकाज ठप हो गया। निगम के अधिकारी-कर्मचारी बाहर खड़े रहे। निगम की बिजली भी बंद कर दी गई।

### निगम के दस्तावेज सुरक्षित-आयुक्त

निगम के आयुक्त डीएन कश्यप ने कहा कि, आग शार्ट सर्किट के कारण लगना बताया गया है। सभी दस्तावेजों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिससे दस्तावेजों का नुकसान नहीं हुआ है। धुआं भरने से कामकाज प्रभावित हुआ है।

## सरगुजा के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय सीनियर किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 में लहराया परचम

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
२६ एवं २७ मई को कोरबा में आयोजित १२वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप २०२५ में सरगुजा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल १३ स्वर्ण पदक हासिल किए।

पुरुष वर्ग में सरवर एक्का, गन्नू खत्री,आशीष तिर्की, विनय सिंह मरकाम,अमरेन्द्र सिंह,लकी ठाकुर, न्यूटन कुजूर, महिला वर्ग में स्वाति राजवाड़े, सोनिया सिंह,संजना मिंज,निशा ,प्रीति पैकरा ने कुल १३ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सभी खिलाड़ियों का चयन वाको इंडिया नेशनल किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप २०२५ के लिए हो गया है, जो कि १६ से २० जुलाई २०२५ तक रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित होगी।

सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं



सदस्यों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह,उपाध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव सरवर एक्का,उप सचिव नितिन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष श्रीमती वर्षा गुप्ता सहित सदस्यगण प्रत्युष पांडेय,दीपक प्रजापति,अतुल मेहता, रेखा मेहता,खेलावन दास, चंदू ने सभी ने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि यह प्रदर्शन आने वाले समय में सरगुजा जिले को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित करेगा।

## सायकल रैली का आयोजन 1 जून को

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**
संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में ०३ जून २०२५ को सायकल दिवस के अवसर पर फिटनेस को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल कराने के उद्देश्य से ०१ जून २०२५ दिन रविवार को जिला मुख्यालय अंबिकापुर में सायकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पुरुष, महिला, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं आम नागरिक जन शामिल हो सकते हैं।

सायकल रैली का आयोजन प्रतापपुर रोड से स्थित वाटर पार्क (सरगंवा) से प्रातः ०६:०० बजे प्रारम्भ होकर कल्याणपुर तक जाना है एवं वापसी पुनः वाटर पार्क पर सम्पन्न होगी। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में अलग-अलग प्रथम से तीसरे स्थान तक नकद पुरूस्कार एवं चौथे से दसवें स्थान तक को सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया जाएगा।

## नारकोटिक्स युक्त इंजेक्शन एवं सिरफ की तस्करी के मामले मे महिला समेत 2 आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
नारकोटिक्स युक्त इंजेक्शन एवं सिरफ की तस्करी के मामले मे महिला समेत कुल २ आरोपीयों को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लगभग ७५ हजार रुपए की अवैध नशीली दवाएं बरामद की गई है।

आरोपियों के कब्जे से ७१ नग प्रतिबंधित इंजेक्शन एवं ६ नग नारकोटिक्स युक्त सिरफ, जप्त किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को प्रतिबंधित नशीले पदार्थो की खरीद बिक्री मे शामिल आरोपियों पर सख़्ती से कार्यवाही किये जाने के दिशा निर्देश दिए गए थे, उक्त दिशा निदेर्शो के परिपालन मे पुलिस टीम द्वारा अवैध नशीले पदार्थो की तस्करी मे शामिल संदेहियो पर पैनी नजर रखी जा रही थी।इसी क्रम मे २९ मई कों थाना गांधीनगर पुलिस टीम द्वारा



दौरान पेट्रोलिंग बनारस रोड, बंधन होटल के आगे पहुंचने पर रोड के किनारे खड़ी एक महिला जो अपने हाथ में एक लेडिज पर्स तथा एक पुरूष जो अपने पीठ पर एक पिठ्ठु बैग टांगा हुआ था पुलिस वाहन को देख कर दौड़कर भागने लगे जिसे पुलिस स्टॉफ द्वारा पकड़कर पूछताछ किया गया जिनसे नाम पता, भागने का कारण व बैग व पर्स में रखे सामान के विषय में पुछने पर कोई स्पष्ट जवाब न देकर संदिग्धता प्रदर्शित किये।

संदिग्धों से से पूछताछ किये जाने पर अपना नाम श्रवण कुमार कुशवाहा आत्मज राम गुलाब कुशवाहा उम्र ३५ वर्ष निवासी सुभाषनगर, गायत्री राजवाड़े पति श्रवण कुमार कुशवाहा उम्र ३५ वर्ष निवासी सुभाषनगर थाना गांधीनगर का होना बताये। पुलिस टीम द्वारा संदेहियो की तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल ४० नग इंजेक्शन व कुल ३१ नग सिरफ
रखना पाये जाने से आरोपियों से उक्त नशीले पदार्थो के सम्बन्ध मे वैध दस्तावेज की मांग की गई, जो आरोपियों द्वारा कोई दस्तावेज नही होना तथा आरोपीया गायत्री द्वारा नगदी रकम को इंजेक्शन व सिरप के बिकी से प्राप्त होना बताया गया। आरोपीयों के द्वारा वाणिज्यक मात्रा में नार्कोटिक्स युक्त इंजेक्शन व सिरप रख कर परिवहन करना पाया जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से थाना गांधीनगर मे धारा २२(सी) एन. डी. पी. एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, आरोपियों से नारकोटिक्स युक्त इंजेक्शन एवं सिरफ को लाने एवं खपाने के सम्बन्ध मे पूछताछ की जा रही है, मामले मे अग्रिम जांच विवेचना जारी है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक गौरव कुमार पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक मेविस ज्योत्स्ना खाखा, आरक्षक अरविन्द उपाध्याय, विकास सिंह, ऋषभ सिंह, पवन यादव, घनश्याम देवांगन, सैनिक अनिल साहू सक्रिय रहे।

## सीतापुर में युवक के कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब जप्त



**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।** सरगुजा जिले के आदर्श नगर सीतापुर निवासी राजू बसोड़ के कब्जे से १४ लीटर महुआ शराब जप्त कर संभागीय उड़नदस्ता सरगुजा टीम ने जेल दाखिल किया है। आबकारी आयुक्त श्याम धावडे सर के निदेर्शानुसार तथा उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के मार्गदर्शन में २९ मई को गस्त के दौरान मुखबीर से प्राप्त सूचना पर जिला सरगुजा के सीतापुर थाना अंतर्गत आदर्श नगर निवासी राजू बसोड़ के घर की तलाशी में उसके घर के एक कमरे से १४ लीटर महुआ शराब और ६० किलो महुआ लाहन जप्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा ३४(१)क च ३४(२ ) एवं ५९ (क) के तहत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय अंबिकापुर में पेश किया गया जहां से जेल दाखिल का आदेश प्राप्त हुआ। उक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।। हमराह स्टाफ में आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारु राम रमेश दुबे एवं आरक्षक अशोक सोनी एवं महिला सैनिक राजकुमारी उपस्थित रहे।

डॉक्टर हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल-||
रानी तालाब के सामने, जिला अस्पताल रोड़ अम्बिकापुर
बिना ऑपरेशन बिना चीरा लगाये
इन्जेक्शन पद्यति के द्वारा दर्द का इलाज
DR. AYUSHEE GUPTA
Pain Physician MBBS,MD (Anesthesia )
FIPM (Delhi)
1. डिस्क प्रोलैप्स सायटिका -कमर एवं पैरो का दर्द,पैरों में झुनझुनी / सुनपन का एहसास
2. घुटने का दर्द- ओजोन,पीआरपी इंजेक्शन द्वारा ऑस्टियो आरथाइटिस का इलाज
3. फोजन शोल्डर (कंधे की अकड़न)
4. सरवाइकल डिस्क प्रोलैप्स ( गर्दन एवं हाथों का दर्द, शुनपन)
5. फाइब्रोमायलजिया एवं मायोफेशियल पेन
6. चेहरे या शरीर के किसी भी हिस्से में करंट का एहसास होना
7. माइग्रेन, टेंशन हेडेक
8. कैंसर का दर्द
प्रतिदिन दोपहर 02:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक
एक कदम दर्द मुक्त जिंदगी की ओर
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
7774222555,9425583780,9826183780
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

## पीजी कॉलेज: नियमों की धज्जियां! बैक वाले छात्रों को भी मिली पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में एंट्री

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
लगातार अपनी विवादास्पद कार्यशैली और कथित लापरवाही के कारण सुर्खियों में रहने वाले राजीव गांधी पीजी कॉलेज एक बार फिर गंभीर अनियमितता के घेरे में है। इस बार महाविद्यालय प्रबंधन ने शिक्षा के स्थापित नियमों को दरकिनार करते हुए एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने छात्रों और शिक्षाविदों को हैरान कर दिया है। मामला द्वितीय सेमेस्टर में बैक प्राप्त कुछ छात्रों को सीधे पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति देने से जुड़ा है।

उच्च शिक्षा के नियमों के अनुसार, किसी भी छात्र को अगले उच्च सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की पात्रता तभी मिलती है, जब वह उससे निचले सेमेस्टर की सभी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हो चुका हो या उसकी बैक परीक्षा क्लियर हो गई



हो। यह नियम छात्रों के शैक्षणिक प्रगति को सुनिश्चित करने और उन्हें उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए तैयार करने के उद्देश्य से बनाया गया है। हालांकि, राजीव गांधी पीजी कॉलेज प्रबंधन ने इस बुनियादी नियम को अनदेखा करते हुए कुछ ऐसे छात्रों को पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा का फॉर्म भरने और यहां तक कि परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी, जिनके द्वितीय सेमेस्टर में बैकलॉग था।

यह चौंकाने वाली घटना तब सामने आई जब इस बारे में आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव श्री रचित मिश्रा को जानकारी मिली। छात्रों से प्राप्त सूचना और संबंधित प्रमाणों के आधार पर, श्री मिश्रा ने तत्काल इस गंभीर मुद्दे को महाविद्यालय की प्राचार्य महोदया के समक्ष उठाया। उन्होंने प्राचार्य को उन छात्रों के बारे में विस्तार से बताया जिनके द्वितीय सेमेस्टर में बैक होने के बावजूद उन्हें पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने दिया गया। श्री मिश्रा ने इस संबंध में ठोस प्रमाण भी प्रस्तुत किए, जिससे महाविद्यालय प्रबंधन की इस स्पष्ट चूक को नकारा नहीं जा सका।

इस गंभीर अनियमितता पर अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए, आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव श्री रचित मिश्रा ने महाविद्यालय प्रबंधन के इस कृत्य को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। उन्होंने तत्काल मांग की है कि ऐसे सभी छात्रों के पांचवें सेमेस्टर के परिणामों को तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने यह भी मांग की है कि महाविद्यालय के उस प्रशासनिक विभाग के कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाए, जिनकी लापरवाही के कारण यह चूक हुई है, और उन पर तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

श्री मिश्रा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि महाविद्यालय प्रबंधन इस मामले में त्वरित और संतोषजनक कार्रवाई नहीं करता है, तो आजाद सेवा संघ छात्रों के हित में एक व्यापक और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही न केवल छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को खतरे में डालती है, बल्कि महाविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी धूमिल करती है। यह घटना एक बार फिर राजीव गांधी पीजी कॉलेज के प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि महाविद्यालय प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या रुख अपनाता है और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए क्या कदम उठाता है। आजाद सेवा संघ इस पूरे मामले पर बारीकी से नजर बनाए हुए है और छात्रों के न्याय के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

## स्वच्छता के सम्बन्ध में किया गया जागरूक

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस के अवसर पर बुधवार को कलेक्टर श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक बैठक कर महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के स्वच्छ माहवारी हेतु परिचर्चा की गई।

## अम्बिकापुर के छः बच्चो का सलेक्शन नेशनल ताईक्वांडो प्रतियोगिता में

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**
नगर के छः बच्चो का सलेक्शन नेशनल ताईक्वांडो प्रतियोगिता देहरादून के लिये हुआ जिसका आयोजन २९ मई से १ जुन २०२५ तक देहरादून मे होने वाली ४ थी के-डेट और जूनियर प्रतियोगिता देहरादून के मल्टीपरपज हॉल परेड ग्राउंड मे है जिस मे सरगुजा जिला के कोच अमन गुप्ता के साथ दिव्या राजवाड़े, विनय श्रीवास्तव, आहाना मनहरन, हिमानशी मनहरन, सारा नंदनी, शायद महंत ये सब बच्चे ताईक्वांडो खेल मे खलने के लिए अंबिकापुर से रवाना हो गये है इसमे मास्टरमाइंड स्कूल के भी तीन बच्चे सम्मलित है।



## ग्राम बेलदगी में लड़का पक्ष वालों ने लड़की पक्ष वालों के साथ गाली गलौज कर किया मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

लखनपुर( अम्बिकावाणी समाचार)।

थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलदगी में ससुराल पहुंचाने आए लड़की पक्ष वालों के साथ लड़का पक्ष वालों ने गाली गलौज कर मारपीट करने का मामला सामने आया है प्राथीर्या की रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने अपराध दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू की है। २९मई दिन गुरुवार की दोपहर लगभग १ बजे पुलिस से जानकारी के मुताबिक लीलावती पिता रामचंद्र दास उम्र २२वर्ष ग्राम गोरियापीपर थाना लखनपुर निवासी को उसके पिता राम चंद्र चाचा श्रीचंद शिव चंद और भाई बिकुल दास ससुराल पहुंचाने ग्राम बेलदगी बुधवार को दोपहर २ बजे आए थेआए हुए थे। दोनों पक्ष बैठ कर बात कर रहे थे इसी दौरान रविदास ने अपनी पत्नी लीलावती को घर में रखने से मना कर दिया। जिस पर लड़की के चाचा श्रीचंद्र दास ने कहा शादी में जो बर्तन दिया उसे वापस करो। लड़का पक्ष के रविदास ,सागर दास, हकीम दास और हकीम दास की पत्नी के द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडा और हाथ मुख से मारपीट करना शुरूकिया। इसके बाद श्रीचंद्र, शिवचंद,और बिकुल दास के घायल हो गए।

जिन्हें उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल दाखिल कराया गया और उपचार के बाद २९ मई दिन श्रीचंद को गुरुवार को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं लखनपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच हुई है।

# श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन, चठीरमा में रजत जयंती उत्सव धूमधाम से संपन्न

**अंबिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन, चठीरमा ने अपने गौरवशाली २५ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज एक भव्य रजत जयंती उत्सव का आयोजन किया, जो पूरे उत्साह और धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस गरिमामय आयोजन मे मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्री रामविचार नेताम जी थे। विशिष्ट अतिथियों में अंबिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल जी, लुंड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज जी, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर सिंह पटेल जी, अंबिकापुर महापौर श्रीमती मंजूषा भगत जी, संभागीय अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास केडिया जी, श्री अग्रवाल सभा अंबिकापुर के उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल जी, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग एवं पशुपालन विभाग के निदेशक एवं सचिव, तथा बाबूलाल गोयल , करताराम गुप्ता , भारत सिंह सिसोदिया, हरपाल सिंह भामरा, विनोद हर्ष, श्री राम निवास अग्रवाल और श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन, अंबिकापुर के अध्यक्ष हीरालाल गर्ग मंचाशीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय अतिथियों द्वारा गौ माता के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत, सभी अतिथियों ने गौशाला का भ्रमण किया। इस दौरान, गौशाला परिसर में गौ माता के रखरखाव की उत्कृष्ट व्यवस्था देखकर माननीय अतिथिगण अत्यंत प्रसन्न हुए और आगामी कार्यक्रमों के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं एवं साथ ही प्रसाद रूपी भोजन भी ग्रहण



किया, भ्रमण के पश्चात, मंच पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री अग्रसेन गौ सेवा सदन के अध्यक्ष श्री हीरालाल गर्ग ने गौशाला के गौरवशाली २५ वर्षों के इतिहास, उसके सफर और आगामी योजनों के बारे में विस्तार से बताया। उनके बाद, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री विशेषर सिंह पटेल ने गौ माता के महत्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात, लुंड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज ने गौ माता और गौशाला से जुड़े अपने पूर्व के अनुभवों को साझा किया। अंत में, मुख्य अतिथि श्री रामविचार नेताम ने केंद्र एवं राज्य की कृषि संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी और गौ माता से अपने व्यक्तिगत लगाव का भी उल्लेख किया। इस शुभ अवसर पर गौ शाला के आधार स्तंभ रहे पूर्व सदस्यों को पुनः स्मरण करते हुए मरणोपरांत 'गौ-रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। साथ ही संस्था में सहयोगी दो डॉक्टरों और दो कार्यरथ कर्मचारियों को भी उनकी विशेष सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष श्री राम निवास अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, सचिव अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जगदीश गोयल, पूर्व अध्यक्ष करताराम गुप्ता, विनोद अग्रवाल सहित संस्था से जुड़े पदाधिकारी और नगर व समाज के गणमान्य नागरिक एवं अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला सभा और अग्रवाल युवा मंच के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस पूरे कार्यक्रम का सफल मंच - संचालन नरेंद्र सिंह टुटेजा ने किया एवं अंत मे संस्था के सचिव अशोक अग्रवाल द्वारा समस्त अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार प्रकट किया गया।

# पीएम श्री सेजेस लखनपुर विद्यालय में समर कैंप का समापन

**लखनपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन के निदेर्शानुसार पीएम श्री सेजेस लखनपुर विद्यालय में १ मई २०२५ से समर कैंप का आयोजन किया गया।जिसका समापन समारोह २९ मई २०२५ को विद्यालय प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू ,एसएमडीसी अध्यक्ष रवि अग्रवाल ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा सनी बंसल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी की उपस्थिति में माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमें समस्त अतिथियों के स्वागत के पश्चात समर कैंप के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा समर कैंप की समस्त गतिविधियों का पीपीटी विद्यालय के व्याख्याता निलेश कुमार सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया । स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य ऋषि कुमार पांडे ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा समर कैंप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामीण छात्र-




छात्राओं को उनके सर्वांगीण विकास के लिए बहुमुखी प्रतिभावान बनाने विभिन्न प्रकार के आयोजनों को करने के लिए पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक एवं समर कैंप प्रभारी श्रवण कुमार साहू के द्वारा एसएमडीसी से प्रस्तावित करा कर कार्य को पूर्ण किया गया।समर कैंप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कौशल विकास करना,सामाजिक दायित्वों को समझने के लिए प्रेरित करना,लेखन और पठन कौशल को विकसित करना,नैतिक मूल्यों का विकास करना,

समूह कार्य को करने के लिए प्रेरित करना,विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार कर शैक्षिक गतिविधियों को कला संस्कृति एवं साहित्य के साथ किस प्रकार से जोड़ा जा सकता है।इन सभी के लिए विभिन्न विद्या में पारंगत लोगों को बुलाया गया।समर कैंप पर मॉडल तैयार कर शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण परिवेश की सहभागिता को जागृत करने का प्रयास किया गया तथा अभिभावकों को विद्यार्थियों के द्वारा किए गए कार्य से परिचित कराया गया।इस समर कैंप में जिला से जिला कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा श्री रवि शंकर तिवारी के द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सावित्री दिनेश साहू जी ने समर कैंप पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विद्यार्थियों को इस समर कैंप के माध्यम से उनके समय का सदुपयोग करना,

पाठ्य सहगामी कार्य के अंतर्गत विद्यार्थियों में नृत्य ,गीत वादन आदि अंतमुर्खी कला को बहिमुर्खी कला के रूप में विकसित करने में काफी योगदान मिला है ।एसएमडीसी अध्यक्ष श्री रवि अग्रवाल ने बताया कि एक अच्छे उद्देश्यों के साथ समर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें गांव से आए हुए कुम्हार, बसोड, गिटार वादक विशाल श्रीवास्तव ,नृत्यांगना पूर्णिमा मेहता ,पत्रकार अखिलेश जायसवाल ,योग शिक्षक भारत लाल गुप्ता अन्य प्रकार के समूह से जुड़े लोग जैसे मितानिन कार्यक्रम, मानवाधिकार आयोग के सदस्य, सामाजिक कार्य से जुड़े हुए सदस्यों के द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान की गई जो एक अनूठी एवं अच्छी पहल है ।मंडल अध्यक्ष ने अपने विचार में समर कैंप को उत्कृष्ट कार्य बताते हुए विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कक्षा दसवीं एवं १२वीं में ८० प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ३० विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया ।समर कैंप में आए हुए नियमित विद्यार्थियों को एवं प्रत्येक कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्वती राजवाड़े एवं पारुल सिन्हा मैडम के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा तैयार की गई थी ।समर कैंप को सफल बनाने में प्राथमिक प्रधानपाठिका पुष्पा साहू ,शिक्षक अंजली यादव ,रीना एक्का, राज सिंह यादव, गुनीत सिंह, विवेक पैकरा ,बलविंदर कौर, गुलाब जायसवाल, प्रियंका प्रियदर्शनी, प्राची रानी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ सेल्स प्रोमोशन एम्पलॉइज यूनियन का प्रथम राज्य सम्मेलन की तैयारी के लिए हुई बैठक

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

छत्तीसगढ़ सेल्स प्रोमोशन एम्पलॉइज यूनियन का प्रथम राज्य सम्मेलन २१ व २२ जून को होटल माखन विहार, अम्बिकापुर में होने जा रहा है, उक्त सम्मेलन की तैयारी के लिए कल दिनांक २८ मई को होटल माखन विहार में स्वागत समिति की बैठक सम्पन्न हुआ है । बैठक में डॉ. अजय तिर्की, पूर्व महापौर,नगरनिगम अम्बिकापुर को स्वागत समिति का अध्यक्ष, सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में डॉ. अंजू गोयल (अध्यक्ष, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अम्बिकापुर) डॉ. अनूप नैनान (अध्यक्ष, इंडियन डेंटल एसोसिएशन, अम्बिकापुर) और नवीन अग्रवाल (अध्यक्ष, सरगुजा औषधि विक्रेता संघ) को संरक्षण बनाया गया। स्वगत समिति के उपाध्यक्ष कॉ. प्रवीण कुमार सिंह (अध्यक्ष, अम्बिकापुर इकाई) होंगे। कॉ. रघुनाथ प्रधान, (सचिव,अम्बिकापुर) आयोजन



समिति के सचिव और कॉ. पंकज कुमार सिंह (कोषाध्यक्ष, अम्बिकापुर) आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष होंगे। बैठक में उपस्थित गणमान्य पदाधिकारियों के समक्ष राज्य सम्मेलन की रूपरेखा कॉ. प्रकाश नारायण सिंह (राज्य उपमहासचिव) ने रखी। बैठक में राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग से निर्णय लिया गया। स्वागत समिति की बैठक में डॉ. अभय प्रजापति (सचिव, इंडियन डेंटल एसोसिएशन, अम्बिकापुर), कॉ. अनंत सिन्हा (राज्य उपाध्यक्ष, पेंशननर्स कल्याण संघ), कॉ.चंद्र प्रकाश शुक्ला (जिला सचिव, छत्तीसगढ़ किसान सभा) , कॉ. विवेकानंद पाण्डेय (इकाई अध्यक्ष, शहडोल डिवीजन इन्शुरन्स एम्प्लॉइज यूनियन, अम्बिकापुर, कॉ.. विमल शर्मा, उपाध्यक्ष, कॉ. अजय कुमार विवेक, सह सचिव, कॉ.. धर्मेंद्र कुमार, सह सचिव, कॉ. मनोज द्विवेदी, कार्यकारिणी सदस्य अम्बिकापुर इकाई की उपस्थिति में स्वागत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से इकाई के सचिव कॉ. रघुनाथ प्रधान ने दी।

## हमर गांव हमर पानी महाभियान के अंतर्गत सभी पंचायत में वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित, कर जल संरक्षण की ली गई शपथ

**लखनपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

जल संवर्धन एवं जल संरक्षण को लेकर हमर गांव हमर पानी महाअभियान के तहत ३१ मई २०२५ तक सभी ग्राम पंचायतों में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जल शपथ, जल सभा, जन जागरूकता रैली तथा श्रमदान जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।विगत दिनों ग्राम पंचायत पुटा में पंचायत स्तरीय वृहद श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ने मिलकर श्रमदान किया और जल संरक्षण की दिशा में अपना सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।कार्यक्रम




में जनपद सी ई ओ वेदप्रकाश पांडेय ने सभी ग्रामीणों से जल प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। जल बचाने की जिम्मेदारी समाज के हर व्यक्ति की है। जल बचाने के लिए जनसहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि, आप स्वयं के साथ-साथ अपने परिवार और सगे-संबंधियों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाया जा सके। हमर गांव हमर पानी महाअभियान क्षेत्र में जल चेतना जगाने और सामूहिक सहभागिता से जल स्रोतों के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रहा है।

# चक्का जाम में आश्वासन के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण,युवा कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन

**अम्बिकापुर(अम्बिकावाणी समाचार)।**

शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-२ के द्वारा बेदखली वारंट के बावजूद भी आज तिथि तक अतिक्रमण न हटाये जाने तथा उच्च अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने का लिखित आश्वासन देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं करने को लेकर भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्की समदद्दार के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन घड़ी चौक पर किया गया। मामले में कार्रवाई को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी सौपा गया।

बताया गया कि दीपक कुमार जायसवाल के द्वारा अजिरमा, कालीघाट, अम्बिकापुर में



शासकीय भूमि खसरा नंबर १९९ पर जबरन अवैध रूप से अतिक्रमण करने की शिकायत २७ मार्च को कलेक्टर के समक्ष किया गया था जिसमें माननीय नायब तहसीलदार के द्वारा उक्त शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाये जाने के संबंध में बेदखली वारंट दिनांक ०२ अप्रैल को पारित करते हुये १२ अप्रैल तक पूर्ण रूप से उक्त शासकीय भूमि से कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया है, इसके उपरांत भी आज तिथि तक उक्त शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को रिक्त नहीं किया गया है. जिस हेतु कई बार कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी एवं नायब तसीलदार को आवेदन प्रस्तुत किया गया है, परन्तु आज तिथि तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। उक्त मामले को लेकर २५ मई को

युवा कांग्रेस द्वारा काली घाट मंदिर के समीप एन.एच. ४३ में चक्का जाम किया गया, जिस पर सभी उच्च अधिकारियों के द्वारा एक दिवस के भीतर कार्यवाही करने का लिखित आश्वासन दिया परंतु आज तक कार्रवाई नहीं की। किसी को लेकर आज युवा कांग्रेस द्वारा एक दिवस की धरना प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा गया।

# माहवारी पंचायत का आयोजन,समूह की दीदियों एवं व्यक्तिगत स्तर पर कार्य कर रहीं दीदियों का सम्मान

**अम्बिकापुर/(अम्बिकावाणी समाचार)।**

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर सरगुजा साइंस ग्रुप एज्युकेशन सोसायटी द्वारा जन शिक्षण संस्थान सरगुजा में माहवारी पंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान सरगुजा संभाग में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर कार्य कर रही स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। सरगुजा संभाग के सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर ब्लॉक के स्वयं सहायता समूह की दीदियों एवं व्यक्तिगत स्तर पर कार्य कर रहीं दीदियों का सम्मान हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता शिल्पा पांडेय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि माहवारी को लेकर समाज में न सिर्फ स्वास्थ्य स्तर पर जागरूकता की कमी है बल्कि पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे घरों में चली आ रही दकियानूसी बातों से भी हमारी बहनें, मातायें और बेटियां पीड़ित हैं। रसोई में न जाना, खाना नहीं बनाना, आचार नहीं छूना, पूजा नहीं करना, अलग सोना कई ऐसी बात है जो अब धीरे-धीरे समाप्त होना चाहिये। किंतु हम इसे पीढ़ी दर पीढ़ी लेकर चल रहे हैं जिससे कहीं न कहीं महिलाएं काफी प्रभावित होती हैं। आप लोग बहुत ही अच्छे विषय पर कार्य कर रही हैं स्वच्छता के साथ-साथ पीढ़ियों से चली आ रही इन अंधविश्वास के रूप में व्याप्त प्रथाओं को खत्म करने का भी कार्य करते रहिये। गायत्री परिवार से पहुंची अमृता जायसवाल ने अतिथि दीर्घा से सम्बोधित करते हुए माहवारी के दौरान की समस्या और उससे आगे उपजने वाले बीमारियों के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वयं के साथ घटे घटना का उल्लेख करते हुए माहवारी के समय स्वच्छता एवं अन्य समस्याओं को लेकर खुल कर बोला।

विशिष्ट अतिथि शिक्षिका पूनम सिंह पैंकरा ने कहा कि माहवारी के विषय पर बात करने के लिए हमें घर में माहौल बनाना होगा। उन्होंने अपना उदाहरण देकर बताया कि कैसे माहवारी जब पहली बार हुई तब जानकारी हुई पहले से हमें जानकारी नहीं थी।



किंतु अब समय बदल रहा है हमें अपने बेटा, बेटी, पति, भाई सबके बीच खुल कर बात करना चाहिए। छुपाने से उस दौरान की समस्या को नहीं बताने से कई गंभीर बीमारियों के चक्र में फंस जाते हैं। जिससे निकलना आगे चल कर मुश्किल हो जाता है। एक ही उपाय है इस पर खुल कर बात करना घर पर, बाहर, मित्रों से चिकित्सक से सबके बीच। तभी हल निकलेगा लेकिन आप लोग गांव में काम कर रहे हैं यह सबसे अच्छी बात है।

पूर्व जनपद सदस्य सरिता महंत ने उदयपुर क्षेत्र के गांवों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी और गांव में क्या दिक्कत इन कामों को लेकर होता है उन्होंने विस्तार से बताते हुए माहवारी पर चर्चा की शुरूआत घर से कराने पर बल देते हुए अपने घर पर कैसे इसकी शुरूआत की उन्होंने जानकारी दी।

प्रशिक्षक सितु पैंकरा ने माहवारी को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को लेकर बात करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन पर सरगुजा साइंस ग्रुप एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के कार्यो की सराहना की। इस दौरान सरगुजा जिले के ३२ स्वयं सहायता समूह की बहनों, २० व्यक्तिगत तौर पर माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन पर कार्य कर रही बहनों औ? दीदियों को सम्मानित किया गया। वहीं बलरामपुर, सूरजपुर, जशपुर, कोरिया, एमसीबी की २८ बहनों को सम्मानित किया गया।

सरगुजा साइंस ग्रुप के संस्थापक अंचल ओझा ने माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन पर व्याख्यान देते हुए स्वच्छता की आवश्यकता, संक्रमण, बीमारी, कपड़े एवं पैड का सही उपयोग, सावधानी समाज में फैली भ्रांतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में माहवारी स्वच्छता पर हम बेहतर कार्य कर रहे हैं और आप समूह की बहनों को आर्थिक शशक्तिकरण के लिए यदि कोई प्रशिक्षण चाहिए तो हमारे पास २५० ट्रेड में प्रशिक्षण उपस्थित हैं आप निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

आभार प्रदर्शन सरगुजा साइंस ग्रुप के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने किया। कार्यक्रम को पूर्व जनपद अध्यक्ष सीतापुर शांति देवी, नेहा ओझा, सुल्ताना सिद्दीकी, रशिदा खातुन, रूकमणी जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ममता चौहान रमेश यादव, नेहा ओझा, अंजुमाला तिर्की, वंदना मानिकपुरी, शिल्पी गुप्ता, पूजा पाण्डेय, मनीषा सिन्हा, हनी गुप्ता, गीता यादव, रेणू यादव, प्रीति तिवारी, संतलाल, शुभांकर आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## रेलवे के प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर ने किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रिंसिपल चीफ सेफ्टी ऑफिसर सुबोध चौधरी बुधवार को अंबिकापुर अनूपपुर सेक्शन के अंबिकापुर और बिश्रामपुर स्टेशन का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा ।प्रातः दुर्ग अंबिकापुर एक्प्रेस ट्रेन में लगे विशेष कोच से पीसीएसओ सीधे अंबिकापुर पहुंचे यहां उन्होंने अंबिकापुर स्टेशन प्लेटफार्म का निरीक्षण किया और सेफ्टी रिकॉर्ड देखे।यहां के बाद वे बिश्रामपुर स्टेशन सहित यार्ड और जयनगर रेलवे क्रॉसिंग का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों को आवश्यक निर्देश व जरूरी सुझाव भी दिए।अंबिकापुर में निरीक्षण के दौरान स्टेशन प्रबंधक उमेश सिंह बिश्रामपुर में स्टेशन प्रबंधक दीपक पॉल सहित रेल अधिकारी इस दौरान उपस्थित थे।बताया गया कि समय समय पर संरक्षा और सुरक्षा मानकों का जायजा लेने अधिकारियों का अलग अलग सेक्शन का निरीक्षण किया जाना होता है ।


सीतापुर में युवक के कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब जप्त पेज 09




# स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन और सुधार के निर्देश लहपटरा व लखनपुर स्वास्थ्य केंद्रों का संयुक्त संचालक ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा डॉ. अनिल कुमार शुक्ला द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लहपटरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लखनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अनुशासनहीनता पर नाराजगी जाहिर की।



**योजनाओं के प्रदर्शन में सुधार के निर्देश**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि स्वास्थ्य संस्थानों में डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का बैनर अभी भी प्रदर्शित है, जबकि वर्तमान में शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित हो रही है। इस पर तत्काल बैनर बदलने के निर्देश दिए गए।

डॉ. शुक्ला ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा महिला मरीजों को महिला वार्ड और पुरुष मरीजों को पुरुष वार्ड में ही भर्ती करने की अनिवार्यता पर बल दिया। साथ ही अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

कुष्ठ, मलेरिया, टीबी, डायरिया, अंधत्व निवारण एवं एनसीडी जैसे रोगों की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं परीक्षण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। साथ ही डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के साथ शालीन, संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार बनाए रखने की हिदायत दी गई।

**रिकॉर्ड संधारण और बैठकें नियमित करने के निर्देश**

निरीक्षण में ओपीडी रजिस्टर का अवलोकन किया गया, जिसमें रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से संधारित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सेक्टर बैठक एवं जीवन दीप समिति की बैठक समय-समय पर आयोजित करने को भी कहा गया।

अनाधिकृत अनुपस्थित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी के अवलोकन में डॉ. खुशबू साहू, शशि सिन्हा (क्र॥ह्न) को बिना सूचना के अनुपस्थित पाया गया। साथ ही एम.पी. सिंह (क्ररू) दो दिन से अनुपस्थित पाए गए। उक्त कर्मियों का उस दिन का वेतन अवैतनिक घोषित करते हुए, कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। कर्मचारियों पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम १९६५ के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सरगुजा को निर्देश दिए गए हैं।

# कॉलेज छात्रा को शादी का प्रलोभन देकर दो वर्ष तक किया दुष्कर्म,केस दर्ज

**बिश्रामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

करंजी पुलिस ने कॉलेज छात्रा को शादी का प्रलोभन देकर उससे दो वर्ष तक दुष्कर्म करने और बाद में शादी से इंकार कर देने के मामले में केनापारा निवासी खलेश्वर रजवार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा ६४(२)(एम) के तहत केस दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस में दर्ज शिकायत में पीड़िता कॉलेज छात्रा ने बताया कि वह बीए फाइनल वर्ष की छात्रा है उसके परिचित मित्र ने उसे शादी का प्रलोभन देकर दो वर्ष तक लिव इन में रखा और गत अप्रैल माह में अपने साथ घुमाने गुजरात ले गया और फिर बतौर पत्नी अपने घर में भी रखा जब उसने उस पर विवाह के लिए दबाव बनाया तो विवाह से इंकार कर घर से बाहर निकाल दिया।पुलिस ने मामले में आरोपी खलेश्वर रजवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# स्त्री विशेषज्ञ की नियुक्ति से गर्भवती महिलाओं को मिल रहा लाभ



**बलरामपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।**

बलरामपुर जिला अस्पताल में लम्बे समय से स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं होने के कारण गर्भवती माताओं को इलाज हेतु बाहर अन्य जिला जाना पड़ता था, परन्तु अब जिले में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हो गयी है। कृषि श्री रामविचार नेताम और कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के अथक प्रयास से जिला खनिज न्यास मद से डॉ. शुभम मित्रा (डीएनबी) की नियुक्ति हुई है। डॉ. मित्रा ने जिला अस्पताल में अपनी उपस्थिति देकर काम भी शुरू कर दिया है। २४ मई को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान में उनके द्वारा जिले के गर्भवती माताओं का जांच कर परामर्श दिया गया। २७ मई २०२५ की लम्बे समय से बंद पड़े सर्जरी को फिर से शुरू किया गया। अभी तक जिले के सभी गर्भवती माता जिनको ऑपरेशन की जरुरत पड़ती थी उन्हें अंबिकापुर जिला अस्पताल भेजा जाता था, लेकिन अब यह सुविधा जिला अस्पताल बलरामपुर में ही शुरू हो गयी है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शशांक गुप्ता ने कहा की जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति होना जिले के लिए उपलब्धि है। स्त्री रोग विशेषज्ञ के आ जाने से जिले के सभी गर्भवती महिलाओं को बेहतर उपचार मिलेगा। डॉ. शशांक ने बताया की डॉ. मित्रा के द्वारा प्रसूति वार्ड में भर्ती महिला नीलम मिंज जिनकी उम्र २५ वर्ष का मेजर सर्जरी किया गया, सर्जरी सफल रहा जिसमे माँ व बच्चे दोनों स्वस्थ हैं, बच्चे का वजन ३.२ किलोग्राम है व चिकित्सकों के निगरानी में है। सर्जरी दौरान डॉ. शुभम मिश्रा के साथ डॉ. चैतन्य, डॉ. रूपक कुमार, डॉ. अनिमेष, डॉ. विवेक सेंगर, डॉ. शांति, प्रमिला भगत, सुनील यादव, उदय मंडल उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने जिला अस्पताल व टीम के सभी सदस्यों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लम्बे समय से महिलाओं को असुविधा हो रही थी,

# विकसित कृषि संकल्प अभियान की हुई शुरूआत

## लूण्ड्रा विधायक व कलेक्टर ने अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अम्बिकापुर (अम्बिकावाणी समाचार)।

भारत सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में किसानों की उन्नति और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार हेतु आज से च्विकसित कृषि संकल्प अभियानज्ज की शुरूआत की गई। यह अभियान २९ मई से १२ जून २०२५ तक चलाया जाएगा।

कलेक्ट्रेट परिसर से लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, कलेक्टर श्री विलास भोस्कर, एवं संयुक्त संचालक कृषि श्री यशवंत केराम ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न शिविर स्थलों पर पहुंचकर कृषि जागरूकता गतिविधियों का संचालन करेंगे। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र अंबिकापुर एवं मैनपाट के वैज्ञानिक, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशुपालन, उप संचालक मत्स्य पालन, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी सहित कई विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। उप संचालक कृषि ने जानकारी दी कि ये कृषि रथ जिले के सातों विकासखंडों के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे।



इस दौरान किसान वैज्ञानिकों से सीधा संवाद कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन और अन्य कृषि संबंधित विभागों की सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

इस अभियान के दौरान चयनित ७८ कृषि क्लस्टर गांवों में कृषि वैज्ञानिक किसानों से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं के अनुरूप नई अनुसंधान दिशा तय करेंगे। यह फीडबैक भविष्य की तकनीकी योजना निर्माण में सहायक होगा। अभियान का उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, किसानों की आय में वृद्धि लाना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है।





◆◆◆---अपना बाजार---◆◆◆

विज्ञापन के लिए जगह रिक्त है

माता राजरानी मेमोरियल ¼MRM½ हॉस्पीटल
RSBY/MSBY (स्मार्ट कार्ड) द्वारा भर्ती एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध
स्थान - बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर,
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

बच्चों के N.I.C.U. सुविधा
नवजात बच्चों को गहन चिकित्सा कक्ष की सुविधा।
24 घंटे विशेषज्ञों की देख-रेख में वेंटीलेटर, सी-पेप एवं अन्य अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त नियोनेटल केयर यूनिट
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

एम.एस. जनरल सर्जन
हॉर्निया, हाईड्रोसिल, एपेण्डीक्स, पाईल्स, पथरी एवं सभी प्रकार की जनरल सर्जरी एवं हर प्रकार के आपरेशन की सुविधा प्रतिदिन
fo'k"k & RSBY & MSBY (स्मार्ट कार्ड) की सुविधा उपलब्ध
-: प्रतिदिन उपलब्ध:-
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

"M.S., E.N.T."
नाक, कान, गला
दूरबीन से प्रतिदिन नाक, कान, गला की जांच की जाती है
रोगों के वरिष्ठ अनुभवी चिकित्सक (अत्याधुनिक उपकरणों की सुविधा) के साथ
प्रतिदिन उपलब्ध
समय-दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक
कान एवम् बहरेपन की सम्पूर्ण जांच की जर्मनी की अत्याधुनिक मशीन द्वारा।
कान की मशीन उत्कृष्ट क्वालिटी एवं दो साल की वारण्टी के साथ अत्यन्त रियायती मूल्यों पर उपलब्ध।
आडियोमेट्री की जांच एवम् सेवाए नियमित उपलब्ध
विशेष- नाक, कान, गले से संबंधित सभी प्रकार के आपरेशन (सर्जरी) की सुविधा स्मार्ट कार्ड द्वारा उपलब्ध।
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780

प्रतिदिन फिजिशियन परामर्श
डायबिटिज (शुगर/मधुमेह), हृदय संबंधी समस्त रोग, सभी प्रकार के हार्मोन्स विकार (थाइराईड), समस्त प्रकार के इंफेक्शन (सर्दी, खांसी, बुखार, ब्लड प्रेशर (हायपरटेंशन)), एनीमिया, सिकलिंग, थैलीसीमीया, टी.बी., श्वसन एवं छाती संबंधी समस्त रोग, पाचन एवं पेट, लीवर, किडनी (गुर्दा), सिर, मस्तिष्क एवं नस संबंधी समस्त रोग एवं सभी प्रकार के पुराने रोगों के उपचार हेतु उपलब्ध रहेंगे...
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
पुराना बस स्टैण्ड, बाबुपारा, जोड़ा तालाब के पास अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780




पतंजली सेवा केन्द्र
पतंजली के सभी प्रोडक्ट पर 2 से 10 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध
निः शुल्क डॉक्टर (वैद्य) परामर्श सेवा प्रतिदिन उपलब्ध
सुबह 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर, तेज मेडिकल के सामने
सम्पर्क नम्बर- 9425583780, 9522629990
आपसे विनम्र निवेदन है कि जरूरतमंद मरीजों तक इसकी जानकारी देने की कृपा करें।
आपके सहयोग एवं सलाह के लिए हृदय से धन्यवाद।

आधुनिक मशीनों एवम् विश्वसनीय जांच 24 घंटे उपलब्ध
एम.आर.आई | ब्लड बैंक सुविधा (24 घंटे)
सीटी स्कैन | ई.ई.जी., ई.सी.जी.
सोनोग्राफी | टीकाकरण की सुविधा
टी.एन.टी. | प्रतिदिन
आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित कम्प्यूटरीकृत पैथोलॉजी लैब
स्थान - तेज डायग्नोस्टिक सेंटर
बाबुपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
मोबा.-07774-222999, 8224007799, 9826183780







## पीएम मोदी के बिहार दौरे से पहले पप्पू यादव ने पूछा- स्पेशल पैकेज का क्या हुआ?

**पूर्णिया ,29 मई (ए)।** पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि बिहार के लिए विशेष राज्य के पैकेज का क्या हुआ?
सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि बिहार के लिए विशेष राज्य के पैकेज का क्या हुआ? पिछले 11 साल में पलायन, बेरोजगारी बढ़ गई है और चुनाव में ही सिर्फ बिहार क्यों नजर आता है? मैं पूछता हूं कि किस चीज का स्वागत बिहार में हो रहा है। उन्होंने बिहार में कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी नीतीश सरकार को घेरा। उन्होंने कहा, बिहार में कानून व्यवस्था कहां है? इस सरकार से पटना नहीं संभल रहा है। बिहार और देश क्या संभलेगा? बिहार में विपक्ष के वोटर ही विपक्ष के वोटर को मार रहा है। पक्ष-विपक्ष सब चुप है।

स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन और सुधार के निर्देश लटपटरा व लखनपुर स्वास्थ्य केंद्रों का संयुक्त संचालक ने किया आकस्मिक निरीक्षण...पेज 11



## रामानुजनगर में दवा दुकानों का किया औचक निरीक्षण



०० नारकोटिक्स दवाओं के रिकॉर्ड की हुई जांच

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन में आज जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त टीम द्वारा जन स्वास्थ्य सुरक्षा एवं नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने की दिशा में कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में आज रामानुजनगर तहसील मुख्यालय में औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी अजय मोडीयम के मार्गदर्शन तथा रामानुजनगर थाना प्रभारी राजेंद्र साहू, तहसीलदार सूर्यकांत साय एवं औषधि निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के संयुक्त नेतृत्व में की गई।एनसीओआरडी समिति के दिशा-निदेर्शों के अंतर्गत की गई इस कार्रवाई में कुल पांच औषधि प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान नारकोटिक्स एवं साइकॉट्रॉपिक दवाइयों के क्रय-विक्रय से संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। सभी मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में पाए गए, जो समिति द्वारा निर्धारित मानकों की अनुपालना को दशार्ता है। इसके साथ ही, रामानुजनगर तहसील क्षेत्र में कोटपा अधिनियम की धारा ४ के तहत धूम्रपान निषेध प्रावधानों के उल्लंघन पर कुल ८ चालान काटे गए। इन चालानों के अंतर्गत कुल १६०० रुपये का जुमार्ना वसूला गया।

## देवी अहिल्या बाई होलकर जी के 300 वीं जयंती पर महिलाओं का किया गया सम्मान



**रामानुजनगर (अम्बिकावाणी समाचार)।** देवी अहिल्या बाई होलकर जी के ३०० वीं जन्म शताब्दी के अवसर पर जनपद पंचायत रामानुजनगर के द्वारा समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिलाओं के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह के उपस्थिति में सामुदायिक भवन कौशलपुर में किया गया,इस कार्यक्रम के माध्यम से ३९ महिलाओं का सम्मान करते हुए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह ने देवी अहिल्या बाई होलकर के जीवनी के बारे में बताते हुवे कहा कि अहिल्या बाई एक मराठा शासक होते हुवे देश में समाज सुधारक के लिए काम किया,देश के बड़े बड़े मंदिरों का निर्माण भी विपरीत परिस्थितियों में किया,अंतिम दिनों तक देश में हिंदू धर्म के लिए काम किया, इनके अनेकों अच्छे कार्यो के चलते भाजपा आज पूरे देश भर में अहिल्या बाई होलकर जी का ३०० वीं जन्म शताब्दी वर्ष मना रही है। वहीं पूर्व मंडल महामंत्री सुमंत साहू ने कहा कि अहिल्या बाई होलकर जी एक ऐसी शासक थीं जिन्होंने सती प्रथा का पुरजोर विरोध करते हुवे इस प्रथा को बंद कराया। इस कार्यक्रम को पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश उपाध्याय, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय रॉय ने भी संबोधित किया वहीं कार्यक्रम का संचालन रविनाथ तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रामप्रताप साहू पूर्व मंडल महामंत्री सुमंत साहू, महामंत्री सुमित साहू, सौभाग्य दुबे, कोषाध्यक्ष विकास दुबे, कवल सिंह, सुंदर सिंह, प्रदीप झा, हेमदास मिश्रा, चेतन राजवाड़े, समेत सभी जनपद सदस्य,सहित भारी संख्या में महिला उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का युवक कांग्रेस करेगी बहिष्कार



**भैयाथान (अम्बिकावाणी समाचार)।** युवक कांग्रेस के द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत शुक्रवार को हाई स्कूल ग्राउंड भैयाथान में होने वाले समाधान शिविर का बहिष्कार एवं ग्राम दरीर्पारा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टेंट कर्मी की करंट से मौत मामले में पुतला दहन करने को लेकर अनुविभागीय अधिकारी सागर सिंह के नाम तहसीलदार संजय राठौर को ज्ञापन सौंपा है।युवक कांग्रेस के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन कहा गया है कि ग्राम पंचायत दरीर्पारा में पिछले दिनों आयोजित समाधान शिविर में टेन्ट मजदुर की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी. जिसमें जिला प्रशासन के द्वारा मृतक के परीवार को मुआवजा एवं शासकीय नौकरी देने की कोई भी घोषणा नहीं की गई है।साथ ही उचित मुआवजा एवं भरण पोषण के लिए पविार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने को लेकर युवक कांग्रेस के द्वारा शुक्रवार की सुबह ११ बजे भैयाथान चौक में जिला प्रशासन के कार्यक्रम का बहिस्कार करने के साथ ही पुतला दहन करने की बात कही गई है।उक्त ज्ञापन सौंपने के दौरान नूर आलम,आशीष प्रताप सिंह,शांतनु सिंह,दानी पांडेय सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भैयाथान रोड में अतिक्रमण हटाये जाने को लेकर भारी सियासत





## ०० आज हटाये जाने की थी तैयारी, सुभाष चौक के दुकानदार हुए लामबंद

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** भैयाथान रोड में सड़क चौड़ीकरण के मद्देनजर प्रभावित होने वाले दुकानदारों को लेकर सियासत गर्म हो गई है।भैयाथान रोड के सुभाष चौक से महगांव चौक तक सड़क के चौड़ी करण की तैयारी है।इसे लेकर नगरपालिका ने करीब १२५ दुकानदारो को अतिक्रमण हटाने नोटिस जारी किया है।नपा के अनुसार इस रोड में आएदिन जाम की स्थिति बनती है जिससे सड़क का चौड़ी करण जरूरी है।कई दुकानदार ऐसे है जो सड़क तक समान फैला व शेड बाहर निकाल कर सड़क प्रभावित कर रहे है।जिन्हें हटाने नोटिस दिया गया है।इस कार्रवाई में सर्वाधिक प्रभावित सुभाष चौक के दुकानदार हो रहे है जिनकी पूरी दुकान ही जद में आ रही है।हालांकि ये ऐसे दुकानदार है जो नगरपालिका के नवनिर्मित दुकान के सामने है और वे इस प्रत्याशा में है कि उन्हें नपा के दुकानों में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।इन दुकानों के सामने बने नपा की दुकाने अभी पूर्ण न होने के कारण नपा को सौंपी नही गई है। बहरहाल,इन दुकानदारों को नोटिस मिलने से हड़कम्प का माहौल है।गुरुवार को सुभाष चौक की अधिकांश दुकाने बंद रही और वे इस कार्रवाई को रोकने तमाम उपक्रम करते रहे।

### 00 शुक्रवार तक की मोहलत

इन दुकानदारों को दुकान हटाने शुक्रवार तक की मोहलत दी गई थी।लिहाजा, दुकानदार आज आखिरी प्रयास में लगे थे।नपा व प्रशासन कार्रवाई की पूरी तैयारी में है।इस सिलसिले में आज माइक से एनाउंसमेंट भी करा दिया था जिससे लोग भारी चिंतित थे।नोटिस व एनाउंसमेंट का यह असर भी रहा कि कई दुकानदार आज बोरिया बिस्तर समेटते दिखे।

### 00 मैदान में उतरी कांग्रेस

दुसरीं ओर इस मसले को लेकर सियासत शुरू हो गई है।शहर कांग्रेस ने आज कलेक्टर को ज्ञापन देकर इस कार्रवाई के पहले दुकानदारों के व्यस्थापन की मांग रखी है।साथ ही नपा के इस कार्रवाई को गैर मुनसीब बताया है।आरोप लगाया है कि भाजपा मनमानी पर उतारू है।

### 00 भाजपा ने की मोहलत देने की मांग

इधर भाजपा नेता व नपा उपाध्यक्ष शैलश गोयल,प्रमोद तायल,मुकेश गर्ग आदि ने भी कलेक्टर से मुलाकात कर शुक्रवार को प्रस्तावित कार्रवाई को फिलहाल रोकने की गुजारिश यह कहते हुए किया है कि दुकानदारो को कब्जा हटाने के लिए कम समय दिया गया है।दुकानदारो को थोड़ा और समय दिया जाना चाहिए ताकि वे अपना समान आदि हटा लें।भाजपा नेताओं का दावा है कि कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया है कि दुकानदारो को पर्याप्त समय दिए जाने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### 00 विधायक से मिले दुकानदार

सुभाष चौक के दुकानदार विधायक भूलन सिंह से मुलाकात कर उन्हें राहत दिलाये जाने की मांग की है।दुकानदारो ने कहा है कि वे लंबे समय से यहां दुकानदारी कर रोजीरोटी कमा रहे है।ऐसे में उनके सामने रोजीरोटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। उनके लिए पर्याप्त व्यवस्था किये जाने के बाद ही कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# विकसित कृषि संकल्प यात्रा प्रारंभ,कलेक्टर एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिखाई हरी झंडी

## ०० कृषि वैज्ञानिक की टीम पंचायतों में लगाएंगे चौपाल




**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** विकसित कृषि संकल्प यात्राज्ञ का शुभारम्भ आज कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा ने कलेक्ट्रेट परिसर से किया गया। इस दौरान उन्होंने किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री मती कमलेश नंदिनी साहू, कृषि एवं पशुपालन विभाग केउपसंचालक , सहायक संचालक मत्स्य एवम उद्यानिकी सहित कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के अधिकारी मौजूद थे। यह रथ निर्धारित शिविरों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी।
जिले में प्रतिदिन यह रथ भ्रमण करेगी।
विकसित कृषि संकल्प यात्रा में मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने और फसल चक्र परिवर्तन, अग्रिम खाद बीज उठाव, संतुलित खाद का प्रयोग, धान के विकल्प के रूप अन्य फसल को बढ़ावा,प्राकृतिक जैविक खेती, उन्नत बीज, उन्नत कृषि यंत्र संतुलित उर्वरक, जल संरक्षण, मूल्य संवर्धन, पशु पालन, मत्स्य पालन, उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया जाएगाकलेक्टर के निदेर्शानुसार जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के लिए २९ मई से १२ जून तक प्रत्येक दिन ३ टीमों द्वारा अलग-अलग विकासखण्डों में दो-दो पालियों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। टीम में कृषि वैज्ञानिक सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग, कृषि सखी, कृषक मित्र, पशु सखी, प्रगतिशील कृषक, एफपीओ के सदस्य एवं लखपति दीदी सम्मिलित होंगे। प्रथम पाली में प्रातः १०:०० बजे से दोपहर ०१:०० बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर ०२:०० बजे से शाम ०५:०० बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अभियान के तहत कार्यक्रम सूरजपुर विकासखंड में पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति बसदेई और आ.जा.से.सह. समिति डुमरिया,ओड़गी विकासखण्ड में पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति नवगई और अपरान्ह को पंचायत भवन पासल,प्रेमनगर विकासखण्ड में पूर्वान्ह को पंचायत भवन नवापाराकला और २९ मई अपरान्ह को पंचायत भवन भगवानपुर में आयोजित किया गया।उल्लेखनीय है कि इस अभियान के तहत शिविर का आयोजन सूरजपुर विकासखंड में दिनांक २९ मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति बसदेई, २९ मई अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति डुमरिया, ३० मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति जयनगर, ३० मई अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति सिलफिली, ३१ मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति मानी, ३१ मई अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति कन्दरई, ०२ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति लटोरी, ०२ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति कल्याणपुर, ०३ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति सूरजपुर, ०३ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति रामनगर, ०४ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति कसलगिरी और ०४ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति अजबनगर में आयोजित होना है।प्रतापपुर विकासखण्ड में दिनांक ०५ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति प्रतापपुर, ०५ जून अपरान्ह को सचिवालय भवन मानी, ०६ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति जगरन्नाथपुर, ०६ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति कोटेया, ०७ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति गोविन्दपुर, ०७ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति रमकोला, ०९ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति रेवटी, ०९ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति चंदौरा, १० जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति सोनगरा, १० जून अपरान्ह को पंचायत भवन खडगंवाकला, ११ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन करसी, ११ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति टुकुडाड, १२ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति दवनकरा, १२ जून अपरान्ह को पंचायत भवन मरहटा में आयोजित होना है। ओड़गी विकासखण्ड में दिनांक २९ मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति नवगई, २९ मई अपरान्ह को पंचायत भवन पासल, ३० मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति मोहरसोप, ३० मई अपरान्ह को पंचायत भवन छतरंग, ३१ मई पूर्वान्ह को पंचायत भवन भाड़ी, ३१ मई अपरान्ह को पंचायत भवन रैसरा, ०२ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन खोड, ०२ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति रामपुर, ०३ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन ओड़गी में आयोजित होना है।भैयाथान विकासखण्ड में दिनांक ०३ जून अपरान्ह को पंचायत भवन बैजनाथपुर, ०४ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन दरीर्पारा, ०४ जून अपरान्ह को पंचायत भवन झिलमिली, ०५ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन नवापारा, ०५ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति सोनपुर बंजा, ०६ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन बड़सरा, ०६ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति केवरा, ०७ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन मसिरा, ०७ जून अपरान्ह को पंचायत भवन कुसमुसी, ०९ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन धरतीपारा, ०९ जून अपरान्ह को प्राथमिक स्कूल आम बगीचा लक्ष्मीपुर, १० जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन चुनगढी, १० जून अपरान्ह को पंचायत भवन सुदामानगर, ११ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन तेलगवां, ११ जून अपरान्ह को पंचायत भवन केवटाली, १२ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति चन्द्रेमढा, १२ जून अपरान्ह को पंचायत भवन पोड़ी में आयोजित होना है।
प्रेमनगर विकासखण्ड में दिनांक २९ मई पूर्वान्ह को पंचायत भवन नवापाराकला, २९ मई अपरान्ह को पंचायत भवन भगवानपुर, ३० मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति बकिरमा, ३० मई अपरान्ह को पंचायत भवन महोरा, ३१ मई पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति कंचनपुर, ३१ मई अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति चंदनगर, ०२ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन कोतल, ०२ जून अपरान्ह को पंचायत भवन बकालो, ०३ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन दुगार्पुर, ०३ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति उमेश्वरपुर, ०४ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन तारा और ०४ जून अपरान्ह को पंचायत भवन पार्वतीपुर में आयोजित होना है रामानुजनगर विकासखण्ड में दिनांक ०५ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति रामानुजनगर, ०५ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति पलरापाली, ०६ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति छिन्दिया, ०६ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति गणेशपुर, ०७ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति उमापुर, ०७ जून अपरान्ह को पंचायत भवन तिवरागुडी, ०९ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन मदनेश्वरपुर, ०९ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति पोडी, १० जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति कृष्णपुर, १० जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति चंदरपुर, ११ जून पूर्वान्ह को आ.जा.से.सह. समिति देवनगर, ११ जून अपरान्ह को पंचायत भवन पस्ता, १२ जून पूर्वान्ह को पंचायत भवन लब्जी, १२ जून अपरान्ह को आ.जा.से.सह. समिति परशुरामपुर में आयोजित होना है।

## मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक

**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजनाज्ञ का संचालन निकट भविष्य में शुरू होने वाला है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता को सुलभ परिवहन सेवा उपलब्ध कराना है। जिले में इसके सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर एस.जयवर्धन की उपस्थिति में आज एनआईसी कक्ष में विडिओ कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सर्व एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर सुनील अग्रवाल, जिला परिवहन अधिकारी अनिल भगत, लोक निर्माण विभाग ललित बोई के कार्यपालन अभियंता व सर्व जनपद सीईओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को जनपद सीईओ के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर प्रस्तावित मार्ग, प्रस्थान स्थल, गंतव्य स्थल व ब्लॉक मुख्यालय में आवागमन करने वाले बस की वस्तुस्थिति के आधार पर कार्ययोजना व प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिस क्षेत्र में परिवहन सुविधा हेतु साधन उपलब्ध नहीं है, उन क्षेत्रों को चिन्हित करने की बात की और प्रस्तावित मार्ग को जिला परिवहन अधिकारी द्वारा क्रॉस वेरीफाई करवाने के निर्देश दिए। ताकि जिले के दूरस्थ अंचल के लोगों को भी सुलभ, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## महोरा एनीकट में डूबे दोनो बच्चों का 24 घण्टे बाद मिला शव,सदमे में परिजन



**सूरजपुर (अम्बिकावाणी समाचार)।** ग्राम नयनपुर स्थित महोरा एनीकट में डूबे दोनो बच्चों का शव करीब २४ घण्टे बाद मिल सका है।शव मिलते ही शोक का माहौल निर्मित हो गया है।ज्ञात हो कि बुधवार को नगर के भट्टापारा के कुछ लड़के एनीकट में नहाने गए थे।इसी दौरान किशोर व अविनाश नाम के लड़के गहरे पानी मे चले गए।काफी देर तक पता न चलने पर परिजनों को सूचना दी गई।जिसके बाद बुधवार को रेस्क्यू टीम जिसमे सूरजपुर व कोरिया की डीडीआरएफ के गोताखोर शामिल थे।२४ घण्टे से अधिक के मशक्कत के बाद गुरुवार को दोपहर में दोनो बच्चों का शव बरामद किया जा सका है।इस घटना से नगर में शोक का माहौल है।परिजन भारी सदमे में है।महोरा एनीकट में इसके पहले भी ऐसा हादसा हो चुका है।लेकिन बावजूद इसके सुरक्षा के एहतियातन उपाय नही किये जाने को लेकर लोगो मे खासा रोष है।इन शवो को बरामद करने में डी डी आर एफ टीम सूरजपुर के द्वारा जिला सेनानी संजय गुप्ता सर के मार्गदर्शन में टीम प्रभारी बीरबल गुप्ता ,बृज बिहारी, कृष्ण सिंह, धंनसाय , नेमसाय ,तुलेश्वर, शिव प्रताप मार्को, देवनारायण, शिवनारायण, विदेश ,त्रिनेत्र सिंह आदि सक्रिय रहे।